

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 बाला साहेब के निधन के बाद...

रोहित शर्मा के सवाल पर अजीत अगरकर ने ... 11

वर्ष : 16 ■ अंक : 151 ■ नई दिल्ली, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00

www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 26.0°C
न्यूनतम तापमान 24.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,20,245 |
| चांदी | 1,53,000 |
| सेंसेक्स | 81,207 |
| निफ्टी | 24,894 |

## संक्षिप्त खबरें

### चक्रवात 'शक्ति' गुजरात तट के पास अरब सागर में आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली। अरब सागर में मानसून के बाद के मौसम का पहला चक्रवाती तूफान 'शक्ति' समुद्र में हलचल मचा रहा है। इसकी गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा है जिसके चलते तेज हवाएं चल रही हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात 'शक्ति' अब एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो चुका है, अरब सागर में यह और आगे बढ़ रहा है तथा गुजरात में द्वारका से लगभग 420 किलोमीटर दूर केंद्रित है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इसके पश्चिम-दक्षिणपश्चिम की ओर बढ़ने तथा रविवार तक उत्तरपश्चिम और समीपवर्ती पश्चिम-मध्य अरब सागर तक पहुंचने की संभावना है। साथ ही, यह भी कहा कि शक्ति सोमवार सुबह से पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ेगा तथा धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगा।

### भ्रष्टाचार से तंग आकर देश से भाग रहीं हैं कंपनियां : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि रिश्वत देते-देते परेशान हो चुकी बड़ी कंपनियां देश में कारोबार बंद करने पर विवश हो रही हैं। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को एक खबर का हवाला देते हुए कहा है कि एक लॉजेस्टिक कंपनी ने कस्टम अधिकारियों को रिश्वत देने से परेशान होकर भारत में अपना कारोबार बंद करने का ऐलान किया है। कंपनी ने एक खबर का वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें कंपनी का सीईओ यह आरोप लगा रहा है1 बताया जा रहा है कि कंपनी के इस ऐलान को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्रालय ने इस बारे में जांच भी बिठा दी है।

### लंबी बीमारी के बाद वरिष्ठ किसान नेता रामेश्वर डूडी का निधन

जयपुर। किसानों और मजदूरों की आवाज माने जाने वाले वरिष्ठ नेता और जननायक रामेश्वर डूडी का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। डूडी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने उन्हें किसानों का सच्चा रहनुमा और समाज का सजग प्रहरी बताया। राजस्थान ने एक सच्चा सपूत खो दिया है। राजनीति और जनआंदोलनों की यह क्षति लंबे समय तक अपूरणीय बनी रहेगी। रामेश्वर डूडी ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत छात्र राजनीति से की थी। एनएसयूआई के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने राजनीतिक सफर शुरू किया और आगे चलकर कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। किसानों, मजदूरों और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई में वे हमेशा अग्रणी रहे।

# बिहार के युवाओं के भविष्य की गारंटी देने वाली योजनाएं हुई शुरू : मोदी

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बिहार के युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है जो उनके भविष्य की गारंटी है। श्री मोदी ने शिक्षा एवं कौशल से जुड़ी 62000 करोड़ की योजनाओं का शनिवार को शुभारंभ करने के बाद कहा कि समारोह इस बात का प्रतीक है कि भारत आज कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। आज देशभर के नौजवानों को शिक्षा और कौशल विकास की दो बड़ी योजनाएं शुरू हुई हैं। जब तक हम श्रम को प्रतिष्ठा नहीं देंगे तब तक शायद वह पाना आप को कम महसूस होगा इसलिए हम श्रमयेव जयते और श्रमेव पूज्यते कहते है। उसी भाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं ताकि आईटीआई के शिक्षार्थियों में विशास पैदा हो। कौशल का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान हो। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं को कई योजनाएं शुरू हुई है। यहाँ जो योजनाएं शुरू हुई वह नौजवानों के बेहतर भविष्य की गारंटी है। बिहार के युवाओं के सशक्तिकरण का मेगा योजना है। भारत ज्ञान और कौशल का देश है यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इससे देश के जरूरतों से जुड़ने से ताकत और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि 'लोकल प्रतिभा, लोकल कौशल' को तेजी से आगे बढ़ाने में आईटीआई की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी आईटीआई आत्मनिर्भर भारत के वर्कशॉप है इसलिए हमारा फोकस इनकी संख्या बढ़ाने के साथ इनको अपग्रेड करने की है। बीते एक दशक में पाँच हजार आईटीआई बनाई गई। आजादी के बाद सिर्फ दस हजार आईटीआई बने जबकि हमारे कार्यकाल में पाँच हजार नए आईटीआई बनाए। उन्होंने कहा कि पीएम सेतु के माध्यम में आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। भविष्य की माँग के हिसाब से अपग्रेड होगा।

उन्होंने कहा कि हमारे नौजवानों के लिए दुनिया में नए अवसर बन रहे हैं। बिहार में दो ढाई दशक पहले शिक्षा व्यवस्था किस तरह तबाह थे और मजबूरी में बच्चों को बिहार को छोड़कर बाहर जाना पड़ता था। यही से पलायन की शुरूआत हुई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाए। राजद की सरकार ने बिहार का किया हाल कर दिया था। उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम एक स्किल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर को जननायक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाली आर्मी ने नहीं बनाया, उन्हें जनता ने बनाया। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ लोग जननायक टाइटल को भी चोरी करने में लगे हैं, बिहार के लोगों को चौकन्ना रहने की जरूरत है। यह विश्विद्यालय उनकी सोच को आगे बढ़ाने का कम करेगा। बिहार की डबल इंजन की सरकार बिहार के हर क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। राजद कांग्रेस की सरकार की तुलना में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है। बीते दो दशक में बिहार सरकार ने 50 लाख युवकों को रोजगार से जोड़ा है। बिहार सरकार आने वाले पाँच साल में एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि इस समय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उत्सव चल रहा है। बिहार के युवाओं को उनकी ज्यादातर जरूरतों पर जीएसटी कम होने की बधाई देता हूँ। आज भारत तीन बड़ी अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ रहा है। विनिर्माण के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जिससे युवाओं को रोजगार मिल रहा है। यह समय देश के युवा के लिए अवसरों से भरा पड़ा है। युवाओं की शक्ति विकसित भारत की शक्ति बनेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने आईटीआई टॉपर्स को किया सम्मानित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले केंद्र सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित करने की परंपरा शुरू की थी। आज, हम इस गौरवशाली परंपरा का एक और अध्याय देख रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि भारत अब कौशल विकास को कितना महत्व देता है। आज देश भर के युवाओं के लिए दो और बड़ी शिक्षा एवं कौशल विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह के पीछे का विचार यही था कि जब तक हम श्रम को प्रतिष्ठा नहीं देंगे, हुनर के लिए जो लोग काम करते हैं, जिनमें सामर्थ्य है, उनका सार्वजनिक जीवन में सम्मान नहीं होगा तो शायद वो अपने आप को कम महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है।

## चुनाव आयोग बी-टीम की तरह काम कर भाजपा को फायदा पहुंचा रहा : कांग्रेस

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बेवजह की कवायद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग ने यह पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया है और आरोप लगाया है कि इस अभियान का मकसद सिर्फ भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी फायदा पहुंचाना है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा 'चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा तथा उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है।'

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि चुनाव आयोग को उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है। भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहा चुनाव आयोग पूरी तरह से अनैतिक काम करने पर उतर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है। अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं। सवाल यह भी है कि क्या आयोग पहले की तरह इन सवालों पर भी चुप्पी साधे रहेगा। चिंता की बात यह है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम कटने की संख्या पिछले चुनावों में जीत के अंतर से अधिक है।

कांग्रेस नेता ने आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुए कहा 'हमने पहले दिन से कहा है कि भारत का चुनाव आयोग पूरे देश का है और उसे सत्ताधारी दल की कठपुतली की तरह नहीं दिखना चाहिए। वर्तमान चुनाव आयोग की लचर कार्यप्रणाली और राजनीतिक झुकाव वाली नीतियों से भारत के लोकतंत्र और हमारी अंतरराष्ट्रीय छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हम एक बार फिर दोहरा रहे हैं कि चुनाव आयोग को जल्दबाजी में भाजपा को मदद करने के लिए शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने की बजाय निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिए।'

## गाजा में शांति के लिए भारत करेगा अमेरिका का सहयोग

■ भारत न्यायसंगत शांति की दिशा में सभी प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता रहेगा

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा में शांति वाले प्रस्ताव की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर तारीफ की और कहा कि इसके लिए भारत हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि गाजा में शांति प्रक्रिया निर्णायक दौर में है और बंधकों की रिहाई के संकेत एक महत्वपूर्ण कदम हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय गाजा में संघर्ष विराम और मानवीय राहत को लेकर सक्रिय है। भारत लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि इजरायल-फिलिस्तीन विवाद का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण वार्ता के जरिए ही संभव है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'हम गाजा में शांति प्रयासों में निर्णायक प्रगति के बीच राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करते हैं। बंधकों की रिहाई के संकेत एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत टिकाऊ और न्यायसंगत शांति की दिशा में सभी प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता रहेगा। इससे पहले भी पीएम मोदी ने इस पहल के लिए ट्रंप की सराहना की थी। उन्होंने कहा था, हम गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक योजना का स्वागत करते हैं। यह फलस्तीनी और इजराइली लोगों के साथ-साथ पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल पर एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।

**ट्रंप ने रविवार तक का दिया है अल्टीमेटमः** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त लहजे में कहा है कि अगर हमास गाजा पट्टी के लिए प्रस्तावित शांति समझौते पर रविवार शाम छह बजे तक सहमत नहीं होता है, तो चरमपंथी समूह को और अधिक हमलों का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हमास के साथ रविवार शाम छह बजे (वाशिंगटन डीसी के समयानुसार) तक समझौता हो जाना चाहिए।

**हमास पर टूटेगा कहरः** ट्रंप ने लिखा, हर देश ने इस पर दस्तखत कर दिए हैं! अगर समझौते के इस अंतिम मौके में सफलता नहीं मिलती है, तो हमास पर ऐसा कहर टूटेगा, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पश्चिम एशिया में किसी न किसी तरह से शांति कायम की जाएगी। ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरूआत में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत के बाद गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए एक योजना पेश की थी।

### बिहार विस चुनावः महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर दुविधा

पटना। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तरह, महागठबंधन (इंडिया अलायंस) भी बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर दुविधा का सामना कर रहा है। खबरों के अनुसार, राजद 150 सीटों पर चुनाव लड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिससे बिहार की 243 सीटों में से महागठबंधन के पास केवल 93 सीटें ही बचेंगी। अब दो वामपंथी दलों- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीएम)- ने मांग की है कि उन्हें 35 सीटें आवंटित की जानी चाहिए।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत 6.5 करोड़ महिलाओं की जांच की गईः नड्डा

प्रात : किरण, एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत देश भर में लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में 6.5 करोड़ महिलाओं की जांच की गई है। नड्डा ने इसे एक 'ऐतिहासिक उपलब्धि' बताते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को दशार्ता है। नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 17 सितंबर को शुरू किया गया दो सप्ताह का स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान दो अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस दौरान देश भर में आयोजित लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में 6 करोड़ 50 लाख महिलाओं की जांच की गई।'' उन्होंने कहा, ''यह असाधारण उपलब्धि महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखने के राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को दशार्ती है।''

### 'विदेशी दबाव में पाक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की' : संबित पात्रा

नई दिल्ली। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने साल 2008 के मुंबई हमले के बाद विदेशी दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। भुवनेश्वर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि 2014 से पहले भी भारतीय सशस्त्र बल पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह से सक्षम थे, लेकिन देश के नेतृत्व में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी।

## देश में जहाज निर्माण के लिए 24,736 करोड़ के प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। देश में जहाज निर्माण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस स्कीम (एसबीएफएएस) और नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन (एनएसबीएम) के तहत 24,736 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने अपने एक्स अकाउंट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, यह वित्तीय सहायता पैकेज वित्त वर्ष 2026 से 2036 तक के लिए लागू होगा और इसका उद्देश्य देश में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है। इस पैकेज मं6 से 20,554 करोड़ रुपये जहाज निर्माण सहायता के लिए, 4,001 करोड़ रुपये जहाज तोड़ने के लिए क्रेडिट नोट्स के रूप में और 181 करोड़ रुपये नेशनल शिपबिल्डिंग मिशन के संचालन के लिए आवंटित किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से करीब 96 हजार करोड़ रुपये के जहाज निर्माण को प्रेरित करना है। साथ ही, भारत के मौजूदा जहाज तोड़ने और पुनर्चक्रण पारिस्थितिकी तंत्र का उपयोग कर सर्कुलर इकोनॉमी को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

## डोभाल ने ब्राजील के राजदूत से की मुलाकात बहुपक्षीय मंचों में सहयोग पर की चर्चा

■ दोनों देश अमेरिकी टैरिफ को कम करने के तलाश रहे नए व्यापारिक रास्ते

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में छठे भारत-ब्राजील रणनीतिक संवाद के लिए राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा के विशेष सलाहकार और राजदूत सेल्सो लुइस नून्स अमोरिम से मुलाकात की। दोनों देश अमेरिकी टैरिफ को कम करने के लिए नए व्यापारिक रास्ते तलाश रहे हैं। इस मुलाकात में राजदूत अमोरिम के साथ ब्राजील के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और सलाहकारों का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। विदेश मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक यह मुलाकात जुलाई 2025 में भारत के पीएम मोदी की ब्राजील की राजकीय यात्रा के दौरान सहयोग के पांच स्तंभों के अंतर्गत चिन्हित मुद्दों पर आगे की बातचीत का एक अवसर था। एनएसए डोभाल और राजदूत अमोरिम ने रणनीतिक साझेदारी वाले मुद्दों पर चल रही प्रगति की समीक्षा की, जिसमें रक्षा और सुरक्षा; ऊर्जा, दुर्लभ मृदा और महत्वपूर्ण खनिज और स्वास्थ्य-औषधि जैसे अलग-अलग क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने ब्रिक्स आईबीएसए और नवंबर में ब्राजील की ओर से आयोजित होने वाले आगामी कॉप-30 जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा तय दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने के लिए कार्य को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। बता दें, भारत और ब्राजील के बीच घनिष्ठ और बहुआयामी संबंध हैं, जिन्हें 2006 में रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया।

## दिल्ली सरकार 1,000 इमारतों पर सौर पैनल लगाकर 55 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करेगी

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने लगभग 1,000 इमारतों पर सौर पैनल स्थापित करने की योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य 55 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आने वाले महीनों में सैकड़ों स्कूलों, 40 से अधिक फायर स्टेशनों, दिल्ली जल बोर्ड के 24 कार्यालयों और दिल्ली नगर निगम की 70 से अधिक इमारतों पर ये सौर पैनल लगाए जाएंगे।

अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से बिजली बिलों में सालाना 50 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में 46,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड की कमी आएगी। दिल्ली सरकार ने 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली अपनी इमारतों की छत पर सोलर पैनल लगाना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी 3,880 चिन्हित सरकारी इमारतों में से 1,200 से अधिक पर पहले ही सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

पिछले महीने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रिठाला में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1,000 सरकारी इमारतों की छत पर सोलर पैनल लगाकर 55 मेगावॉट बिजली के उत्पादन से जुड़ी परियोजना की शुरूआत की।

रिठाला में 'सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट' में 25 किलोवॉट के सौर संयंत्र का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा, 'यह काम अगले साल जनवरी तक पूरा हो जाएगा। सरकारी इमारतों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का काम आने वाले दिनों में शुरू हो जाएगा।'

**निर्णय** दिल्ली की भाजपा सरकार ने इस बंगले को एक राजकीय अतिथि गृह में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है

## 'शीश महल' अब बनेगा सरकारी अतिथि गृह, आम जनता के लिए खुलेगा कैफेटेरिया

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित विवादास्पद सरकारी आवास, जिसे 'शीश महल' के नाम से जाना जाता है, अब एक नए स्वरूप में नजर आएगा। दिल्ली की भाजपा सरकार ने इस बंगले को एक राजकीय अतिथि गृह (स्टेट गेस्ट हाउस) में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इस अतिथि गृह में आम जनता के लिए एक फूड आउटलेट (भोजनालय) भी खोला जाएगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइंस स्थित इस बंगले को एक सार्वजनिक सुविधा केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव लगभग अंतिम चरण में है। योजना के अनुसार, परिसर में एक कैफेटेरिया स्थापित किया जाएगा, जहाँ अन्य राज्यों के भवनों की तरह पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे और यह सुविधा आम लोगों के लिए उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सरकार बंगला नंबर 6 को राजकीय अतिथि गृह में बदलने के निर्णय के करीब है। इसका उपयोग अन्य राज्यों के अतिथि गृहों की भांति ही किया जाएगा, जहाँ बैठकें आयोजित हो सकेंगी और प्रशिक्षण कार्यशालाओं के लिए आने वाले अधिकारी व मंत्री भुगतान के आधार पर ठहर सकेंगे।₹ इस प्रस्ताव के तहत परिसर में पार्किंग स्थल, प्रतीक्षा कक्ष और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा। हालांकि, इस योजना को अभी उच्च अधिकारियों से अंतिम मंजूरी मिलनी शेष है। फिलहाल, इस बंगले के रखरखाव के लिए लगभग 10 कर्मचारियों की एक टीम तैनात है, जो नियमित रूप से साफ-सफाई और विद्युत उपकरणों का संचालन सुनिश्चित करती है। गौरतलब है कि यह बंगला अपने नवीनीकरण में हुए कथित अत्यधिक खर्च और अनियमितताओं को लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों के केंद्र में रहा है।

# भारत का पहला कंजरवेशन रिजर्व विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार, देहरादून से महज 38 किमी दूर

**विकासनगर, एजेंसी।** यमुना और आसन नदियों के संगम पर स्थित देश के पहले कंजरवेशन रिजर्व एवं उत्तराखंड की पहली रामसर साइट आसन वेटलैंड में दुर्लभ विदेशी पक्षियों के स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है। इनके प्रवास के लिए चकराता वन प्रभाग ने वेटलैंड में झाड़ियों की कटाई-छंटाई करा दी है।

वर्तमान में बर्ड वाच टावर की साफ-सफाई कराई जा रही है। मड टापू भी ठीक कराए जा रहे हैं। मड टापू से प्रवासी परिंदों के लिए अनुकूल वातावरण बनता है और पक्षी प्रेमियों को परिंदों के दीदार व उन्हें कैमरे में कैद करने में सहूलियत होती है।




देहरादून शहर से 38 किमी दूर विकासनगर स्थित आसन वेटलैंड में हर वर्ष अक्टूबर के पहले सप्ताह में साइबेरिया जैसे ठंडे देशों से प्रवासी परिंदों का आगमन शुरू होता है। ये परिंदे मार्च तक यहां रहते हैं और गर्मी की दस्तक के साथ ही अपने मूल स्थान को लौटने लगते हैं।इन छह महीनों में आसन वेटलैंड रंग-विरंगे पक्षियों के मधुर कलरव से गुलजार रहता है। प्रतिदिन पक्षी प्रेमियों के साथ पक्षियों के पर्यावास व जीवनशैली से रूबरू होने के लिए विज्ञानियों का जमावड़ा भी यहां लगा रहता है। देशी-विदेशी परिंदों को एक साथ देखना काफी आकर्षक होता है।पक्षी विशेषज्ञ एवं आसन रेंज के वन दारोगा प्रदीप सक्सेना के अनुसार, यहां सबसे पहले प्रवास पर रुडी शेलडक (सुर्खाब) आते हैं, जो सोने से दमकते पंखों के कारण पक्षी प्रेमियों व पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। प्रवासी परिंदों के आगमन को देखते हुए चकराता वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी वैभव कुमार सिंह वेटलैंड का दौरा कर चुके हैं। उनके निर्देश पर यहां उगी झाड़ियां साफ करा दी गई हैं। पुराने मड टापू ठीक कराए जा रहे हैं।

**2005 में हुई थी स्थापना**–444.40 हेक्टेयर में फैले आसन वेटलैंड की स्थापना वर्ष 2005 में की गई। इस कंजरवेशन रिजर्व के अंदर पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए सीमांकित मार्ग हैं। यहां ईको-हट्स भी हैं। आसन के जलाशय में वर्षभर पानी मौजूद रहता है। यहां का सुंदर वातावरण, खूबसूरत वनस्पतियां व पक्षी मन मोह लेते हैं। विदेशी परिंदों का आगमन गढ़वाल मंडल विकास निगम के साथ आसन वेटलैंड की आय भी बढ़ा रहा है।

**ये परिंदे आते हैं प्रवास पर**–आसन वेटलैंड में वूली नेक्टड, पेंटेड स्टार्क, रुडी शेलडक, रेड कैप्ट आइबीज, पलास फिश ईगल, ग्रेट क्रेस्टेड ग्रेब, ग्रे लेग गूज, गैडवाल, इरोशियन विजन, मैलार्ड, कामन पोचार्ड, टफ्ड डक, पर्पल स्वेप हेन, कामन मोरहेन, कामन कूट, ब्लैक विंग्ड स्किल्ड, रीवर लोपविंग, ब्लैक हेडेड गल, इरोशियन मार्क हेरियर, लिटिल ग्रेब, डारटर, लिटिल कोरमोरेंट, लिटिल ईग्रेट, ग्रेट ईग्रेट, ग्रे हेरोन, पर्पल हेरोन, कामन किंगफिशर, व्हाइट थ्रोटेड किंगफिशर, पाइज्ड किंगफिशर आदि प्रजाति के परिंदे प्रवास पर रहते हैं।

**60 वर्ष से आ रहा पलाश फिश ईगल**– पिछले 60 वर्ष से पलास फिश ईगल का जोड़ा यहां हर सर्दी में अपना घोंसला बनाता आ रहा है। यह पक्षी सेमल के पेड़ पर आशियाना बनाकर रहता है। मानवीय दखल बिल्कुल पसंद नहीं होने के कारण यह पेड़ के सबसे ऊंचे हिस्से में आशियाना बनाकर प्रवास की अवधि गुजारता है।

इसकी मछली पकड़ने की कला काफी आकर्षक होती है। वन दारोगा प्रदीप सक्सेना बताते हैं कि सफेद सिर व पूंछ पर सफेद पट्टी होने के कारण आसानी से पहचाने जाने वाले पलाश फिश ईगल को देखने के लिए हर वर्ष पक्षी प्रेमी बड़ी तादाद में यहां आते हैं।

## जालली बाजार में संघर्ष समिति का धरना शुरू



**द्वाराहाट, एजेंसी।** क्षेत्रीय संघर्ष समिति जालली उपमंडल क्षेत्र की समस्याओं को लेकर संघर्ष समिति का जालली बाजार में धरने के साथ आंदोलन शुरू हो गया है। समिति ने समस्याओं का समाधान न होने पर कड़ा आक्रोश जताते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलन को उक्रांद ने भी समर्थन दिया है। शुक्रवार को क्षेत्रीय संघर्ष समिति जालली उपमंडल क्षेत्र की 14 सूत्री मांगों के पूरा न होने पर आंदोलन शुरू किया गया। उनका कहना है कि मांगों को पूरा करने के लिए समिति ने सांसद, विधायक, डीएम, एसडीएम को ज्ञापन भेजा था। इसके बाद भी उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने जालली-नागार्जुन मोटर मार्ग, ईडा-बिरोली मोटर मार्ग निर्माण, ईड़ा-सेल्टा-चौधार मोटर मार्ग डामरीकरण ,जालली के गिरखेत से भेटी-कामा मार्ग पर डामरीकरण, बाबन-गनोली मार्ग के अवशेष में डामरीकरण, बाबन-बिल्लाड में डामरीकरण, जालली उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने, डहल-जालली-भटकोट पेयजल योजना का पुनर्गठन करने, ऊर्जा निगम से लाइनों का सुधारीकरण और लॉपिंग करने, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र जालली का उच्चीकरण करने, पशु चिकित्सालय जालली व सगनेटी में डाक्टरों की नियुक्ति करने की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की थी। मांगों को पूरा करने के लिए दो अक्तूबर तक का समय दिया था। इसके बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं हो पाई। धरने में वरिष्ठ व्यवसायी अंबा दत्त शर्मा, संघर्ष समिति अध्यक्ष एवं ईड़ा के पूर्व प्रधान मनोज रावत, कांडे के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह नेगी बैठे।

## राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने की शिरकत, कई जरुरी सुझाव दिये

**देहरादून, एजेंसी।** साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने में देश की आधी आबादी अपनी सशक्त भूमिका निभा सकती है. इसको लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने राज्यों के मंत्रियों के साथ शुक्रवार को बैठक की. बैठक के दौरान उत्तराखंड सरकार ने केंद्र सरकार के समक्ष एक व्यापक रोड मैप प्रस्तुत किया. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के साथ वर्चुअल बैठक में प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने 20 से ज्यादा सुझाव दिये.




बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि स्थानीय निकायों को मिलने वाले बजट में से 10 फीसदी हिस्सा महिला और शिशु विकास के लिए आरक्षित किया जाए. उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण के लिए तकनीकी कौशल युक्त वर्कफोर्स तैयार करने की बात कही. कार्मिकों की अर्हता में भी तकनीकी स्किल शामिल करने की जरुरत की बात भी कही गई. विभाग की कार्यप्रणाली में आमूल चूल बदलाव की जरूरत है. साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका को भी पूरी तरह डिजिटलाइज करते हुए और ज्यादा कारगर बनाना जरूरी है.

उन्होंने महिला सशक्तिकरण और बाल विकास के कार्य में यूरोप की तरह ही महिला कार्यबल की हिस्सेदारी को 50 फीसदी तक बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया. आंगनबाड़ी केंद्रों को डे- बोर्डिंग स्कूल के रूप में संचालित किया जाना चाहिए. गर्भवती महिलाओं की देखभाल और 6 वर्ष की आयु तक शिशुओं के पोषण और शिक्षण के कार्य को हल्के में ना लेते हुए, इस क्षेत्र में नियमित रूप से रिसर्च और सोशल ऑडिट करना समय की जरूरत है.रेखा आर्य ने किशोरी बालिका परियोजना का विस्तार सभी जिलों में करने और इसमें स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोर देने की जरूरत बताई. साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की ग्रेडिंग का सिस्टम डेवलप करने की भी मांग की. बैठक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उत्तराखंड सरकार की ओर से दिए गए सुझावों की सराहना की साथ ही इन्हें लागू करने का भरोसा दिलाया. बैठक में करीब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री शामिल हुए.

## करोड़ों की लागत से बना एथलेटिक ट्रैक उखाड़ा, फिर से बनेगा, 2.32 करोड़ से होगा तैयार; प्रस्ताव भेजा

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में नया एथलेटिक्स ट्रैक बनाने का कार्य डेढ़ साल में तीसरी बार बाधित हुआ है, जिसके चलते अब पहले से बने क्षतिग्रस्त ट्रैक को हटाकर उसे दोबारा नया बनाया जा रहा है।



रुद्रपुर मनोज सरकार स्टेडियम में एथलिटों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एथलेटिक्स ट्रैक बनाया जा रहा है। ट्रैक का निर्माण डेढ़ साल के भीतर तीन बार बाधित हुआ है। तीसरी बार केवल बाधित ही नहीं बल्कि क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके चलते बनाए गए ट्रैक को उखाड़ा जा रहा है। इसे फिर से तैयार किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब 15 करोड़ की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक और फुटबॉल ग्राउंड की स्वीकृति मिली थी। इसमें एक वर्ष के भीतर एथलेटिक्स ट्रैक को तैयार करना था। बीते मार्च तक इसे तैयार कर स्टेडियम को सौंप देना था। इससे पूर्व जब ट्रैक की शुरुआत हुई तो राज्य ओलंपिक खेल शुरू हो गए थे। इसके चलते इसके निर्माण पर ब्रेक लग गया था।

इसके बाद राष्ट्रीय खेल और अब जुलाई महीने में निवेश उत्सव इसमें बाधक बना। निवेश उत्सव में बड़ी-बड़ी गाड़ियों के स्टेडियम में आने-जाने के चलते ट्रैक पूरी तरह से धंस गया। इसके बाद बारिश का पानी ट्रैक पर जमा होने से और खराब हो गया। इसी के चलते निर्माण इकाई पेयजल निर्माण विंग देहरादून ने 2.32 करोड़ रुपये का क्षतिपूर्ति प्रस्ताव बनाकर सिडकुल को भेजा है। हालांकि अभी तक धनराशि तो नहीं मिली पर इकाई ने ट्रैक को उखाड़ने का काम शुरू कर दिया है।

एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक पर दो चरण का काम हो चुका था। एक चरण का काम शेष था। इस ट्रैक को निर्माण इकाई को मार्च में ही हैंडओवर करना था पर एक चरण का काम पूरा हो इसके पहले ही ट्रैक जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया। अब नए सिरे से ट्रैक बनाया जाएगा।

## रोडवेज के दो परिचालक अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित

**काशीपुर, एजेंसी।** परिवहन निगम ने इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं व अनुशासनहीनता के आरोप में रोडवेज डिपो के दो परिचालकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निगम के सहायक महाप्रबंधक राजेन्द्र कुमार ने मंगलवार को दो परिचालक के खिलाफ निलंबन आदेश जारी किया। इसमें कहा कि नियमित परिचालक जितेन्द्र सिंह और मुबीन को सेवा आचरण संहिता एवं निगम सेवा विनियमावली का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया है। बताया कि दोनों परिचालक अवकाश पर रहने के बावजूद डिपो परिसर में पहुंचकर इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित कर रहे थे।

## क्वारब से सिर्फ दो घंटे गुजर सकेंगे भारी वाहन, लंबी राहत का इंतजार ; ट्रांसपोर्टरों ने की ये मांग



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार से भारी मालवाहक वाहनों के लिए सुबह दो घंटे खुल गया है मगर मालवाहक वाहनों को सिर्फ दो घंटे की मोहलत मिलने से राहत नहीं मिली है। वाहन 47 किमी फेरा लगाकर वाया रानीखेत और शहरफाटक के रास्ते आवाजाही कर रहे हैं।पहाड़ के तीन जिलों की लाइफ लाइन अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार से भारी मालवाहक वाहनों के लिए सुबह दो घंटे खुल गया है मगर मालवाहक वाहनों को सिर्फ दो घंटे की मोहलत मिलने से राहत नहीं मिली है। वाहन 47 किमी फेरा लगाकर वाया रानीखेत और शहरफाटक के रास्ते आवाजाही कर रहे हैं। क्वारब पर मालवाहक वाहनों को आवागमन के लिए मंगलवार सुबह छह बजे से आठ बजे तक केवल दो घंटे की अनुमति दी गई। निर्धारित समयावधि के बाद भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहा। इस कारण माल वाहक वाहन 47 किमी की अतिरिक्त दूरी तय कर वाया रानीखेत और शहरफाटक के रास्ते संचालित हुए।

## उत्तराखंड बोर्ड ने घोषित किया अंक सुधार परीक्षा का परिणाम

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष 2025 की प्रथम तथा वर्ष 2024 की तृतीय परीक्षाफल सुधार परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिये हैं. इस बार हाईस्कूल में 81.38 फीसदी और इंटरमीडिएट में 76.27 फीसदी परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की है.




रिजल्ट में दिखा सुधार- बोर्ड की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 की मुख्य परीक्षा में अंक सुधार परीक्षा के परिणाम जुड़ने के बाद हाईस्कूल का कुल परीक्षाफल 90.77 फीसदी से बढ़कर 95.17 फीसदी हो गया है. वहीं इंटरमीडिएट का रिजल्ट 83.23 फीसदी से उछलकर 89.53 फीसदी तक पहुंच गया है. हाईस्कूल में कुल 6657 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था. इंटरमीडिएट में 9154 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी.

बता दे बोर्ड ने अंक सुधार परीक्षा का आयोजन 4 से 11 अगस्त तक राज्यभर के 97 परीक्षा केंद्रों पर करवाया था. इसमें मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण दोनों तरह के छात्र-छात्राएं शामिल हुए.उत्तराखंड बोर्ड की अंक सुधार परीक्षा का रिजल्ट देरी से घोषित किया गया है. पंचायत चुनाव, आपदा के बाद राजकीय शिक्षक संघ कार्य बहिष्कार के कारण इसमें देरी हुई है. अब रिजल्ट जारी होने पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने खुशी जाहिर की है.

2024 की तृतीय परीक्षा- शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने बताया वर्ष 2024 की तृतीय अंक सुधार परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया है. इसमें हाईस्कूल का रिजल्ट 65.79 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 60.48 प्रतिशत रहा. यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आखिरी अवसर था जिन्हें मुख्य परीक्षा में सफलता नहीं मिल सकी थी. धन सिंह रावत ने कहा उत्तराखंड बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं में असफल रहने वाले छात्रों को पास होने के लिए तीन मौके दिए जाते हैं. वर्ष 2025 के छात्रों के लिए यह पहला अवसर था जबकि 2024 के छात्रों के लिए यह अंतिम मौका था. धन सिंह रावत ने कहा बोर्ड परीक्षाओं के कुल परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

### डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के जोशी अध्यक्ष, सनवाल बने सचिव

**बागेश्वर, एजेंसी।** डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के अधिवेशन में जिला इकाई का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए सीधी टक्कर में एनके जोशी ने बाजी मारी। विपिन सनवाल को निर्विरोध सचिव चुना गया।शुक्रवार को नगर के एक बैंक्वेट हॉल में महासंघ के प्रांतीय संगठन मंत्री हरीश बसेड़ा की देख रेख में जिला कार्यकारिणी के चुनाव कराए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में 48 अभियंताओं ने मतदान किया। जोशी को 28 जबकि प्रतिद्वंदी राजेंद्र अधिकारी को 20 मत मिले। विजेता पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने संगठन की मजबूती और कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए कार्य करने की बात कही। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश डंगवाल, सचिव दीपक मटियानी, ललित कुमार, देवेंद्र कुमार, ललित कोरंगा, ममता बिष्ट, ज्योति काण्डपाल, सीपी कर्नाटक, गौरव पांडेय, किशोर पंत, विकास सिंह ,दीपक उप्रेती, दिव्या वर्मा, नेहा सिंह, दीपिका आदि मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ की बस समय से नहीं हुई दुरुस्त, यात्रियों ने किया हंगामा

**कोटद्वार, एजेंसी।** रोडवेज डिपो की लचर तकनीकी सेवाओं का खामियाजा 30 से अधिक यात्रियों को भुगतना पड़ा। दरअसल, चंडीगढ़ रूट पर जाने वाली रोडवेज बस की निर्धारित समय पर मेंटेनेंस नहीं होने के कारण यात्रियों को एक घंटे तक भटकना पड़ा। यात्रियों के गुस्से को देखते हुए डिपो प्रशासन को चंडीगढ़ के लिए दूसरी बस की व्यवस्था जुटानी पड़ी।

बुधवार पूर्वाह्न 11-30 बजे कोटद्वार से चंडीगढ़ के लिए बस रवाना होनी थी। यात्री 11 बजे से ही डिपो पर पहुंचना शुरू हो गए थे। सीट आरक्षित करने के लिए उन्होंने डिपो पर मौजूद बस के परिचालक से टिकट भी बनवाना शुरू कर दिए थे। 11-30 बजे तक तक तो यात्री शांत रहे, लेकिन इसके बाद काफी देर तक बस नहीं आने पर शोरशराबा शुरू कर दिया। उन्होंने जिस परिचालक से टिकट बनवाए, उनका घेराव कर खरी-खोटी सुनानी शुरू कर दी। परिचालक ने इसकी जानकारी डिपो प्रशासन को दी।

एआरएम अनुराग पुरोहित ने कार्यशाला पर संपर्क किया, तो पता चला कि चंडीगढ़ जाने वाली बस फिट नहीं हो सकी है। उसके मेंटेनेंस में समय लग रहा है। तकनीकी कर्मचारियों को अतिरिक्त समय देने के बाद भी जब बस फिट नहीं हुई तो यात्रियों के बढ़ते गुस्से को देखते हुए डिपो प्रशासन को चंडीगढ़ के लिए दूसरी बस की व्यवस्था जुटानी पड़ी। बस करीब एक घंटा विलंब से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई।

परेशान यात्रियों का कहना था कि कोटद्वार की ज्यादातर रोडवेज बसों की हालत खराब हैं। त्योहार और शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। अब बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। इससे रोडवेज डिपो की बसों को फिट नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने निगम के उच्च अधिकारियों से संसाधन बढ़ाने और बसों को फिट रखने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### माता रानी से मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद

**श्रीनगर/देवप्रयाग, एजेंसी।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। नगर के आसपास के क्षेत्रों में गौरा देवी व राजराजेश्वरी मंदिर देवलगढ़, धारी देवी मंदिर कलियासौड़, राजराजेश्वरी मंदिर रानीहाट आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन कर माता रानी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। साथ ही जौ की हरियाली और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं सिद्ध पीठ चंद्रबदनी मे हरियाली वितरण व हवन के साथ शारदीय नवरात्र का समापन हुआ। सिद्धपीठ चंद्रबदनी मे मुख्य पुजारी पं शिव प्रसाद भट्ट की अगुवाई में मां के नौवें स्वरूप का पूजन किया गया। सभी की सुख समृद्धि के लिए यहां हवन के बाद श्रद्धालुओं को हरियाली बांटी गई। देवी के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री का पूजन कर पूर्णाहुति हवन किया। परंपरानुसार श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई जौ की हरियाली को वितरित किया गया। वहीं पालकोट में कर्णा देवी, भरपूर में चमराड़ा देवी देवप्रयाग मे भुवनेश्वरी, मंगला माता मंदिर में भी पूर्णाहुति के साथ शारदीय नवरात्र का समापन हुआ। वहीं श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन के साथ नवरात्र उपवास का भी पारायण किया। कन्याओं को हलवा, पूरी, चना, चुनरी सहित अनेक उपहार भेंट कर उनसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

### वहशी अंकल : बेटी की नाबालिग सहेली से की अश्लील हरकत

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर जर्स कंट्री में बेटी की नाबालिग सहेली के साथ अश्लील हरकत और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कई महीनों से ठिकाने बदल-बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा है। सूचना पर पुलिस ने उसे सिडकुल क्षेत्र से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि 21 जुलाई 2025 को एक महिला ने केस दर्ज कराया था। उनका कहना था कि उनकी नाबालिग बेटी अपनी सहेली के घर गई थी। आरोप है कि सहेली के पिता ने बेटी के साथ अश्लील हरकत की और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित फरार चल रहा था।

आरोपित प्रकाश केशव मूल रूप से सीता बदरियर, निकट सब्जी मंडी, सिवान, बिहार का रहने वाला था और लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। पुलिस ने सूचना पर प्रकाश केशव निवासी जर्स कंट्री ज्वालापुर को गुरुवार देर रात सिडकुल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

### जिला अस्पताल में फिजिशियन अवकाश में होने से बैरंग लौटे मरीज

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** दो दिनों की लगातार छुट्टी के बाद अल्मोड़ा में शुक्रवार को अस्पतालों की ओपीडी खुली तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे। जिला अस्पताल में 600 से अधिक मरीजों ने उपचार कराया।

नवमी और विजयादशमी पर सरकारी अस्पतालों में लगातार दो दिन अवकाश रहा। इस कारण जिला अस्पताल, बेस अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में ओपीडी बंद रही। सरकारी अस्पतालों में सिर्फ आपातकालीन सेवाएं ही खुली थीं। इस कारण मरीजों को दिक्कतें हुई। अवकाश के चलते वह अपना उपचार नहीं करा सके। दो दिन बाद शुक्रवार को खुले अस्पतालों में सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही।

पर्ची काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की कतार रही। जनरल फिजिशियन के अवकाश में रहने से सर्दी जुकाम समेत अन्य रोगों के उपचार को पहुंचे मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई मरीजों ने उपचार के लिए पांच किमी दूर बेस और निजी अस्पताल के चक्कर काटे। इससे उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी। इधर जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. एचसी गड़कोटी ने बताया कि फिजिशियन अवकाश पर थे, इसके अलावा अन्य चिकित्सक ड्यूटी पर तैनात रहे।

### गांधीजी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रानीखेत, एजेंसी।** राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने तहसीलदार के माध्यम से संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है।शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार दीपिका आर्या को सौंपा। उन्होंने ज्ञापन की एक प्रति एसएसआई हेमा कार्की को देकर कार्रवाई की मांग की है।कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि रानीखेत के परचून व्यवसायी अखिल माहेश्वरी ने गांधीवादियों की पोस्ट पर गोडसे जिंदाबाद लिखने के साथ ही अपशब्दों का प्रयोग किया। कहा कि उक्त व्यक्ति लगातार कांग्रेस की पोस्टों पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर उकसाने की कोशिश करता है।

# दिल्ली में 27 साल बाद कोई सनातनी सरकार आई है, लोगों के दुख-दर्द की चिंता भी पहली बार की गई : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, 04 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली में बहुत कुछ पहली बार हो रहा है। 27 साल बाद कोई सनातनी सरकार आई है। दिल्ली के लोगों का दुख-दर्द कम करने की चिंता भी किसी सरकार ने पहली बार की है। यह कहना था दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता था। जिन्होंने दिल्ली सरकार की ओर से की जा रहीं छठ पर्व की तैयारियों के बारे में बताने के दौरान ये कहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांवड़ का त्योहार कितनी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। अभी रामलीला भी सभी ने देखी, कितने जोरों शोरों से हर एक सुविधा दिल्ली सरकार ने दी। ऐसा ही इंतजाम दुर्गा पंडालों को लेकर भी किए गए। छठ पर्व पर भी उतनी ही भव्यता के साथ सारी सुविधाएं दिल्ली सरकार प्रदान करेगी। सभी विभाग अपने कामों को मुस्तैदी कर रहे हैं। हजारों की संख्या में छठ के घाट तैयार किए जाएंगे और लाखों लोग भक्तजन पूजा करेंगे। उन्होंने कहा कि सालों बाद यमुना किनारे छठ मनाई जाएगी। सरकार इसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, इस बार छठ व्रतियों को सुंदर और एतिहासिक छठ पर्व मनाने का मौका मिले। पल्ला से लेकर ओखला तक जहां-जहां आबादी है, वहां दिल्ली सरकार छठ घाट तैयार करेगी। इसके अलावा शहर के अंदर भी हजार से ज्यादा प्वाइंट छठ पूजा के लिए बनाए जाएंगे। इस बार सुंदर और विशिष्ट छठ मनाई जाएगी। छठ पर्व को लेकर किसी भी प्रकार की व्यवस्था की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार है, उसके बाद यहां की स्वच्छता की जिम्मेदारी भी दिल्ली सरकार की है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं ये मानती हूं, छठ के अर्घ्य से यमुना किसी भी हाल में गंदी हो ही नहीं सकती। यह एक पवित्र त्योहार है। स्वच्छता का त्योहार है। प्रकृति का त्योहार है, प्रकृति के साथ मिलकर लोग पूजा करें।

## बाहरी दिल्ली पुलिस की कार्रवाई में महिला नशा तस्कर गिरफ्तार, सुल्तानपुरी से बटनदार चाकू के साथ युवक को

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस बाहरी जिले की टीम ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक महिला ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वहीं, दूसरी ओर सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने सतर्क गश्त के दौरान एक आरोपी को बटनदार चाकू के साथ दबोच लिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपायुक्त सचिन शर्मा ने आज बताया कि जिले की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड और मांगोलपुरी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक महिला को पकड़ा, जिसके पास से 16.09 ग्राम हेरोइन (स्मैक) और नकद राशि बरामद हुई। नकद रकम को नशीले पदार्थ की बिक्री से कमाई गई आय बताया गया है। 01 अक्टूबर को टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मांगोलपुरी एफ-ब्लॉक इलाके में एक महिला के पास नशे की खेप है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की और भीड़ के बीच खड़ी महिला को रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखते ही भीड़ छंट गई और महिला भागने लगी, लेकिन महिला कॉन्स्टेबल सोनिका की मदद से उसे पकड़ लिया गया। जांच के दौरान उसके पास से बरामद पदार्थ को फील्ड टेस्टिंग किट से जांचा गया, जिसमें वह स्मैक पाया गया। इसके बाद बरामद कैश और ड्रग्स को जब्त कर लिया गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह नशे का माल कहां से लाती थी और किन लोगों को सप्लाई करती थी। इसी बीच, जिले के सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। 2 अक्टूबर को हेड कॉन्स्टेबल सुकेन्दर और कॉन्स्टेबल नीतू गश्त पर थे, तभी उन्हें सी-9 पार्क के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। पुलिस को देखकर आरोपी छिपने और भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तुरंत पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से बटनदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अभिमन्यु (33) के रूप में हुई है। उपायुक्त ने कहा कि क्षेत्र में सतर्क गश्त और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

## यमुना में डूबने से भाजपा नेता की मौत, बचाने जा रहे दमकल वाहन से टकराकर किशोर ने भी गंवाई जान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके से शनिवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां मौत का दुखद संयोग देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पूर्व मंडल अध्यक्ष की यमुना नदी में डूबने से मृत्यु हो गई, वहीं उन्हें बचाने के लिए मौके पर जा रहे दमकल विभाग के वाहन की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार किशोर की भी जान चली गई। इस दोहरे हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मछलियों को दाना डालते समय फिसला पैर प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह भाजपा के करावल नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप नैनवाल यमुना नदी के किनारे मछलियों को दाना खिलाने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि नदी किनारे अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों से घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तत्काल उन्हें बचाने के लिए रवाना हुई। बचाव दल के वाहन से टकराई मोटरसाइकिल नैनवाल को बचाने के लिए तेजी से जा रहे दमकल विभाग के वाहन की रास्ते में एक मोटरसाइकिल से भीषण टक्कर हो गई। यह हादसा सोनिया विहार के निकट हुआ। हादसे में मोटरसाइकिल चला रहा किशोर रोहित पाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। देर बाद मिला नेता का शव दुर्घटना के कुछ देर बाद यमुना नदी में डूबे भाजपा नेता कुलदीप नैनवाल का शव भी बरामद कर लिया गया। उन्हें तुरंत बुराड़ी के एक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दमकल के वाहन को जब्त कर लिया है और दुर्घटना के संबंध में आवश्यक जाँच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया दुर्घटना की वजह मोटरसाइकिल सवार किशोर की लापरवाही थी, जो ठीक ढंग से वाहन नहीं चला रहा था। बुराड़ी पुलिस कर रही है जाँच कुलदीप नैनवाल के नदी में डूबने के मामले की जाँच बुराड़ी थाना पुलिस द्वारा की जाएगी। इस दोहरी दुखद घटना ने क्षेत्र में गमगीन माहौल बना दिया है। पुलिस दोनों मामलों में अलग-अलग पहलुओं से जाँच कर रही है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेसवे पर रेस्ट एरिया बनेंगे, यात्रियों को मिलेगा दिल्ली का स्वाद : रोमेश चन्द्र गुप्ता



नई दिल्ली। जीएसटी 2.0 सुधारों को लागू करने के बाद भी आम जनता को कोई खास फायदा नहीं मिल रहा है, ऐसा कहना है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि और लक्ष्मी नगर विधानसभा से चुनाव लड़े सुमित शर्मा का। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर इन सुधारों का अंधाधुंध प्रचार करने और उत्सव मनाने का आरोप लगाया, जबकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। सुमित शर्मा के अनुसार, सरकार की यह उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचेगा, लेकिन राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के पास बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि ग्राहकों को टैक्स कटौती का लाभ नहीं मिल रहा है। शर्मा ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कई रिटेलर और सर्विस प्रोवाइडर सरकार द्वारा की गई टैक्स कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुँचा रहे हैं। उनका आरोप है कि ग्राहकों से या तो कटौती से पहले वाली ऊँची दर वसूली जा रही है या फिर उत्पाद के अंतिम दाम में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अनेक कंपनियों ने जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले या बाद में ही अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए थे, जिसके कारण टैक्स कटौती का कोई भी फायदा आम जनता को नहीं मिल पाया है। सुमित शर्मा ने प्रशासन की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सरकार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि कहीं भ्रमित करने वाले डिस्काउंट ऑफर के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ धोखा तो नहीं हो रहा है। उन्होंने माँग की कि अब प्रशासन को सख्त मॉनिटरिंग और कार्रवाई के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टैक्स सिस्टम का असली लाभ ग्राहकों तक पहुँचे। उनका मानना है कि जब तक यह लाभ आम जनता तक नहीं पहुँचता, तब तक इन सुधारों को सफल नहीं माना जा सकता।

## अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में आवारा कुत्तों ने विदेशी कोचों को काटा; विजय गोयल ने जीरो टॉलरेंस नीति की माँग की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान आवारा कुत्तों द्वारा विदेशी कोचों पर हमले की घटना ने खेल जगत और प्रशासन दोनों को झकझोर कर रख दिया है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में हुई इस घटना में केन्या और जापान के कोच घायल हो गए। इस गंभीर प्रकरण पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आवारा कुत्ते अब भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी का कारण बन रहे हैं। श्री गोयल ने कहा कि दिल्ली ही नहीं, बल्कि देशभर में आवारा कुत्तों की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा, यह केवल नागरिक सुरक्षा का नहीं बल्कि देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। अब तो विदेशी नागरिक भी इन हमलों का शिकार हो रहे हैं, जिससे भारत की छवि को गहरा धक्का लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सवाल उठाया कि जो तथाकथित पशु-प्रेमी संगठन और व्यक्ति आवारा कुत्तों की सड़कों पर मौजूदगी का समर्थन करते हैं, वे अब चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा, क्या ये लोग इस अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी की ज़िम्मेदारी लेंगे? भारत जैसे देश में जहाँ खेल, पर्यटन और नागरिक सुरक्षा समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, वहां इस तरह की घटनाएँ बेहद चिंताजनक हैं। गोयल ने बताया कि वे लंबे समय से इस समस्या के समाधान के लिए संघर्षरत हैं और कई बार सरकार व प्रशासन को चेतावनी दे चुके हैं कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या आम नागरिकों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में इस विषय पर ह्यशून्य सहिष्णुताह्न की नीति अपनाई जाती है, पर भारत में अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेशों पर भी सवाल उठाए। गोयल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 11 अगस्त को दिल्ली नगर निगम और अन्य एजेंसियों को आठ सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को एकत्र कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया था। परंतु कुत्ता-प्रेमियों के दबाव में 22 अगस्त को आदेश संशोधित कर दिए गए, जिसके बाद कुत्तों को फिर से सड़कों पर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट के इस संशोधन ने हालात को और बदतर बना दिया है। श्री गोयल ने कहा कि यह मामला अब केवल दिल्ली की सड़कों तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि, पर्यटन उद्योग और खेल आयोजन की सुरक्षा से भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। उन्होंने केंद्र और दिल्ली सरकार से मांग की कि वे तत्काल इस पर कार्रवाई करें और कुत्तों के नियंत्रण के लिए ठोस नीति लागू करें। अंत में विजय गोयल ने घोषणा की कि वे इस विषय पर शीघ्र ही एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित करेंगे, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके और आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

## एनडीएमसी ने कन्वेंशन सेंटर में लगाया सुविधा शिविर, 78 शिकायतों का हुआ निवारण

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने निवासियों और सेवा उपयोगकताओं को त्वरित सूचना, सुविधा और प्रभावी शिकायत निवारण प्रदान करने के उद्देश्य से जयसिंह रोड स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में एक दिवसीय सुविधा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नागरिकों को विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधा संवाद करने का अवसर मिल सके। परिषद के अधिकारियों के अनुसार, शिविर के दौरान 78 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो मुख्य रूप से कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, कर और संपदा विभाग से जुड़ी थीं। यह एक महत्वपूर्ण सफलता थी कि अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया, जबकि नीति-स्तर के मामलों में नागरिकों को संभावित समाधान की समय-सीमा बताई गई। शिविर की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए परिषद के 30 विभागों से सौ से अधिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनके हेल्प डेस्क की निगरानी स्वयं विभागाध्यक्षों ने की। एनडीएमसी ने यह भी बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए वह आधुनिक तकनीक का भी निरंतर उपयोग कर रही है। परिषद पहले से ही ह्यजन सुविधा पोर्टलह्न के रूप में एक संपर्क रहित शिकायत निवारण प्रणाली संचालित कर रही है, जो उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा, परिषद ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी शिकायतें स्वीकार कर रही है। परिषद का दावा है कि इन सभी शिकायतों की निगरानी विभागाध्यक्षों द्वारा व्यक्तिगत रूप से की जाती है, ताकि उनका निपटारा यथासंभव शीघ्र किया जा सके। इस तरह के सुविधा शिविरों का आयोजन एनडीएमसी की प्रशासन और नागरिकों के बीच पारदर्शिता बढ़ाने और सेवा-प्रदाय की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## रजत जयंती वर्ष पर हास्य योग केंद्र मनाएगा हंसते-हंसते स्वस्थ भारत का उत्सव, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी मुख्य अतिथि

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। हास्य योग केंद्र (भारत) वर्ष 2025 में अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है और इस उपलक्ष्य में संस्था ने वर्षभर चलने वाले रजत जयंती समारोहों की घोषणा की है। संस्था इस अवसर को हंसते-हंसते स्वस्थ भारत का उत्सव के रूप में मना रही है। देशभर में आयोजित किए जा रहे विविध कार्यक्रमों के माध्यम से हास्य योग के माध्यम से तनावमुक्त जीवनशैली और सकारात्मक सोच का संदेश दिया जा रहा है। राजधानी दिल्ली में 4 से 6 अक्टूबर तक रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम 4 अक्टूबर को आईटीओ स्थित प्यारेलाल भवन में आयोजित किया जाएगा, जहां हास्य योग गुरु जितेन कोही के सान्निध्य में विशेष सत्र रखा गया है। समारोह की प्रमुख आकर्षण मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी, जिन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रजत जयंती वर्ष के तहत देशभर के विद्यालयों, कारागारों, वृद्धाश्रमों, सामाजिक संगठनों तथा कॉर्पोरेट प्रतिष्ठानों में विशेष हास्य योग सत्र और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रायपुर, इलाहाबाद, अहमदाबाद, पुणे, नैनीताल, रांची, कानपुर, बनारस, पिलखुवा और दिल्ली सहित अनेक शहरों में दो दिवसीय हास्य योग शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली में 5 अक्टूबर की सुबह 6 से 8 बजे तक रोहिणी स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में विशाल हास्य योग शिविर आयोजित होगा, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागी भाग लेंगे। इसके साथ ही 5 से 7 अक्टूबर तक राजधानी के विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी चलेगी। संस्था के संस्थापक जितेन कोही ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी और तनावपूर्ण जीवनशैली में हंसी एक प्राकृतिक औषधि का कार्य करती है। हास्य योग योग की एक अनूठी विधा है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। संस्था का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि नियमित हास्य योग अभ्यास से जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मसंतोष बढ़ता है। गौरतलब है कि हास्य योग आंदोलन की शुरूआत दिल्ली के एक पार्क से हुई थी, जो आज देश के 19 से अधिक राज्यों और कई विदेशी देशों तक फैल चुका है। वर्तमान में देशभर में 400 से अधिक निःशुल्क हास्य योग कक्षाएं प्रतिदिन संचालित की जा रही हैं, जिनसे हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। संस्था का कहना है कि रजत जयंती वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि यह समाज में खुशहाली, एकता और स्वास्थ्य के प्रति जनचेतना जगाने का अभियान भी है – ताकि भारत को हंसते-हंसते स्वस्थ राष्ट्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

## राहुल का विदेशी मंचों पर भरोसा जताना भारत-विरोधी संस्कारों की निशानी : भाजपा



नई दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भारत की धरती से अधिक भरोसा विदेशी मंचों पर जताना उनके भारत-विरोधी संस्कारों को दशार्ता है। सचदेवा ने एक्स पोस्ट में राहुल गांधी के हालिया बयानों की आलोचना करते हुए लिखा कि लोकतंत्र पर भाषण देने से पहले उन्हें अपनी पार्टी का इतिहास देखना चाहिए। इमरजेंसी की याद आज भी भारत की आत्मा में जिंदा है। भारत को कमजोर बताने वाले आपके बयान हर देशवासी के आत्मसम्मान पर प्रहार हैं। सचदेवा ने कहा कि भारत आज आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर खड़ा है, लेकिन राहुल उस आत्मविश्वास को तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इसे राजनीतिक मतभेद से आगे बताते हुए कहा, यह विरोध नहीं, वतन से वैर है; यह राजनीतिक मतभेद नहीं, बल्कि मानसिक दिवालियापन है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में विरोध जरूरी है, लेकिन देश की बदनामी कतई स्वीकार्य नहीं। बार-बार भारत की धरती से ज्यादा भरोसा विदेशी मंचों पर जताना आपके भारत-विरोधी संस्कारों की निशानी है। आप अब अपमान के प्रतीक बन चुके हैं।

## जल्द ही आम आदमी पार्टी मायेम में शानदार क्लिनिक खोलेगी, जहां सारा इलाज मुफ्त होगा : केजरीवाल



नई दिल्ली/गोवा, आम आदमी आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को गोवा के मायेम में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया। गोवा की प्रभारी आतिशी के साथ तीन दिवसीय दौरे पर आए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गोवा की जनता भाजपा और कांग्रेस की साठगांठ वाली सरकार से त्रस्त है और इस बार जनता आप के नेतृत्व में बदलाव के लिए वोट करने को तैयार है। जनता ने भाजपा को खूब प्यार दिया लेकिन बदले में भाजपा सरकार ने उन्हें टूटी सड़कें, बदहाल स्कूल-अस्पताल, गुंडागर्दी दी। दशकों से कांग्रेस-भाजपा से जुड़े दर्जन भर परिवारों का गोवा पर कब्जा है और मिलकर जनता को लूट रहे हैं। भाजपा ने जमील का मालिकाना हक देने का वादा भी पूरा नहीं किया। गोवा के लोगों से अपील है कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनवाएं, हम सभी को जमीन पर मालिकाना हक देंगे। गोवा के मायेम ह्लआपह्व कार्यालय का उद्घाटन कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह गोवा के लोगों का ऑफिस है। इसे पार्टी का ऑफिस न समझें। राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र या सरकारी योजनाओं का लाभ सहित अन्य कोई भी समस्या हो, गोवा के लोग इस ऑफिस में आएं। हम बिना रिश्वत के उनका काम करवाएंगे। यहां आने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं या अन्य लाभों की जानकारी दी जाएगी और उसका लाभ दिलवाएंगे। पानी, बिजली, सड़क या कोई अन्य स्थानीय समस्या के समाधान के लिए भी यहां आ सकते हैं। आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर इन मुद्दों पर आवाज उठाएगी और काम करवाएगी। यह ऑफिस गोवा के लोगों का है, इसका पूरा उपयोग करें। अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि दो सप्ताह बाद मायेम में आम आदमी पार्टी का एक मुफ्त स्वास्थ्य क्लिनिक भी शुरू होगा। छोटी-मोटी बीमारियों जैसे बुखार, खांसी, जुकाम के लिए निजी डॉक्टर मोटी फीस लेते हैं, दवाइयां महंगी पड़ती हैं। हम शानदार क्लिनिक खोलेंगे, जहां डॉक्टर की फीस, दवाइयां और टेस्ट सब मुफ्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह हम तब कर रहे हैं, जब गोवा में आम आदमी पार्टी की सरकार नहीं है। जब सरकार बनेगी और हमारा विधायक बनेगा, तो गोवा की कई गुना अधिक तरक्की होगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मायेम में 25 साल से भाजपा का विधायक है। यहां की जनता ने भाजपा को प्यार और वोट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन इन 25 सालों में भाजपा ने जनता को टूटी सड़कें, बेरोजगारी, गुंडागर्दी और धमकियां दीं। कोई अस्पताल की सुविधा नहीं, कोई काम नहीं। ये लोग हर बार उम्मीदवार बदल देते हैं। पुराना उम्मीदवार पैसा लूट लेता है, फिर नया लाता है और यह लूट का सिलसिला जारी रहता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2014 में एक कानून बना कि जिनके पास जमीन है, उन्हें मालिकाना हक मिलेगा। लेकिन 10 साल बाद भी लोगों को मालिकाना हक नहीं दिया गया। अब सीएम प्रमोद सावंत कहते हैं कि यह सरकारी जमीन है, इसका मालिकाना हक नहीं देंगे। उन्होंने इसे वादाखिलाफी बताते हुए जनता से वादा किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो हम सभी को जमीन का मालिकाना हक देंगे। उन्होंने कहा कि आप का हर कार्यकर्ता जनता के लिए लड़ेगा।

## राजकुमार प्रधान का अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की टीम ने किया सम्मानपूर्वक स्वागत



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। यमुना विहार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पुनर्नियुक्ति होने पर राजकुमार प्रधान का अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की दिल्ली प्रदेश इकाई द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासभा के दिल्ली प्रदेश संरक्षक श्री राधेश्याम कौशिक, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. एस. कुमार, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री बृजमोहन शर्मा, दिल्ली प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कौशिक, जिला महामंत्री विजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुशील शर्मा, संजीव शर्मा, योगेश शर्मा, सचिन शर्मा, मंडलम अध्यक्ष काशीराम डोगरा और सचिव हरिशंकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर राधेश्याम कौशिक ने कहा कि राजकुमार प्रधान पार्टी के समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने सदैव संगठन के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राजकुमार प्रधान अपने नए कार्यकाल में भी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे और संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि राजकुमार प्रधान की पुनर्नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है और संगठनात्मक मजबूती को नया बल मिलेगा। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और शुभकामनाओं के साथ किया गया।

## एएनटीएफ ने दो सप्लायर गिरफ्तार डेढ़ किलो से अधिक हेरोइन बरामद

नई दिल्ली,।दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की मादक पदार्थ निषेध इकाई (एएनटीएफ) ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के एक कुख्यात तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभ्यस्त आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से डेढ़ किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत कई करोड़ रुपये आँकी जा रही है। पुलिस उपायुक्त (एएनटीएफ) संजीव कुमार यादव ने बताया कि यह सफलता तकनीकी निगरानी, गोपनीय सूत्रों और त्वरित घेराबंदी के समन्वय से प्राप्त हुई है, जो राजधानी में नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक निर्णायक आघात है। इस कार्रवाई की शुरूआत 29 अगस्त 2025 को गुप्त सूचना मिलने पर हुई, जिसके आधार पर एसीपी राज कुमार की निगरानी में टीम ने स्वारूप नगर विस्तार और भलस्वा डेयरी के निकट जाल बिछाया। टीम ने जहांगीरपुरी निवासी इन्जमामुल हक को मोटरसाइकिल से 1,259 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। प्रारंभिक पूछताछ में इन्जमामुल ने खुलासा किया कि वह जहांगीरपुरी के कुख्यात बदमाश शाहिदुल उर्फ बाबू खान के साथ मिलकर काम कर रहा था। बाबू खान, जिस पर पहले भी हत्या के प्रयास, डकैती और एनडीपीएस अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं, हाल ही में जमानत पर छूटकर फिर से अवैध आपूर्ति में सक्रिय हो गया था। इन्जमामुल की गिरफ्तारी के बाद बाबू खान भूमिगत हो गया, लेकिन तकनीकी निगरानी और मैदानी अनुवर्तन के जरिए पुलिस ने उसे तब पकड़ा जब वह भारी मात्रा में हेरोइन की डिलीवरी देने जा रहा था। दोनों आरोपियों की पृष्ठभूमि आपराधिक रही है; इन्जमामुल ने आर्थिक संकट के कारण अवैध मदिरा और फिर नशीले पदार्थों की तस्करी शुरू की, जबकि बाबू खान (मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल का निवासी) वर्षों से इस अवैध कारोबार में संलिप्त रहा है। इस सफलता ने गिरोह के सक्रिय वितरण तंत्र को बाधित कर दिया है। उप पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह कार्रवाई संगठित जाल को ध्वस्त करने की हमारी सतत रणनीति का अहम हिस्सा है। अब पुलिस स्त्रोत की पहचान, वित्तीय अनुश्रवण और अन्य संभावित सह-अभियुक्तों की तलाश पर ध्यान केंद्रित कर रही है, ताकि इस पूरे नशीले पदार्थों के नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके और राजधानी को सुरक्षित बनाया जा सके।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः 1. टेंडर नोटिस संख्या 49/2025–26 दिनांक 26.09.2025 क्रम सं. 8**
**2. टेंडर संख्या 08255472 नियत तिथि 27.10.2025**

पात्रता मानदंड की शर्तों में संशोधन किया गया है। अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। **www.ireps.gov.in**

3062/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 02255085 | सप्लाई ऑफ रूफ माउंटेड एयर कंडीशनिंग | 381 लोको सेट | 29.09.2025 |
| 2. | 08255629 | ट्रांसफॉर्मर फॉर टी एफ बी सी 10 एएमपी | 5400 नग | 03.11.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 51/2025-2026 दिनांकः 03.10.2025 3061/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पल्ला गांव से हाथी घाट तक विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को बोट से यमुना नदी के प्रवेश बिंदु पल्ला गांव से लेकर आईटीओ के नजदीक स्थित हाथी घाट तक विभिन्न छठ घाटों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और कपिल मिश्रा के अलावा लक्ष्मी नगर से विधायक अभय वर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना तट पर महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सरकार पूरी गंभीरता और युद्धस्तर पर काम में जुटी है। आज पल्ला गांव से लेकर हाथी घाट तक लगभग तीन घंटे तक विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और बोट से यमुना जी के किनारों का विस्तृत सर्वे किया। उन्होंने कहा कि यह जमीनी सर्वेक्षण केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि दिल्ली में एक भव्य और सुव्यवस्थित छठ आयोजन सुनिश्चित करने की ठोस नींव है। यह पर्व उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के भाइयों-बहनों को दिल्ली की मिट्टी से जोड़ता है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करता है। संबंधित विभागों को साफ-सफाई, घाटों के निर्माण, सुरक्षा और अन्य सभी सुविधाओं की रूपरेखा शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लाखों श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के छठ मईया की पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने छठ को यमुना से दूर कर दिया था। यमुना किनारे इस बार आस्था के महापर्व छठ का भव्य आयोजन होगा। उनकी सरकार पल्ला गांव से लेकर ओखला तक छठ के आयोजन की तैयारियों में पूरी निष्ठा और तत्परता से जुटी है। जब यमुना के घाटों पर लाखों श्रद्धालु डूबते सूरज और उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे तब वह क्षण हर श्रद्धालु के लिए अविस्मरणीय बने, यही हमारा संकल्प और प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, इसलिए उनकी धार्मिक आस्था व सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में यमुना के प्रवेश स्थल पल्ला से लेकर अंतिम स्थल ओखला तक दोनों किनारों पर छठ पर्व का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों किनारों पर जहां भी छठ पर्व के लिए समतल किनारे उपलब्ध होंगे, वहां सरकार की ओर से व्रतधरियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। छठ घाटों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छठ पर्व की तैयारियों को लेकर 29 सितंबर को मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पल्ला से लेकर वजीराबाद तक के किनारों पर विशेष व्यवस्था के साथ ही आईटीओ, ओखला जैसे पुराने स्थलों पर भी व्यवस्थाएं और दुरुस्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिया था। मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के दौरान घाटों की सफाई व स्वच्छता के साथ धूल से बचाने के लिए पानी का छिड़काव, पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को सुरक्षा व यातायात व्यवस्था चौकस रखने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को छठ पर्व से पूर्व यमुना से जलकुंभी निकालने के भी आदेश जारी किए गए हैं। इस बार इन स्थलों पर प्रकाश की विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में यमुना के किनारो के अलावा मुनक नहर, मुंगेशपुर ड्रेन के अलावा कृत्रिम तालाबों में भी छठ पूजा आयोजित की जाती है। राजधानी में कुल मिलाकर 929 स्थलों पर पूजा-अर्चना की जाती है। इन स्थलों पर सरकार की ओर से समुचित व्यवस्थाएं की जाएंगी। अगर किसी संस्थान को एनओसी चाहिए तो उसे भी बिना किसी परेशानी से उसे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे विशेष स्थान भी चिन्हित किए जाएंगे जहां छठ पूजा का विशेष आयोजिन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अगर यमुना में अतिरिक्त पानी की जरूरत होती तो हरियाणा सरकार से निवेदन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पूर्वांचलवासियों की आस्था और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है और इसे पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाने के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार है।

## जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद भी जनता को नहीं मिली राहत : सुमित शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट और लक्ष्मी नगर विधानसभा से चुनाव लड़े सुमित शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 सुधारों पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल इन सुधारों का भले ही अंधाधुंध प्रचार कर रहा हो और उत्सव मनाने की बात कर रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि इन्हें लागू हुए इतना समय बीत जाने के बाद भी आम जनता को इसका कोई खास फायदा मिलता नहीं दिख रहा है। उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा टैक्स कटौती का लाभ सुमित शर्मा का कहना है कि सरकार को उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ देश के आम उपभोक्ताओं तक पहुँचेगा, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के पास बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आई हैं, जिनमें उपभोक्ता लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें जीएसटी दरों में हुई कमी का लाभ नहीं मिल रहा है। दामों में हेरफेर की आशंका शर्मा ने रिटेलरों और सर्विस प्रोवाइडरों पर टैक्स कटौती का लाभ ग्राहकों तक न पहुँचाने का सीधा आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ह्लशिकायतों में सबसे बड़ी चिंता यही है कि कई रिटेलर और सर्विस प्रोवाइडर सरकार द्वारा की गई टैक्स कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुँचा रहे। कई बार ग्राहक से वही ज्यादा दर वसूली जा रही है, जो कटौती से पहले लागू थी, या फिर प्रोडक्ट के अंतिम दाम में कोई बदलाव नहीं दिख रहा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि कुछ कंपनियाँ जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले या बाद में उत्पादों के दाम बढ़ा चुकी हैं, जिससे टैक्स कटौती का सारा लाभ खत्म हो गया है और आम जनता को ज्यादातर मामलों में कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। सख्त मॉनिटरिंग और कार्रवाई की मांग कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को इस बात की चिंता है कि कहीं उपभोक्ताओं को भ्रमित करने वाले डिस्काउंट ऑफर देने के नाम पर उनके साथ धोखा तो नहीं हो रहा। उन्होंने प्रशासन की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि अब प्रशासन को सख्त मॉनिटरिंग और कार्रवाई के जरिए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टैक्स सिस्टम का असली फायदा ग्राहकों तक पहुँचे। उन्होंने साफ किया कि जब तक टैक्स कटौती का सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर नहीं पड़ता, तब तक इन सुधारों को सफल नहीं माना जा सकता।

## मेरठ विकास प्राधिकरण की वादा खिलाफी और नगर निगम के कूड़ा निस्तारण के विरोध में देहात मोर्चा का समर्थन आंदोलन

### राष्ट्रीय देहात मोर्चा ने किसानों और ग्रामीणों के पक्ष में दिया समर्थन

प्रात : किरण : मनोज जैन






मेरठ, उत्तर प्रदेश, मेरठ विकास प्राधिकरण की लोहिया नगर, वेदव्यास पुरी एवं गंगानगर योजना से प्रभावित गांव पूठा, घाट, डूगरावली, मलियाना एवं कुंडा के किसानों के प्रतिकार एवं प्लॉट न दिए जाने के विरोध में चल रहे धरने को राष्ट्रीय देहात मोर्चा ने समर्थन दिया है। आज मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव प्रिंसिपल मन्तराम नागर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ, उत्तर प्रदेश के मंडमप (पूठा) में चल रहे किसानों के धरने पर पहुँचकर एकजुटता दिखाई। वहीं दूसरी ओर मेरठ-हापुड़ रोड लोहिया नगर के गांव काजीपुरा में मेरठ नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण के विरोध में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन में भी मोर्चा के पदाधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों को समर्थन दिया। प्रिंसिपल मन्तराम नागर ने कहा कि मेरठ विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2015 में किसानों से हुए समझौते का उल्लंघन किया है। किसानों से बहुत ही सस्ते दामों में जमीन लेकर प्राधिकरण ने मोटा मुनाफा कमाया, लेकिन आज तक उन्हें न तो प्रतिकार मिला और न ही प्लॉट आवंटन हुआ। किसान वर्षों से एमडीए के चक्कर काट रहे हैं, परंतु सुनवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलता रहा। जमीन चले जाने के बाद किसान अब भुखमरी की कगार पर पहुँच चुके हैं और उनका जीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। वहीं, उन्हीं गांवों की जमीन पर मेरठ नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण किए जाने से क्षेत्र का पर्यावरण बुरी तरह दूषित हो गया है। गांवों की हवा, पानी और मिट्टी लगातार प्रदूषित हो रही है, जिससे पंडित बक्शी दास इंटर कॉलेज के हजारों छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कूड़े के स्थायी समाधान के अभाव में ठेकेदार खुले में कचरा जलाकर मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि आसपास के निवासी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। श्री नागर ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन दोनों समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो देहात मोर्चा अपनी रणनीति के तहत इस आंदोलन की अगुवाई करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि जब देहात मोर्चा किसी भी आंदोलन की बागडोर संभालता है तो फिर वह आर-पार की लड़ाई लड़ता है, यह शासन और प्रशासन में बैठे अधिकारी भली-भांति जानते हैं। इस अवसर पर देहात मोर्चा के मेरठ, उत्तर प्रदेश मंडल सचिव योगेंद्र सिंह, विजेंद्र भाटी, गाजियाबाद जिला संयोजक प्रधान गजेंद्र सिंह चुड़ियाला, जिला सचिव ओमवीर गुर्जर मोरटा, प्रधान रविंद्र कोरी और मा० अशोक यादव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीयवृद्धजनदिवसपरदिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे खिले

### वृद्धों के सम्मान से ही समाज का उत्थान, हर्ष मल्होत्रा

प्रात : किरण : मनोज जैन







शाहदरा (दिल्ली)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 को कड़कड़डूमा स्थित मेजबान बैंक्वेट हॉल में भारत सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना एवं एडीप योजना के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भव्य वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलिम्को द्वारा पहले से चिन्हित 417 लाभार्थियों को लगभग 31.84 लाख रुपये की लागत से 2,362 सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिनमें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन और कमोड चेयर प्रमुख थे। इस आयोजन ने न केवल सहायता प्रदान की, बल्कि वृद्धजनों और दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पूर्वी दिल्ली सांसद हर्ष मल्होत्रा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के अंतर्गत वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने में मददगार साबित हो रही हैं। उन्होंने समाज से अपील की – हमें एक ऐसा समावेशी समाज बनाना चाहिए, जहां हर वृद्धजन और दिव्यांगजन सम्मान और गरिमा के साथ जीवन व्यतीत कर सके। यमुनापार विकास बोर्ड चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि बुजुर्गों के प्रति संवेदना और सम्मान समाज की पहचान है। उन्होंने समुदाय से आग्रह किया कि वे बुजुर्गों की देखभाल, सहायता और मार्गदर्शन में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इसके साथ ही भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक गाबा ने भाजपा मंडल अध्यक्षों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पंजीकरण शिविर में विशेष योगदान देकर लाभार्थियों तक सहायता पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के उपरांत लाभार्थियों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक गाबा, यमुनापार विकास बोर्ड चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली, विधायक डॉ. अनिल गोयल एवं संजय गोयल, भाजपा शाहदरा ज़िला प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़, प्रदेश मंत्री सारिका जैन, शाहदरा जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, डिप्टी चेयरमैन राजू सचदेवा, पार्षदगण पंकज लूथरा, मीनाक्षी शर्मा, यशपाल कैन्तूरा, डॉ. मोनिका पंत, बहन प्रीति, अलका राघव, नीलम चौधरी, संदीप कपूर, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, संतोष पाल, कैलाश जैन सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## अखंड भारत मिथिला दुर्गा पूजा समिति रजिस्टर्ड के द्वारा 2025 का पूजा आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गा पूजा पार्क नियर लायंस हॉस्पिटल खिजराबाद तैमूर नगर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी दक्षिणी दिल्ली 110025 मैं बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया। संगठन की स्थापना 2001 में किया गया था इस वर्ष संगठन अपना 25 वां स्थापना दिवस भी भव्य तरीके से मनाया। माता रानी के दरबार में 10 दिनों तक प्रतिदिन संध्याकालीन आरती में विशाल जन समूह भाग लिया। भारत की राजधानी दिल्ली में विशुद्ध मैथिली विधि विधान से इस महायज्ञ को बनारस से आए हुए आचार्य के 10 सदस्य टीम के द्वारा संपन्न किया गया । विजय दशमी के दिन माता रानी की विदाई समारोह मैं पूरे दिल्ली एनसीआर से 15000 से अधिक की संख्या में लोगों ने पूरे भक्ति भाव से माता रानी का विदाई समारोह संपन्न किये। समारोह की अध्यक्षता, अखंड भारत मिथिला दुर्गा पूजा समिति रजिस्टर्ड के अध्यक्ष आदरणीय श्री राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा जी एवं उनके टीम, महासचिव आदरणीय श्री हरि कामत जी, कोषाध्यक्ष श्री शंकर कुमार शाह जी, श्री विष्णु देव मंडल जी, श्री बृजमोहन कामत जी, श्री मोती लाल सिंह जी, श्री विद्यानंद विक्रम जी, श्री बलिंदर मंडल जी, श्री मनोज मंडल जी, श्री शिवजी मंडल जी, श्री परमानंद राय जी, श्री भोला यादव जी, श्री हरे राम मंडल जी, एवं सभी सदस्यों ने की इस भव्य आयोजन के लिए आप सभी प्रशंसा की पात्र हैं जय माता दी।

## दिव्यांगों को हर माह मदद दिल्ली सरकार का बेहतरीन फैसला : गुरमीत सिंह सूरा

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिव्यांगजनों को हर माह 6,000 की आर्थिक सहायता देने के दिल्ली सरकार के निर्णय को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शाहदरा जिले के वरिष्ठ नेता गुरमीत सिंह सूरा ने एक बेहतरीन फैसला बताया है। गुरमीत सिंह सूरा ने कहा कि यह योजना ट्रिपल इंजन सरकार के जनहितकारी कार्यों का प्रमाण है, जिसके फायदे अब दिल्ली की जनता को मिलने शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस योजना की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया था कि इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल आर्थिक मदद देना नहीं है, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है, क्योंकि वे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का पूरा हक है। यह विशेष वित्तीय सहायता उन पात्र दिव्यांगजनों को दी जाएगी जिन्हें उच्च सहयोग की आवश्यकता है। इस योजना के तहत दी जाने वाली 6,000 की मासिक राशि सीधे लाभार्थी के आधार-लिंक्ड बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। गुरमीत सिंह सूरा ने बताया कि यह पैसा देखभाल सहायक के खर्च, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श और अन्य आवश्यक सहायक उपकरणों पर होने वाले खर्चों में मदद करेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस योजना को सामाजिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली पहल बताया, जिससे परिवारों पर इलाज और देखभाल का पड़ने वाला भारी बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन करुणा के नहीं, बल्कि समाज के सक्रिय और सम्मानित नागरिक हैं। इस योजना को दिल्ली कैबिनेट की पिछली बैठक में हरी झंडी मिल चुकी है, और इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की जाएगी। सूरा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लगभग आठ माह के कार्यकाल में जनहित में लिए गए अनेक फैसलों की सराहना की।

## ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय से 25 लाख रुपये की चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के सरोजनी नगर थाना पुलिस ने ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय से 25 लाख की चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने अपराध सीरीज क्राइम पेट्रोल देखकर पहले भेष बदला और फिर आरके पुरम स्थित ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय से 25 लाख रुपये पर हाथ साफ किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान राजेन्द्र कुमार और राजेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 23.50 लाख रुपये और कार्यालय की अलमारी काटने में इस्तेमाल की गई एक कटर मशीन बरामद की गई है। दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शनिवार को बताया कि 23 सितंबर को ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय में चोरी होने की सूचना मिली। एएसआई नरेंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक एसएमएस दास की बेटी जेआर दास मौके पर मिली। एसएचओ अतुल त्यागी की टीम ने उनके बयान पर संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने 11 दिनों में 40 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की, मौके पर मौजूद संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी निगरानी का विश्लेषण किया और कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान टीम ने एनजीओ कार्यालय में प्रवेश करते और बाद में ऑटो-रिक्शा में निकलते समय भेष बदलते (टोपी, गर्दन पर तौलिया और दस्ताने पहने) दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस टीम ऑटो के नम्बर की मदद से चालक तक जा पहुंची। चालक ने बताया कि उसने दोनों संदिग्धों को नेताजी नगर में छोड़ा था। पुलिस टीम ने नेताजी नगर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया तो एक आरोपित राजेन्द्र कुमार की पहचान की गई। पुलिस ने गोल चंबारी के पास राजेन्द्र कुमार को दबोच लिया। राजेन्द्र ने सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद उसके दूसरे साथी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की रकम बरामद कर ली गई। पुलिस की जांच में सामने आया कि वारदात का मुख्य आरोपित राजेन्द्र कुमार एनजीओ में चालक का काम करता है। जिसके चलते उसे वहां पैसे होने की जानकारी थी। राजेन्द्र ने बताया कि वह क्राइम पेट्रोल धारावाहिक देखता है, जिससे उसे वारदात के बाद पुलिस से बचने के तरीके पता थे। ऐसे में उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

## सरोजिनी नगर में घर से 25 लाख रुपए की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली के सरोजिनी नगर पुलिस थाने की टीम ने चोरी के एक सनसनीखेज मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों राजेंद्र कुमार (43) और राजेश कुमार (36) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 23.50 लाख रुपये और अलमारी काटने में इस्तेमाल की गई कटर मशीन बरामद की है। राजेंद्र सेक्टर-7, आरके पुरम और राजेश बुराड़ी का निवासी है। 23 सितंबर को सरोजिनी नगर थाना पुलिस को एक घर में चोरी की सूचना मिली। एएसआई नरेंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ओडिया समाज ट्रस्ट की कार्यकारी निदेशक जेआर दास का बयान दर्ज किया। इसके आधार पर थाने में एफआईआर दर्ज की गई और जांच शुरू हुई। मामले को सुलझाने के लिए एसएचओ अतुल त्यागी के नेतृत्व में और एसीपी मेल्विन वर्गीस की देखरेख में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें एसआई दीपक, एएसआई नरेंद्र, हेड कांस्टेबल अमरजीत, पुष्पेंद्र, निर्वेश, दिलबाग, अजीत, मेनपाल और कांस्टेबल भरत सोलंकी शामिल थे। टीम ने 11 दिन तक कड़ी मेहनत की। 40 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई। मोबाइल नंबरों की निगरानी की गई और कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में संदिग्धों को टोपी, तौलिया और दस्ताने पहनकर भेष बदलते देखा गया। ऑटो-रिक्शा चालक से पूछताछ में पता चला कि उसने संदिग्धों को नेताजी नगर में छोड़ा था। सीसीटीवी विश्लेषण से राजेंद्र कुमार की मौजूदगी का पता चला। गिरफ्तार करने के बाद राजेंद्र ने गुनाह कबूल लिया और बताया कि उसने अपने साथी राजेश के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची। पुलिस ने राजेश के मानसरोवर पार्क, शाहदरा स्थित ससुराल से 14.50 लाख रुपये और बुराड़ी स्थित घर से 9 लाख रुपये बरामद किए। चोरी किए गए कुल 25 लाख रुपये में से 23.50 लाख रुपये और कटर मशीन जब्त की गई। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। राजेंद्र एक एनजीओ में ड्राइवर है और उसने टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल देखकर चोरी की साजिश रची। राजेश ने उसका साथ दिया। मामला एफआईआर नंबर 474/2025 के तहत दर्ज है, जिसमें बीएनएस की धारा 305(बी), 331(4), 317(2) और 61(2) लागू की गई हैं। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने टीम की तारीफ की है।

## उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में दंगा रोधी मॉक ड्रिल

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार सुबह उत्तरी-पूर्वी जिले में दंगा-रोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास बेला फार्म, यमुना खादर, शास्त्री पार्क में किया गया। जिसका उद्देश्य बल की संचालन क्षमता और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की तैयारी को जांचना था। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ड्रिल की शुरूआत सुबह आठ बजे की गई। इसमें कुल 170 पुलिसकर्मी शामिल हुए। जिनमें एक एसीपी, सात इंस्पेक्टर और 162 अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान वाटर कैनन, वज्र, विक्रांत और एम्बुलेंस की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिसकर्मियों की गैस गन और ए.आर.ई. उपकरण चलाने की दक्षता की भी जांच की गई। वहीं पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया ऐसे अभ्यास समय-समय पर किए जाते हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस बल तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम रहे।

## दमकल की गाड़ी से टकराई बाइक, एक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के सोनिया विहार इलाके में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 8:15 बजे थाना सोनिया विहार क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल और दमकल की टक्कर हो गई। घटना में घायल बाइक सवार को दमकलकर्मियों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान 5वां पुश्ता, सोनिया विहार निवासी रोहित पाल (18) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार शनिवार सुबह दमकल की एक गाड़ी युवक के डूबने की घटना की इमरजेंसी कॉल पर पुश्ता रोड, सोनिया विहार की ओर जा रही थी। इस दौरान चौहान पट्टी के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार को देखकर चालक ने टक्कर से बचने के लिए गाड़ी बाईं ओर मोड़ दी। इसी कोशिश में दमकल की गाड़ी दीवार से जा टकराई और वाहन को नुकसान पहुंचा, लेकिन हादसा टल नहीं सका। फिलहाल पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## एक समान वेतन की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली नगर निगम के पांच हजार से अधिक एमटीएस (मल्टी टास्क फोर्स) और डीबीसी कर्मचारियों का विरोध-प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अनुबंधित कर्मचारियों को एक समान वेतन दिया जाए। एमटीएस (पीएच) कर्मचारियों से ऑनलाइन और ऑफलाइन में से एक ही प्रकार के कार्य करवाए जाएं। एमटीएस कर्मचारी की मौत के बाद उसके परिवार के सदस्य को नौकरी दी जाए। साथ ही सभी डीबीसी, एमटीएस कर्मचारियों को स्वास्थ्य अवकाश के साथ ही अर्जित अवकाश भी मिले। जोखिम भरे कार्य होने की वजह से एमटीएस कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस देने की भी मांग की जा रही है। एमटीएस कर्मचारियों के कई वर्षों से रुके हुए एरियर, पीएफ व दीवाली बोनस का भुगतान किया जाए। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के तत्वावधान में निगम के एमटीएस, डीबीसी कर्मचारियों द्वारा निगम मुख्यालय के गेट नंबर पांच के बाहर विरोध- प्रदर्शन किया जा रहा है।

## एम्स के डॉक्टर से छात्र पढ़ेंगे मानसिक स्वास्थ्य का पाठ

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के मद्देनजर एम्स के डॉक्टर शनिवार से दस अक्तूबर तक सुबह 11 से दोपहर 12 बजे के बीच सीबीएसई स्कूलों के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य का पाठ पढ़ाएंगे। शनिवार को पहले दिन एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने स्वास्थ्य, पोषण व भावनात्मक स्वास्थ्य विषय पर छात्रों को जानकारी दी। सीबीएसई ने एक सप्ताह तक चलने वाले इस वर्चुअल मानसिक स्वास्थ्य श्रृंखला का कार्यक्रम तय कर सभी स्कूलों को इससे जुड़ने का निर्देश जारी किया है। प्रतिदिन एक हजार छात्र, अभिभावक, शिक्षक व स्कूलों के काउंसलर इससे जुड़ पाएंगे। इसलिए पहले जल्दी लॉगिंग करने वाले लोग ही इससे जुड़ पाएंगे। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन पांच अक्तूबर को सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता तनाव से बचने का तरीका बताएंगे। इसके बाद छह अक्तूबर को एम्स के मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रताप सरन सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, सात अक्तूबर को प्रोफेसर डॉ. नंद कुमार खुशहाल मस्तिष्क के विषय पर, आठ अक्तूबर को प्रोफेसर डॉ. राजेश सागर किशोरों में जोखिम भरे व्यवहार और दस अक्तूबर को मनोवैज्ञानिक डॉ. दीपिका दहिमा डिजिटल तकनीक के दौर में बढ़ते स्क्रीन टाइम के संदर्भ में चर्चा करेंगी।


### घोषणा से पहले दिल्ली में होगी नए पदाधिकारियों की स्क्रीनिंग

# मप्र भाजपा की कार्यकारिणी होगी फुलप्रूफ

भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।

**मप्र में जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा के बाद विवाद सामने आने के बाद भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर सतर्क हो गई है। पार्टी की कोशिश है कि मप्र भाजपा की कार्यकारिणी पूरी तरह फुलप्रूफ हो। यानी संगठन में कोई भी ऐसा पदाधिकारी ने हो जिसको लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो सके। इसलिए पार्टी ने निर्णय लिया है कि प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा से पहले सूची में शामिल पदाधिकारियों की दिल्ली में पूरी तरह स्क्रीनिंग की जाएगी।**

### नेताओं के प्रभाव से बनी जिलों की कार्यकारिणी



भाजपा ने अपनी जिलों की कार्यकारिणी के गठन के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षकों को भेजा था। कहा जा रहा है कि जिन मापदण्डों के आधार पर पर्यवेक्षकों को जिला संगठन के पदाधिकारियों के नाम तय करने को कहा गया था, उनकी अनेदखी की गई और अधिकांश पर्यवेक्षकों द्वारा पार्टी के स्थानीय कद्दावर नेताओं, सरकार के मंत्रियों और दूसरे बड़े नेताओं के साथ बैठकर जिलों की टीम के लिए सूची तैयार कर ली, जिसे बाद में घोषित भी कर दिया गया। कई जिलों में विवादित नाम आने के बाद जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में अंसतोष देखा गया तो विपक्षी दल ने भी पार्टी पर निशाना साधा। पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रीवा सहित दूसरे उन जिलों की रिपोर्ट मांगी है, जहां पर संगठन में विवादित नाम शामिल किए गए है। कहा जा रहा है कि प्रदेश टीम की घोषणा से पहले जिला संगठनों में शामिल हुए विवादित नामों को हटाया जाएगा और संगठन के नियमानुसार खाली हुए पदों पर नए और सक्रिय चेहरों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

गौरतलब है कि पहले नए अध्यक्ष के चुनाव में देरी और अब भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हेमंत खंडेलवाल की टीम के ऐलान में देरी चर्चा का विषय बनी हुई है। आदर्श संगठन के तौर पर गिने जाने वाले मप्र भाजपा के संगठन के गठन में देरी की वजह यह है कि पार्टी हर तरह के संतुलन बनाकर सूची फाइनल की जा रही है। निगम मंडलों में नियुक्ति के ऐलान के साथ हेमंत खंडेलवाल की नई टीम में अपना पुर्नवास देख रहे नेताओं की प्रतीक्षा कब खत्म होगी। माना जा रहा है कि निगम-मंडल से पहले पार्टी प्रदेश नेतृत्व की टीम घोषित कर दी जाएगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि निगम मंडल को लेकर भी प्रदेश से नई दिल्ली तक कवायद का दौर जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि दशहरा पर्व के बाद पहले प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। उसके बाद निगम मंडल, प्राधिकारण और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियां की जाएंगी। कहा जा रहा है कि निगम मंडल के ऐसे दावेदारों को जिनका जनाधार अपने क्षेत्रों में है उन्हें पहले प्रदेश संगठन में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए राजी किया जाएगा।

### विवादों के बाद चौकन्ना होईकमान

प्रदेश भाजपा के कुछ जिलों की संगठनात्मक टीम में विवादित नाम शामिल होने के बाद शीर्ष हाईकमान चौकन्ना हो गया है। जानकारों की मानें तो टीम हेमंत की घोषणा तभी होगी, जब दिल्ली में टीम के नए पदाधिकारियों की पूरी तरह से स्क्रीनिंग हो जाएगी। इससे पहले प्रदेश नेतृत्व जिलों की टीम से विवादित नाम हटा सकता है। काफी इंतजार के बाद मध्यप्रदेश भाजपा को अपना नया प्रदेशाध्यक्ष मिला है। कुछ ऐसी ही स्थिति प्रदेश की नई टीम के गठन को लेकर है। हैरानी वाली बात यह है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश के संगठन को सबसे आदर्श माना जाता है और पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर संघ तक की पैनी नजर मध्यप्रदेश संगठन पर रहती है। ऐसे में प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी पाने के लिए वरिष्ठ से लेकर युवा कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत लगाएं हुए हैं। कुछ ऐसे नेताओं ने संघ के सामने अपनी दलील रखी है कि कई वर्षों से जनाधार और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करने के बाद भी उन्हें हाशिए में रखा जा रहा है, तो युवाओं ने भी अपनी सक्रियता के दम पर प्रदेश स्तर के पद पाने का दावा ठोका है। पार्टी से जुड़े जानकारों की मानें तो लगभग तीन माह पहले प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले हेमंत खंडेलवाल ने अपनी टीम का खाका तैयार कर लिया है और वह उसे जल्द घोषित करना चाहते थे। लेकिन तभी कुछ जिलों की संगठन में विवादित नाम सामने आने बाद मचे घमासान की वजह से प्रदेश की टीम की घोषणा रोकनी पड़ी है। सूत्रों का कहना है कि खंडेलवाल से संभावित सूची दिल्ली मांगी गई है। जहां से सूची में शामिल प्रत्येक कार्यकर्ता के बाद में हाईकमान स्तर से स्क्रीनिंग कराई जाएगी।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का पैटर्न चेंज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अफसरों के तबादले के बाद कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का पैटर्न बदल गया है। अधिकारी अब तीन मिनट के अंदर जिले के रोड मैप की जानकारी देंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सरकार की प्राथमिकता बताएंगे। मप्र में होने वाली इस कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर्स, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को विकास का प्लान बताएंगे। राज्य और केंद्र सरकार से जुड़ी हुई योजनाओं को लेकर प्रेजेंटेशन देंगे। अधिकारियों के कामकाज को लेकर मुख्य सचिव समीक्षा करेंगे। वहीं सीएम दो महीने बाद खुद रिव्यू करेंगे। आपको बता दें कि यह कॉन्फ्रेंस 7 अक्टूबर और 8 अक्टूबर को भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होगी। जिसमें कई मुद्दों को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव समेत प्रमुख सचिव प्रेजेंटेशन देंगे। कानून व्यवस्था, किसानों से जुड़ी हुई योजना, गुड गवर्नेंस, राजस्व, आदिवासी क्षेत्र में विकास, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन योजना समेत दो दर्जन से अधिक योजनाओं पर उपलब्धि और कमियां भी बताएंगे। आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का अलग-अलग ग्रुप डिस्कशन होगा।

# एमपीआरडीसी ने एमडीआर और स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण की योजना कर रहा तैयार

**भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) अब प्रदेशभर में अपनी मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड (एमडीआर) और स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण की योजना तैयार कर रहा है। इसके लिए पहले चरण में 11 सड़कों का चयन किया गया है। इनकी कुल लंबाई 382.46 किलोमीटर है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग की आठ सड़कों के साथ ही तीन अन्य सड़कों को भी चुना गया है। एमपीआरडीसी ने इसके लिए डिजाइन, बिल्ट, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीएफओटी) के साथ ही अन्य विकल्प भी रखे हैं। इसके लिए फिजिबिलिटी और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर काम शुरू कराने के लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा। जिन एमडीआर और स्टेट हाईवे का चयन चौड़ीकरण के लिए किया गया है, उनमें उचहेरा-नागोद रोड, भोपाल का इंडस्ट्रियल एरिया, शाहगंज-बरखेड़ा रोड, दतिया-दिनारा, अशोकनगर-ईसागढ़, गुना-अशोकनगर, अशोकनगर-विदिशा, अशोकनगर-कुरवासा, भिंड-मिहोना-गोपालपुरा, भिंड-भरौली-अमायन-लहार और गोहद-मौ रोड शामिल हैं। एमपीआरडीसी के डिवीजनल मैनेजर राजीव श्रीवास्तव का कहना है कि कई स्टेट हाईवे और एमडीआर के चौड़ीकरण की संभावनाएं देखी जा रही हैं। मुख्यालय स्तर से इसकी फिजिबिलिटी और डीपीआर की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### टू-लेन विद पेव्ड शोल्डर्स होना जरूरी

दरअसल, राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि एमडीआर और स्टेट हाईवे को कम से कम फोरलेन या फिर टू-लेन विद पेव्ड शोल्डर्स होना जरूरी है, ताकि उस पर ट्रैफिक सुगम हो सके। चौड़ीकरण के लिए चयनित सड़कों में से अधिकतर स्टेट हाईवे या एमडीआर की चौड़ाई साढ़े पांच मीटर के आसपास है, जिस पर दोनों ओर से ट्रैफिक के संचालन में दिक्कत आती है। अब इन्हें फोरलेन करने से ट्रैफिक का संचालन सुगम हो सकेगा। इन सड़कों के आसपास में एमपीआरडीसी की जमीन भी है, ऐसे में चौड़ीकरण में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी।

# मप्र को 1320 मेगावाट बिजली का बड़ा तोहफा

भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।

प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्पादन बढ़ाने के भी प्रयास हो रहे हैं। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी अमरकंटक ताप विद्युत गृह में 660 और सारनी ताप विद्युत गृह में 660 मेगावाट की इकाई लगाने जा रही है। दोनों इकाइयों को स्थापित करने में करीब 23 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लंबे समय से अटके इस काम को आखिरकार बीते सोमवार को पावर जनरेटिंग कंपनी ने मंजूरी देते हुए निर्माण एजेंसी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचइएल) को नोटिस आफ एक्सेप्टेंस जारी कर दिया है। एक माह में यह निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा और अगले पांच साल में दोनों इकाइयों से 1320 मेगावाट बिजली बनने लगेगी।



मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी अमरकंटक और सारनी में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (यूएससी) तकनीक वाली इकाइयां स्थापित करेगी। इसमें उच्च तापमान होता है, जिससे बिजली का उत्पादन कम कोयले में हो सकेगा। इसके अलावा ये इकाइयां पर्यावरण के अनुकूल होंगी। निर्माण के लिए पांच साल का समय दिया गया है, यानी मार्च 2030 में ये इकाइयां बिजली उत्पादन के लिए तैयार हो जाएंगी। शासन स्तर पर जो इकाइयों के लिए लागत का आकलन हुआ है, उसमें अमरकंटक ताप विद्युत गृह में स्थापित होने वाली 660 मेगावाट की इकाई पर 11,476.31 करोड़ रुपये और सारनी ताप विद्युत गृह की 660 मेगावाट की इकाई पर 11,678.74 करोड़ रुपये का व्यय आ रहा है। इसमें कुल लागत का 20 प्रतिशत अंश राज्य सरकार की तरफ से देय होगा। इसमें अमरकंटक के लिए 365 करोड़ रुपये और सारनी के लिए 431 करोड़ रुपये राज्य सरकार व्यय करेगी। इसके अलावा शेष 80 प्रतिशत की राशि कंपनी बैंक लोन ले रही है।

### पहले हुई थी संयुक्त साझेदारी

अमरकंटक ताप विद्युत गृह में 660 मेगावाट की इकाई को स्थापित करने के लिए पहले मप्र पावर जनरेशन कंपनी और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की संयुक्त साझेदारी हुई थी, लेकिन बाद में जेनको ने इस साझेदारी को रद्द कर दिया। अभी स्थिति यह है कि बैतूल के सतपुड़ा थर्मल पावर स्टेशन सारनी में 1330 मेगावाट क्षमता है। वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट क्षमता है।

### तमिलनाडु के बाद हरकत में सरकार पूरे प्रदेश में कोल्ड्रिप दवा प्रतिबंधित

**भोपाल।** छिंदवाड़ा में सन फार्मा कंपनी की कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो डीएस कप सिरप से 9 बच्चों की फेल होने से मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने तत्काल एक्शन लेते हुए दोनों दवाओं को पूरे राज्य में प्रतिबंधित कर दिया है। इसके बाद मप्र सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय भी हरकत में आया है। शनिवार सुबह रिपोर्ट मिलने के बाद मप्र सरकार ने पूरे प्रदेश में कप सिरप को प्रतिबंधित कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव ने ड्रग कंट्रोलर समेत अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# मप्र में बिहारी वोटर्स की जुटाई जा रही सूची

भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा अभी भले ही नहीं हुई है, लेकिन चुनाव जीतने के लिए मप्र में भाजपा की रणनीति बनने लगी है। भाजपा बिहार के चुनावी मैदान को फतह करने के लिए मप्र के नेताओं को जातीय समीकरण के साथ तैनात कर रही है। गौरतलब है कि जब भी किसी दूसरे राज्य में चुनाव होते हैं मप्र के नेता वहां अपनी-अपनी पार्टियों और प्रत्याशियों के लिए काम करते हैं। भाजपा ने बिहार चुनाव में आरजेडी गठबंधन को पटखनी देने के लिए मध्य प्रदेश के नेताओं को मैदान में उतार दिया है। भाजपा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बिहार में भी यादव चेहरे के रूप में प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री जल्द ही बिहार में भी चुनावी रैली करते दिखाई देंगे। मुख्यमंत्री के अलावा मध्य प्रदेश के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित कई मौजूदा और पूर्व मंत्रियों को बिहार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### वोट बैंक बढ़ाने पर प्रयास

बिहार चुनाव में भाजपा अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए इस स्तर पर प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि मप्र भाजपा का पूरा फोकस इस समय बिहार चुनाव पर है। बिहार चुनाव को देखते हुए प्रदेश में होने वाली राजनीतिक नियुक्तियों को भी रोक दिया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को अपनी नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करना है। इस प्रक्रिया पर भी फिलहाल ब्रेक लग गया है। बिहार में विधानसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश के दिग्गज नेताओं की तैनाती बिहार की अलग-अलग विधानसभाओं में की गई है। एमपी बीजेपी के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को मिथिला और तिरहुत जोन में 12 जिलों की 50 सीटें और 10 लोकसभा सीटें कवर करनी है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा को बेगूसराय क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल को सारण और चंपारण क्षेत्र की करीब 45 विधानसभा सीटों का जिम्मा मिला है।

मप्र भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं का फोकस अब बिहार चुनाव पर है। प्रदेश के कई नेताओं की ड्यूटी बिहार चुनाव में लग चुकी है। कुछ नेता बिहार चुनाव को लेकर हुई बैठक में शामिल होकर वापस आ चुके हैं, वहीं अभी से प्रदेश के कई पूर्णकालिकों को बिहार में तैनात कर दिया गया है। प्रदेश भाजपा ने बिहार चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल राजधानी सहित प्रदेश के कई शहरों में बिहारी वोटर्स रहते हैं। प्रदेश में रहने वाले बिहार के वोटर्स की जानकारी भाजपा के कार्यकर्ता और नेता जुटा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को इनके घर-घर जाने की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मप्र में रहने वाले बिहारी वोटर्स के मोबाइल नंबर तक लिए जा रहे हैं। इन मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। इनकी पूरी सूची बिहार चुनाव में तैनात मप्र के नेताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद ये नेता बिहार की चुनावी टीम के साथ मिलकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे और उन्हें बिहार चुनाव में वोट डालने के लिए आमंत्रित करेंगे।

## छत्तीसगढ़

# अमित शाह ने कहा बस्तर में परंपरा और विकास दोनों पर फोकस

**रायपुर, प्रात: किरण्ण संवाददाता।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं, जिसके तहत कल देर रात वे रायपुर पहुंचे. मुख्यमंत्री साय ने गृहमंत्री का एयरपोर्ट पर स्वागत किया. वहीं आज गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दशहरा मेले में शामिल होंगे. इसके साथ ही महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त भी जारी करेंगे.



### बस्तर दशहरा मेले में शामिल होंगे अमित शाह

आज यानी 4 अक्टूबर को गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दशहरा मेले में शामिल होंगे. वे सुबह 11ः00 बजे रायपुर से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे. 12ः10 बजे जगदलपुर में माता दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे. 12ः35 बजे सिरहासार भवन के कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह बस्तर दशहरा का हिस्सा बनेंगे. इस दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था क्स्र्स्न और पुलिस प्रशासन की देखरेख में रहेगी.

### 'मिशन 2026' की समीक्षा करेंगे अमित शाह

बस्तर दशहरा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी. बस्तर दशहरा समिति ने गृहमंत्री को दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मुरिया दरबार में शामिल होने का निमंत्रण दिया था. जिसके बाद गृहमंत्री यहां पहुंच रहे हैं. सभी को इंतजार है कि जनसभा को संबोधित करने के दौरान वे नक्सलियों की शांति वार्ता को लेकर क्या बोलेंगे. बताया जा रहा है कि यहां अमित शाह 'मिशन 2026' के तहत नक्सल उन्मूलन की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे. प्रतिनिधियों से संवाद के अलावा नक्सल उन्मूलन की रिपोर्ट वे अफसरों से लेंगे.

### योजना की किस्त करेंगे जारी

गृहमंत्री महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को सौगात देंगे. जहां वे 65 लाख महिलाओं के खाते में सीधे 606.94 करोड़ रुपये की राशि को ट्रांसफर करेंगे. इसके पहले ष्टरू विष्णु देव साय ने रायगढ़ के खरसिया में महतारी वंदन की 19वीं किस्त जारी की थी.

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उल्टी-दस्त से पीड़ित ग्रामीणों से की मुलाकात

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत भांड़ी में उल्टी-दस्त की समस्या से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की। मंत्री राजवाड़े ने प्रभावित मरीजों से अस्पताल एवं घर जाकर हालचाल जाना और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मंत्री राजवाड़े ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभावी उपचार, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता तथा पीड़ितों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का स्वास्थ्य और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# छत्तीसगढ़ के जंगलों में बाघों की आबादी में आई तेजी

**बिलासपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ गई है। यहां आंकड़ा 18 पहुंच गया है। जिनमें आठ शावक भी शामिल हैं। यह आंकड़ा प्रबंधन वनमंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान साझा की है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसी तरह प्लानिंग पर जोर दिया गया तो आंकड़ा बढ़ेगा और देश के दूसरे टाइगर रिजर्व की तरह यहां भी सैर के दौरान पर्यटकों को हर दिन बाघों का दीदार होगा। अचानकमार टाइगर रिजर्व में अब तक बाघों का सही आंकड़ा प्रबंधन ने साझा नहीं किया था। इसके पीछे सुरक्षा अहम वजह है। बाघों की संख्या को लेकर अक्सर आलोचना भी सामना भी करना पड़ता था। अब आलोचना जैसी स्थिति नहीं है। बीच-बीच में पर्यटकों को बाघ नजर आ रहे हैं। धीरे-धीरे कुनबा बढ़ रहा है। अब तो प्रबंधन ने अधिकृत आंकड़ा जारी कर दिया है। यह आंकड़ा गणना, ट्रैप कैमरे में तस्वीर और प्रत्यक्ष देखने के बाद जारी किया गया है।



ञ्जक्र में संख्या बढ़ने पर वनमंत्री ने अफसरों की पीठ भी थपथपाई और इसी तरह बाघों के संरक्षण पर बेहतर काम करने के निर्देश दिए। बाक्स-इसलिए बढ़ रही संख्या टाइगर रिजर्व प्रबंधन का दावा है कि यदि बाघों की संख्या बढ़ रही है।

### 16 साल पहले टाइगर रिजर्व घोषित

वर्ष 2009 में अचानकमार को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। इस लिहाज से अचानकमार को टाइगर रिजर्व बने 16 साल हो गए हैं। इन 14 सालों में प्रबंधन को लग रहा है कि यहां बाघों की संख्या बढ़ रही है। शुरुआत में जब आकलन करने के लिए ठोस साधन नहीं थे, तब बाघों की संख्या कभी 18 तो कभी 20 बताई जाती थी। अब आकलन का स्वरूप बदला गया है, इसमें सबसे प्रमुख ट्रैप कैमरे हैं। इन कैमरों की खासियत है कि इसके सामने से बाघ या बाघिन गुजरते ही यह आटोमेटिक क्लिक हो जाता है। अब इसका उपयोग बड़े पैमाने पर होने लगा है।

# अब घर में चमक रही सौर रोशनी, बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बने सेवकराम

**रायपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** सूर्य की किरणें अब सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी में नई ऊर्जा और आय का साधन भी बन रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने बैकुण्ठपुर के निवासी सेवक राम राजवाड़े की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया है। जहां कभी बढ़ते बिजली बिल उनकी चिंता बढ़ाते थे, वहीं अब वे बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन गए हैं। पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से न केवल घरेलू खपत व बिजली बिल की समस्या का समाधान हो रहा है।

**शून्य बिजली बिल**-राजवाड़े ने



अपने घर की छत पर 3 केवी क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। इस पर 78 हजार रूपए की सब्सिडी मिली है। परिणामस्वरूप, पहले जहां हर महीने हजारों रुपये का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है।

# उत्तरी जिलों में अधिक बारिश की संभावना, मौसम विभाग अलर्ट

**रायपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र बनने से मध्य छत्तीसगढ़ में मौसम बदला हुआ है। शुक्रवार को इसके प्रभाव से बिलासपुर में दिन में झाड़ी जैसी स्थिति रही। वहीं प्रदेश के अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कुछ स्थानों पर रात को झमाझम मेघ बरसे। शनिवार को भी मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। पांच अक्टूबर से बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है।

4 अक्टूबर का मौसम

मौसम विभाग की माने, तो प्रदेश में चार अक्टूबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश का क्षेत्र मुख्यत: उत्तर छत्तीसगढ़



रहने की संभावना है। पांच अक्टूबर से बारिश की गतिविधि में लगातार कमी होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक अवदाब अंदरुनी ओडिशा के ऊपर स्थित है और यह 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके शुरुआती दौर में उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अंदरुनी ओडिशा और उसके बाद उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर पहुंचने के बाद, इसके लगातार कमजोर होकर एक चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 24 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है।

### बिलासपुर का हाल

इधर शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे, रुक-रुककर बारिश भी होती रही। हल्की बारिश के कारण झड़ी जैसी स्थिति रही। इस वजह से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। नवरात्र के बाद दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और झांकी पर भी इसका असर हुआ। हालांकि भक्तों का उत्साह कब नहीं हुआ। अरपा नदी के तट पर देर रात तक भीड़ जुटती रही। मौसम में बदलाव के चलते दिन का तापमान सामान्य से कम रहा। अधिकतम तापमान लगभग 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

# तीन जिलों को मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात

**छत्तीसगढ़, प्रात: किरण संवाददाता।** में लगातार चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. इसी बीच अब वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य में तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1 हजार 77 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

राज्य सरकार ने जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिये बड़ी घोषणा की है. चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार



जांजगीर-चांपा मेडिकल कॉलेज के लिए 357.25 करोड़ रुपए, कबीरधाम मेडिकल कॉलेज के लिए 357.25 करोड़ रुपए और मनेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए 362.57 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

# तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे महिला अपराध

विशेषज्ञों का कहना है कि सांस्कृतिक शर्मिंदगी और प्रतिशोध का डर रिपोर्ट दर्ज कराने में बड़ी बाधाएं हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों का कारण पितृसत्तात्मक सोच, सामाजिक रूढ़िवादिता, शिक्षा और जागरूकता की कमी, कानूनों का कम प्रभावी कार्यान्वयन और महिलाओं के प्रति समाज की घटती संवेदनशीलता जैसे सामाजिक-आर्थिक और संरचनात्मक कारक हैं। भारत की चुनौती वैश्विक रुझानों के समान और उनसे भी बदतर है। कई देशों की तरह, भारत भी कम रिपोर्टिंग और कलंक से जूझ रहा है। लेकिन गहरी जड़ें जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रह और विशाल जनसंख्या घनत्व का मतलब है कि अघोषित अपराधों का एक छोटा सा प्रतिशत भी बहुत बड़ी संख्या में तब्दील हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों की तुलना इस बात पर जोर देती है कि समाधानों में हर देश की हिस्सेदारी है, अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लागू करने से लेकर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तक। कानूनों और जागरूकता के मामले में भारत में हाल ही में हुए सुधार सकारात्मक हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अभी भी कई समकक्षों से पीछे है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के वर्ष 2023 के महिला अपराधों के आंकड़े देश की तरक्की के आंकड़ों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। देश एक तरफ जहां रक्षा, विज्ञान, तकनीकी, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रहा है, वहीं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के मामलों में शर्मसार हो रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में उससे पिछले दो सालों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराध के ज्यादा मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पूरे देश में ऐसे करीब 4.5 लाख मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 448211 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में 445256 और 2021 में 428278 मामले थे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66381 मामले दर्ज किए गए, उसके बाद महाराष्ट्र में 47101, राजस्थान में 45450, पश्चिम बंगाल में 34691 और मध्यप्रदेश में 32342 मामले दर्ज किए गए। तेलंगाना प्रति लाख महिला जनसंख्या पर 124.9 अपराध दर के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि इसके बाद राजस्थान 114.8, ओडिशा 112.4, हरियाणा 110.3 और केरल में 86.1 अपराध दर दर्ज की गई। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498 के तहत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के मामले सबसे ज्यादा थे, जिनमें 133676 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 19.7 रही। महिलाओं के अपहरण और बंधक बनाने के 88605 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 13.1 रही। महिलाओं की गरिमा भंग करने के इरादे से हमला करने के 83891 मामले आए, जबकि बलात्कार के 29670 मामले दर्ज किए गए। अठारह वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं से बलात्कार के 28821 मामले आए और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों से बलात्कार के 849 मामले आए। बलात्कार के प्रयास के 2796 मामले दर्ज किए गए। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बच्चों से बलात्कार के 40046 मामले, यौन उत्पीड़न के 22149 मामले, यौन प्रताड़ा के लिए 2778 मामले, पोर्नोग्राफी के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के 698 मामले और कानून के अन्य प्रावधानों के तहत 513 मामले दर्ज किए गए। पुलिस के निपटारा आंकड़ों से पता चला कि पिछले वर्षों से 185961 मामले जांच के लिए लंबित थे, जबकि 448211 नए मामले दर्ज किए गए और 987 स्थानांतरित किए गए। इस तरह कुल 635159 मामले थे। एसिड अटैक के 113 मामले दर्ज किए गए। साल 2012 में दिल्ली में निर्भया के बलात्कार और हत्या के बाद जमीन पर ज्यादा कुछ बदला नहीं दिखता। कठोर कानून मौजूद हैं, पर वे कितने प्रभावी हैं? साल 2022 के लिए उपलब्ध आंकड़े दिखाते हैं कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 445256 मामले दर्ज किए गए, जो साल 2021 से चार फीसदी ज्यादा थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध का सबसे बड़ा हिस्सा पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता (31.4 फीसदी) के तहत दर्ज हुआ, जबकि सभी अपराधों में ह्यशील हनन की नीयत से महिलाओं पर हमलेह्न का हिस्सा 18.7 फीसदी था, और बलात्कार 7.1 फीसदी पर रहा। डब्ल्यूपीएस इंडेक्स (महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक) की 2023 की रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग साल 2023 में 128वें स्थान पर रही। डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और स्वीडन शीर्ष पर रहे, जबकि अफगानिस्तान, यमन और मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे निचले स्थान पर रहे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2022 में महिलाओं को निशाना बनाकर की जाने वाली राजनीतिक हिंसा के मामले में भारत शीर्ष 10 सबसे खराब देशों में शामिल है।

# बिहार विधानसभा 2025 - चुनावी आधिकारिक घोषणा बाकी - चुनावी बुखार चरम पर

**शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी व्यवस्था की बदहाल स्थिति है। कानून व्यवस्था के लिए अपराध दर और महिला सुरक्षा का प्रश्न है। मंहगाई और गरीबी आम आदमी की सबसे बड़ी समस्या है। इन मुद्दों पर कौन-सी पार्टी जनता को विश्वास दिला पाएगी, वही निर्णायक भूमिका निभाएगी। अगर आज बिहार में चुनाव हो तो परिदृश्य कुछ ऐसा दिखता है कि एनडीए को 128 सीटें, इंडिया गठबंधन को 109 सीटें और अन्य को 6 सीटें मिल सकता है। लेकिन यह तस्वीर पूरी तरह स्थिर नहीं है। 113 सीटों पर बेहद कड़ी टक्कर होगी जहां जीत-हार का अंतर 3% से भी कम हो सकता है। यही वह जगह है जहाँ जनसुराज की मौजूदगी नतीजा पलट सकता है। बिहार का चुनाव इस बार सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं है, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण और नेतृत्व की विश्वसनीयता की भी परीक्षा है।**








जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

बिहार में विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा भले ही अभी बाकी हो, लेकिन राजनीतिक गलियारों से लेकर गाँव-गाँव की चौपाल तक चुनावी चर्चाएँ चरम पर पहुँच गया है। सियासी बयानबाजी तेज हो चुका है, दलों के बीच गठजोड़ और तकरार का सिलसिला भी जारी है। जनसभाओं, रैलियों और यात्राओं के माध्यम से मतदाताओं को साधने की कवायद जारी है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि माहौल साफ संकेत दे रहा है कि बिहार एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। इस बार की लड़ाई पारंपरिक एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। वहीं, प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज अपनी अलग राजनीतिक जमीन तलाशते हुए वोट कटवा की छवि में उभरते दिख रहा है। प्रश्न यह है कि बिहार की जनता इस चुनाव में किसे चुनती है? कौन होगा सत्ता का असली हकदार? और किन मुद्दों पर जनता अपना वोट डालेगी? बिहार की राजनीति हमेशा से जातीय समीकरण, नेतृत्व की विश्वसनीयता और गठबंधन की मजबूती पर टिकी रही है। 1960-70 के दशक में कांग्रेस का दबदबा रहा। 1970-80 के दशक में समाजवादी धारा, कर्पूरी ठाकुर और लालू प्रसाद जैसे नेताओं के उदय ने राजनीति की दिशा बदल दी। 1990-2005 लालू-राबड़ी शासनकाल रहा, जिसे जंगलराज और पिछड़े वर्ग की राजनीति दोनों दृष्टियों से याद किया जाता है। 2005 के बाद नीतीश कुमार ने विकास और सुशासन के नारे पर राजनीति को नया आयाम दिया। आज की स्थिति यह है कि बिहार की राजनीति में तीन ध्रुव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। एनडीए (भाजपा+जदयू), इंडिया गठबंधन (राजद+कांग्रेस+अन्य सहयोगी दल) और तीसरा विकल्प जनसुराज (प्रशांत किशोर एव छोटे दल)। एनडीए की राजनीति बिहार में मुख्य रूप से भाजपा और जदयू पर आधारित है। हालाँकि लोजपा (रामविलास) और अन्य सहयोगी दल भी हैं, लेकिन असली ताकत इन्हीं दोनों के पास है। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पार्टी है और बिहार में भी उसका कैडर वोट है। लेकिन इस बार पार्टी के सामने कुछ चुनौतियाँ हैं, स्थानीय नेताओं के बीच आपसी खींचतान। जमीनी कार्यकर्ताओं का असंतोष। केंद्रीय नेतृत्व पर अत्यधिक निर्भरता। नीतीश कुमार के साथ रिश्तों में आई खटास। भाजपा का परंपरागत वोट बैंक शहरी क्षेत्रों और उच्च जातियों में मजबूत है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उसे जदयू के सहयोग पर निर्भर रहना पड़ता है। नीतीश कुमार भले ही उम्रदराज हो चुके हैं, लेकिन उनकी छवि आज भी सुशासन बाबू की बनी हुई है। गाँव-गाँव में सरकारी योजनाओं (सात निश्चय, महिला सशक्तिकरण, सड़क-पानी-बिजली) की छाप है। यादव-मुस्लिम वोट बैंक पर सीधा दावा भले ही न हो, लेकिन महादलित और पिछड़ों में उनकी पकड़ मजबूत है। भाजपा के मुकाबले वे जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि अगर आज चुनाव हो जाए तो जदयू सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरेगा। चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) अभी भी अपने पिता की विरासत को भुनाने में लगा हुआ है। वह भाजपा के सहयोग से कुछ सीटें जीत सकता है, लेकिन निर्णायक ताकत नहीं है। इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत राजद है। लालू प्रसाद के करिश्मा और तेजस्वी यादव के नेतृत्व का मेल। यादव-मुस्लिम समीकरण अभी भी मजबूत है। ग्रामीण इलाकों में कैडर वोट पूरी तरह एकजुट है। भ्रष्टाचार और जंगलराज की छवि अब धीरे-धीरे धुंधली पड़ रही है, खासकर नई पीढ़ी में। इस चुनाव में राजद के वोट में बिखराव लगभग शून्य है। यही वजह है कि राजद अपने परंपरागत वोट बैंक से आगे बढ़कर गैर-यादव पिछड़ों को भी जोड़ने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस बिहार में कमजोर है, लेकिन राजद के सहारे वह कुछ सीटें जीत लेती है। कांग्रेस की सक्रियता का सबसे बड़ा फायदा राजद को मिल रहा है। कांग्रेस अपने संगठन को जमीन पर उतारने की कोशिश कर रहा है। लेकिन चुनावी समीकरणों में उसकी अहमियत राजद को मजबूत करने तक ही सीमित दिख रहा है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कुछ छोटे-छोटे दल इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। इनकी जमीनी पकड़ भले ही सीमित हो, लेकिन विपक्षी एकजुटता का संदेश देने में अहम हैं। प्रशांत किशोर लंबे समय तक चुनावी रणनीतिकार के रूप में सक्रिय रहे हैं। लेकिन जब उन्होंने राजनीति में उतरने का फैसला किया तो जनता की अपेक्षाएँ बड़ी थी। उनकी जनसुराज यात्रा गाँव-गाँव तक पहुँची। युवा वर्ग में उनकी कुछ अपील है। लेकिन फिलहाल उनकी पार्टी को वोट कटवा की श्रेणी में ही देखा जा रहा है। जनसुराज की चुनौती है संगठन की कमी। विश्वसनीय चेहरा नहीं बन पाना। जमीनी कार्यकताओं का अभाव। यही कारण है कि उनकी मौजूदगी फिलहाल एनडीए और इंडिया गठबंधन के समीकरण बिगाड़ने तक ही सीमित दिखता है। एनडीए की ओर से चलाई जा रही वोटर अधिकार यात्रा को लेकर काफी चर्चा है। लेकिन विश्लेषण से पता चलता है कि इसका असर बहुत सीमित है। यात्रा उन्हीं इलाकों से गुजर रही है जहाँ पहले से एनडीए की पकड़ मजबूत है। नए मतदाताओं को जोड़ने या विपक्ष के वोट बैंक में सेंध लगाने की संभावना नगण्य है। यह यात्रा ज्यादा प्रचार अभियान बनकर रह गई है, वास्तविकता में वोट पर असर नहीं दिख रहा है। बिहार की राजनीति जातीय समीकरणों के बिना अधूरी है। राजद की यादव और मुस्लिम दीवार मजबूत है। वहीं जदयू का कुर्मी, अति पिछड़ा और महादलित आधार मजबूत है। भाजपा का परंपरागत वोट बैंक ऊँची जातियाँ (ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार, कायस्थ) है। लोजपा का पासवान समाज ही आधार है। यही कारण है कि हर पार्टी चुनाव प्रचार में विकास के साथ-साथ जातीय प्रतिनिधित्व की राजनीति को भी साधने में जुटी है। भले ही दल गठबंधन और रणनीति बनाते रहें, लेकिन जनता का मूड मुद्दों पर भी निर्भर करेगा। रोजगार और बेरोजगारी के लिए बिहार से सबसे अधिक पलायन हुआ है।

# 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस एक कदम गांगेय डॉल्फिन की ओर

**डॉ गोपाल शर्मा की माने तो 1993 में अररिया जिले में एक घटना घटी थी जिसमें लगभग 10 फुट की मादा गर्भवती डॉल्फिन अररिया के मरिया धार में फंस गयी थी। वन विभाग के अधिकारियों ने सप्राइज देने के लिए उस डॉल्फिन को बिना एक्सपर्ट का सहारा लिए जीप की ट्रॉली में पटना भेजना चाहा। लेकिन कुछ ही दूर चलने के बाद उस गर्भवती मादा डॉल्फिन की मौत हो गयी। इस मृत मादा डॉल्फिन का पटना के जू अस्पताल में डिसेक्शन डॉल्फिनमैन प्रो आर. के. सिन्हा एवं डॉ.गोपाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया। मृत डॉल्फिन के गर्भ से 7 महीने का भ्रूण (बच्चा) मिला।**



संजय कुमार
लेखक

गांगेय डॉलफि न आज भी गंभीर खतरे में है। भारत, नेपाल और बांग्लादेश की नदियों में पाई जाने वाली मीठे पानी की एकमात्र डॉलफि न प्रजाति की संरक्षण स्थिति बहुत चिंताजनक है। खतरे की स्थिति को देखते हुए गांगेय डॉलफि न को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट में ह्यलुप्तप्रायह्न प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। तो वहीं, भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972ः में इसे अनुसूची-कके तहत पूर्ण सुरक्षा प्रदान की गई है, जिसका अर्थ है कि इसका शिकार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है और कानूनी रूप से दंडनीय है। इसके संरक्षण को लेकर हर ओर पहल की गूंज सुनाई पड़ती रहती है, क्योंकि वर्ष 1957 के बाद से गांगेय डॉलफि न की आबादी में 50% से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालिया सर्वेक्षणों को देखें तो भारत में गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन में इनकी अनुमानित संख्या लगभग 6,327 है, जिसमें उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 2,397 और बिहार में 2,220 हैं। विशेषज्ञों की मानने तो डॉल्फिन की आवादी की कमी के पीछे प्रदूषण, अवैध शिकार, नदी के बहाव में बदलाव और आवास विखंडन जैसे खतरें अहम हैं। डॉल्फिन संरक्षण को लेकर बड़ा कदम केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मार्च 2022 में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा के साथ की थी। इसका मुख्य उद्देश्य डॉल्फिन संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करना है। तब से 5 अक्टूबर को हर साल राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाता है और डॉल्फिन के संरक्षण और उनके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। यों तो बिहार में डॉल्फिन दिवस 2012 से ही मनाया जाता रहा है जिसका पूरा श्रेय उस समय के विभाग के सचिव रहे दीपक सिंह को जाता है। डॉल्फिन संरक्षण मुहिम के बीच मौत की खबरें बीच-बीच में आती ही रहती है। डॉल्फिन को वर्ष 2009 में भारत का राष्ट्रीय जलीय जन्तु घोषित किया गया था। एक कदम और बढ़ा जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2020 को नदी और समुद्री डॉल्फिन दोनों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया। जहाँ तक बिहार में डॉलफि न का सवाल है तो हाल ही में जारी नदी डॉलफि न सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, बिहार देश में दूसरा सर्वाधिक डॉलफि न वाला राज्य है। गंगा नदी के अलावा, बिहार में डॉलफि न घाघरा गंडक, कोसी, महानंदा, कमला-बलान, पनार और बागमती जैसी नदियों में पाई जाती हैं। डॉलफि न की सबसे अधिक संख्या बिहार में सुल्तानगंज से कहलगाँव के बीच है, जहाँ विक्रमशिला गांगेय डॉलफि न अभयारण्य स्थित है। जागरूकता की वजह से इनके अवैध शिकार में कमी आई है, लेकिन अभी भी खतरे बने हुये हैं। विक्रमशिला गांगेय डॉलफि न अभयारण्य भारत का एकमात्र डॉलफि न अभयारण्य है, जो बिहार के भागलपुर जिले में सुल्तानगंज से कहलगाँव तक गंगा नदी के 60 किमी. के खंड में फैला हुआ है। यह डॉलफि न के लिए एक प्रमुख संरक्षित क्षेत्र है। डॉलफि न को अहम मानते हुए एशिया का पहला राष्ट्रीय डॉलफि न अनुसंधान केंद्र, पटना में बना है, जिसका उद्घाटन 4 मार्च, 2024 को पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के तट पर किया गया। बात बिहार में डॉल्फिन को देखने की तो सूदन सहाय, बिहार राज्य वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य रहे हैं, जिन्होंने पहली बार वर्ष 1992 में डॉल्फिन को देखा था। अजीबो गरीब जलीय प्राणी को पटेगना-पलासी के दोमुहाना घाट पर लोग देख कर हैरत में पड़ गये थे। ग्रामीणों की भीड़ ने उसे राक्षस यानि राकस का नाम देते हुए मार डाला था। सूदन सहाय कहते है कि यहाँ की डॉल्फिन पनार के ही मूल जलीय प्राणी हैं। तब से इसके संरक्षण से वे जुड़े रहे हैं। अररिया में डॉल्फिन संरक्षण में सालों से सक्रिय सूदन सहाय कहते हैं कि बिहार में डॉल्फिन को संरक्षित करने में अहम भूमिका मछुआरों की है। करेंटी जाल में फंसने से डॉल्फिन की मौत हो जाती है। ऐसे में लगातार मछुआरों को जागरूक किया जाता है। सुदन सहाय कहते हैं कि मछुआरों का जीवन नदी और मछली पकड़ने पर निर्भर है। ऐसे में सरकार को मछुआरों को समय-समय पर प्रशिक्षण और सहायत राशि भी दी जाए। और अगर उनके जाल में फंसते है तो उसे सुरक्षित फिर से पानी में छोड़ने या जान बचाने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि दिया जाना चाहिए। क्योंकि डॉल्फिन के करीबी कोई है तो मछुआरा ही होता है। वहीं, डॉल्फिन के जानकार डॉ. गोपाल शर्मा, अंतरिम निदेशक, राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना कहते हैं बिहार की नदियों में डॉलफि नों को आवास विखंडन, जल प्रदूषण, घटते जल स्तर, बड़े- बड़े क्रूज का चलना, बाल खनन के नाव का परिचालनऔर मछुआरों द्वारा आकस्मिक या जानबूझकर हत्या जैसे खतरों का सामना करना पड़ता है। पिछले तीस वर्षों में, केवल अररिया में कम से कम 11 डॉलफि न की मृत्यु दर्ज की गई है, जो अक्सर मछली पकड़ने की गतिविधियों और पारिस्थितिकी दबावों के कारण होती रही है। हाल के सर्वेक्षणों ने अररिया की परमान और महानंदा दोनों नदियों में गंगा डॉलफि न की उपस्थिति की पुष्टि की है, और परमान नदी में 2013 में 35 से 2021 में लगभग 50 तक की संख्या में वृद्धि देखी गई है। वे कहते हैं स्वच्छ नदी अभियान और तकनीकी सर्वेक्षण, आवास स्थितियों का आकलन करने और समुदाय को डॉलफि न-सुरक्षित प्रथाओं, जैसे हानिकारक मछली पकड़ने के जालों से बचने और नदी प्रदूषण को कम करने, के बारे में शिक्षित करने के लिए किए गए हैं।

# स्वदेशी महज एक नारा

हम सात दशकों से ह्यस्वदेशीह्न के नारे सुन रहे हैं। आजादी से पहले भी यह आरएसएस का बुनियादी मुद्दा था। 1951 में ह्यजनसंघह्न का गठन हुआ, तो संघ के इस मुद्दे को राजनीतिक तौर पर ग्रहण किया गया। ह्यजनसंघह्न का यह चुनावी मुद्दा भी होता था। जब 1980 में भाजपा का गठन हुआ, तो उसने भी ह्यस्वदेशीह्न का खूब प्रचार किया। दरअसल हम ह्यस्वदेशीह्न के विरोधी नहीं हैं, क्योंकि यह देश की आत्मनिर्भरता का प्राथमिक मुद्दा है। अब आरएसएस के शताब्दी समारोह और ह्यदशहरा संबोधनह्न में क्रमशः प्रधानमंत्री मोदी और सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक बार फिर ह्यस्वदेशीह्न का गुणगान किया है। स्वदेशी और खादी को देश की आजादी से जोड़ा है, लेकिन सवाल है कि क्या ह्यस्वदेशीह्न से ही 146 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का गुजारा संभव है? क्या देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार संभव है? हमारा मानना है कि वैश्विक उदारीकरण के दौर में ह्यस्वदेशीह्न के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी निवेश, निर्यात और अंततः आत्मनिर्भरता संभव नहीं हैं। खादी का उत्पादन 3783 करोड़ रुपए का है और व्यापार 7146 करोड़ रुपए का है। वैश्विक व्यापार में भारत विश्व में 10वें स्थान पर है। हम 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था हैं। महज इतनी व्यापारिक पूंजी से देश कैसे चल सकता है? भारत का कुल निर्यात 37 लाख करोड़ रुपए और आयात 61 लाख करोड़ रुपए का है। लिहाजा हमारा व्यापार घाटा करीब 9000 करोड़ रुपए का है। यदि ह्यस्वदेशीह्न को 100 फीसदी लागू करना है, तो सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों की चिंता स्पष्ट करें, जो ह्यस्वदेशीह्न की रीढ़ हो सकते हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान तालाबंदी से 75082 लघु और कुटीर कंपनियां बंद हो गईं। उससे पहले वे नोटबंदी से व्यापक तौर पर प्रभावित हुईं। अनुमान है कि ऐसे कुटीर उद्योगों की करीब 6 लाख कंपनियां, फैक्टरियां बंद हो चुकी हैं। बेशक सरकार ने आर्थिक पैकेज और आसान बैंकिंग कर्ज घोषित किए, लेकिन एमएसएमई के अस्तित्व को बचाया नहीं जा सका। सरकार औपचारिक बयान देकर कुटीर उद्योगों की अद्यतन स्थिति स्पष्ट कर सकती है। मोदी सरकार ने देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में मैन्यूफैक्चरिंग के योगदान का लक्ष्य 23 फीसदी तय किया था। वह 16-17 फीसदी से घटकर करीब 13 फीसदी पर आ गया है। जब भारत मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में फिलहाल पिछड़ा है, तो ह्यस्वदेशीह्न कैसे संभव है? भारत में ह्यस्वदेशीह्न उत्पादन और अर्थव्यवस्था की सोच को 1991 से पहले ही लागू करनी चाहिए थी। जो भूमंडलीकरण और उदारीकरण 1991 में भारत में शुरू किया गया, उसे 1979 में ही चीन में लागू कर दिया गया था, नतीजतन उसे बहुत पहले आत्मनिर्भर होने में मदद मिली। आज उसकी औद्योगिक नीति ऐसी है कि वह किसी भी देश पर आश्रित नहीं है। अमरीका के साथ मात्र 13-14 फीसदी व्यापार की ही उसे जरूरत है। यदि वह भी नहीं हो, तो चीन की अर्थव्यवस्था डांवाडोल नहीं हो सकती। भारत की ऐसी कोई पुख्ता औद्योगिक नीति नहीं है। आज दक्षिण पूर्व एशिया के देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत सरीखे शक्तिशाली देश को पछाड़ रहे हैं। जरा प्रधानमंत्री या वाणिज्य मंत्री इन देशों का एक बार दौरा कर आएं, तो पता चल जाएगा कि व्यापार कैसे करना है? अमरीका ने हम पर 50 फीसदी टैरिफ थोप रखा है। उससे उन कंपनियों पर विपरीत असर पडा तय है, जिन्होंने करोड़ों का माल बना रखा है।

# विदेश में देश की छवि खराब करना उनकी आदत

कांतिलाल मांडोत

कांग्रेस सांसद और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कोलम्बिया के ईआईए विश्वविद्यालय के एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हमला है। भारतीय सरंचना में कमी बताते हुए कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला हो रहा है। राहुल देश मे किसी भी राज्य के चुनाव के पूर्व ओछी राजनीति करने के लिए एवं भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला करने विदेश जाते है। भारत मे उनकी कोई नही सुनता है। इसलिए हरबार विदेश में भारत की बुराई या सतारूढ़ सरकार की आलोचना करते है। भारत दुनिया मे सबसे बड़ा लोकतंत्र है। राहुल गांधी इतने ही नासमझ तो नही होने चाहिए, जोकि अपने देश की बुराई विदेश में जाकर करते है। भारत की विदेश नीति दुनिया मे सबसे अच्छी है। भारत के दुनिया के कई देशों के साथ द्विपक्षीय सम्बब्ध है। भारत की दुनिया जयकारा लगाती है। लेकिन भारत की आलोचना कर सतारूढ़ सरकार का कोई नुकसान नही कर रहे है, बल्कि अपनी ही पार्टी कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित हो रहे है। विदेश में भारत को बदनाम करने औरभारत की छवि को घुमिल करने का कार्य कर रहे है। कांग्रेस की सोची समझी साजिश के तहत सतारुढ़ पार्टी को हटाने के लिए किया जा रहा षडयंत्र कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकता है। राहुल गांधी को यह सब करने के लिए मजा आता है। विदेश में राहुल ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बोस्टन में हमला बोला और चुनाव आयोग को घेरते हुये उन्होंने कम्प्रोमाइजड बताया। राहुल गांधी कांग्रेस के शायद पहले नेता है, जिन्होंने विदेश में सतारूढ़ सरकार पर कई बार हमलावर हुए है। कांग्रेस नेता राहुल जानबूझकर भाजपा को बदनाम कर रहे है। क्योकि भारत मे उनके आरोप कोई बड़ा परिवर्तन नही करता है। इसलिए विदेश में जाकर छात्र छात्राओं के समक्ष कटुता उजागर करते है। भाजपा ने विदेश यात्रा पर हमला बोलते हुए भाजपा ने भारत बदनाम यात्रा कहा है। कांग्रेस अपनी नाकामयाबी का ठीकरा भाजपा पर फोड़ रही है। कांग्रेस के लिए देश मे कई अवसर आए और चले गए, लेकिन कांग्रेस उसी पुराने ढर्रे पर चल रही है। 2024 का चुनाव होने के बाद चिंताग्रस्त कांग्रेस ने राहुल को विदेशी यात्रा के लिए रवाना किया। पिछले वर्ष अमेरिका के प्रेस क्लब में राहुल ने भारतीय लोकतंत्र पर बड़ा हमला बोला और कहा कि भारत में पिछले दस सालों में ब्रोकन हुआ था यानी टूटा है। अब वह लड़ रहा है। दस सालों के बाद कांग्रेस को लोकसभा में विपक्ष का पद प्राप्त हुआ है। क्योकि कांग्रेस 99 सीटे जितने के बाद कांग्रेस ने उन्हें विपक्ष को घेरने के लिए राहुल को अध्यक्ष का पद दिया गया। जवाहरलाल नेहरू से राजीव गांधी तक एक ही पिक पर कांग्रेस कार्य कर रही है। कांग्रेस की नीतियां चुनाव में प्रत्याशियों को पीछे करने के लिए मजबूर करती है। राहुल ने यह सवाल कहकर उनकी और कांग्रेस की मूल भावना को ही उजागर कर दिया था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019में चुनाव हुआ उसमे मतदाताओ ने वोट नही डाला था। यह राहुल की भावना ही दशार्ती है। कांग्रेस विपक्षी दल है। सरकार ने सवाल करने का पूरा हक है। लेकिन कोई भी मुद्दा तथ्यात्मक होना चाहिए। बेबुनियाद बयानबाजी से कांग्रेस को ही नुकसान होता दिखाई दे रहा है। राहुल बिना आधार का आरोप लगाकर सुर्खियों में रहना चाहते है। ब्रसेल्स के यूरोपियन यूनियन में राहुल ने कहा था कि फुल स्केल एसॉल्ट हो रहा है। यानी भारतीय संस्थाओ की निष्पक्षता पर सवाल उठाया था। इतना ही नही आइडियाज ऑफ इंडिया सम्मेलन में राहुल ने भारतीय संस्थाओं को परजीवी कहा था। 2022 में राहुल ने भारतीय संस्थाओ पर अंगुली निर्देश कर राहुल ने फिर भारत को बदनाम करनी की कोशिश की गई। 2018 में यूके औरजर्मनी में राहुल गांधी ने कहा था प्रधानमंत्री देशभक्त नही है। देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुने हुए प्रधानमंत्री पर गम्भीर आरोप था। नोटबन्दी को लेकर कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री होते तो इस प्रस्ताव को कूड़ेदान में फेंक देते। यह बयान राहुल ने मलेशिया में नोटबन्दी को लेकर दिया था। अभिव्यक्ति की आजादी के स्वतंत्र अभिगम को लेकर बेबुनियाद आरोपो की झड़ी लगाई जा रही है। सिंगापुर में कुआन यूपब्लिक पॉलिसीने राहुल ने 2018 में आरोप लगाया और कहा कि भारत मे डर और नफरत का माहौल है। यह सवाल अंतराष्ट्रीय मंच पर छवि को खराब करने का माहौल था। भारत मे तो सप्ताह में आरोपो की झड़ी लगती ही है। लेकिन विदेश में राहुल हरदम आरोप लगाने के लिए ही भेजे जाते है। 2018 में बहरीन में राहुल ने अपने भाषण के दौरा ठक्क सम्मेलन में मन की भड़ास निकालते हुए कहा भारत मे नफरत फैलाने में सरकार व्यस्त है और बेरोजगारी को रोकने में भाजपा सरकार नाकाम रही है। देश की छवि को घूमिल करते राहुल ने अमेरिका के बर्कडे स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि भारत मे सरकार केवल सौ टॉप कम्पनियो के लिए काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### देवरिया में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

देवरिया। देवरिया जिले के सलेमपुर में बारिश के दौरान खिड़की के पास बैठ कर मोबाइल देख रहे युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, देवरिया जिले के सलेमपुर उपनगर के भरौली वार्ड निवासी पीयूष शर्मा (18) आईटीआई के छात्र थे। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह बारिश के बीच पीयूष घर की खिड़की के पास बैठकर मोबाइल देख रहे थे और अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर ले गये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### वाराणसी में लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाने पर पुजारी को धमकी, दो आरोपी गिरफ्तार

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी के मदनपुरा इलाके में लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाने पर एक मंदिर के पुजारी को धमकाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुजारी संजय प्रजापति ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को हनुमान मंदिर में पूजा करने के बाद, उन्होंने टेप रिकॉर्डर पर भक्ति गीत चलाए, तभी अब्दुल नासिर और उसका बेटा वहां आए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने लाउडस्पीकर बंद करने को कहा और चेतावनी दी कि अगर दोबारा भक्ति गीत बजाया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसके बाद, कई लोग पुजारी को घेरकर धमकाने लगे, जिसके बाद पुजारी ने पुलिस को शिकायत दी। काशी जोन के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसल ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और दोनों आरोपियों को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया गया।

### सोशल मीडिया पर भगवान शिव की आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। सोशल मीडिया पर भगवान शिव की एक आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित करने के आरोप में उत्तर प्रदेश के बलिया में 28 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बलिया जिले में पकड़ी थाना क्षेत्र के मेउली गांव में रहने वाले संदीप गौतम उर्फ रंजन ने सोशल मीडिया पर ह्यजाटव जी बोलीह्न आईडी का इस्तेमाल कर हिंदू देवता भगवान शिव की एक कथित आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित की थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### नोएडा में सिलेंडर से रसोई गैस लीक होने के कारण मकान में आग लगी, पांच लोग झुलसे

नोएडा। नोएडा के भंगेल गांव में शुक्रवार रात सिलेंडर से रसोई गैस लीक होने के कारण एक मकान में आग लग जाने से एक परिवार के पांच लोग झुलस गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि मकान में किराए पर रह रहा परिवार भोजन बना रहा था तभी सिलेंडर से गैस लीक होने लगी और समय रहते रिसाव का पता न चल पाने के कारण अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण हरिमोहन व्यास (55), उसकी पत्नी राजकुमारी (50) और उसके तीन बेटे सचिन (25), शिवम (22) एवं हिमांशु (19) झुलस गए। चौबे ने बताया कि उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है और बताया गया है कि सभी की हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग की टीम सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया।

### नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख हड़पे

मोदीनगर। गांव पैंगा निवासी रजनी शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों उनके घर पर गांव निवासी रेनू पंवार अरविंद शर्मा को लेकर आई। रेनू ने बताया कि अरविंद समाज कल्याण विभाग मे अधिकारी है। आरोपियों ने महिला को समाज कल्याण विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया और 1.60 लाख रुपये ले लिए। लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने पर महिला को ठगी को अहसास हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेकिंग के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

ट्रांस हिंडन। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में अपने नाम आकाश,अमित उर्फ रोहित और कुलदीप बताया। इनके पास से पुलिस को आठ मोबाइल, चोरी की स्कूटी और बाइक बरामद हुई।

# नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए अपनाएं वैज्ञानिक पद्धति: योगी आदित्यनाथ

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने शनिवार को राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में योगी ने कहा, किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाए और जलसंरक्षण की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम इसके लिए सबसे उपयुक्त है क्योंकि इससे भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और ह्यडार्क जोनह्न वाले क्षेत्रों में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाण सागर, मध्य गंगा जैसी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर उसमें कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन से ग्रामीण और शहरी इलाकों में पानी की समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नलकूपों का प्राथमिकता के आधार पर जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण किया जाए, फलस्वरूप सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, किसानों की लागत घटेगी और उन्हें आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आदित्यनाथ ने कहा कि नलकूपों के आधुनिकीकरण और जल संरक्षण की इन पहलों से आने वाले समय में राज्य का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# नोएडा में डेंगू का प्रकोप : चार दिन में मिले 53 नए मरीज, मामलों की संख्या 419 पर पहुंची

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में डेंगू का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार दिनों में डेंगू के 53 नए मामले सामने आए हैं। इन मरीजों के घरों और आसपास के इलाकों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया है, ताकि मच्छरों के प्रकोप पर काबू पाया जा सके। मलेरिया विभाग की अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने जानकारी दी कि 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच इन नए मामलों की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही, अब तक जिले में डेंगू के कुल मामलों की संख्या 419 तक पहुंच गई है। यह स्थिति स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। जिन क्षेत्रों में मरीजों की पहचान हो रही है, वहां विशेष रूप से फॉगिंग और एंटी-लार्वा स्प्रे कराया जा रहा है। इतना ही नहीं, कई मामलों में मरीजों के दफ्तरों से भी संपर्क साधा गया है और वहां भी मच्छरों को खत्म करने के लिए छिड़काव किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, क्योंकि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ पानी में पनपता है। लोगों को पानी की टंकियों और कूलरों को नियमित रूप से साफ करने, पुराने बर्तनों, टायरों और गमलों में पानी जमा न होने देने की सलाह दी गई है। डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू से बचाव के लिए समय पर जांच कराना सबसे जरूरी है। साथ ही, किसी भी प्रकार के बुखार को हल्के में न लिया जाए। डेंगू के शुरूआती लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, लाल चकत्ते और कमजोरी शामिल हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि मरीजों को उचित इलाज और निगरानी दी जा रही है। जिले के सभी अस्पतालों को सतर्क कर दिया गया है और डेंगू जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि डेंगू के मामलों में तेजी से रोकथाम की जा सके। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक लोग स्वयं सतर्क नहीं होंगे, तब तक बीमारी पर पूर्ण नियंत्रण पाना मुश्किल होगा।

## मुजफ्फरनगर: सराफा व्यापारी से लूट का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर, एक लाख रुपए का था इनाम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात परसोली के जंगल में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक लाख रुपए के इनामी बदमाश मेहताब को ढेर कर दिया। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक सब-इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल भी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मेहताब का साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस ने घंटों जंगल में कांबिंग की। मामला बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के जोला रोड का है। पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि एक लाख के इनामी बदमाश मेहताब और उसका साथी बाइक से आ रहे हैं। सूचना पर बुढ़ाना थाने की पुलिस टीम ने परसोली जंगल के पास घेराबंदी की। जैसे ही बाइक सवार दो बदमाश नहर पटरी पर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें सरेंडर करने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान चौकी इंचार्ज ललित कसाना (सब-इंस्पेक्टर) और कांस्टेबल अली को गोली लग गई। उधर, मेहताब को भी पुलिस की गोली लग गई, जिससे वह मौके पर गिर पड़ा। उसे बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेहताब के शव के पास से एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा, 9 एमएम की पिस्टल, एक .38 बोर का रिवॉल्वर और कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा, 14 सितंबर 2025 को बुढ़ाना के सराफा व्यापारी नेमचंद वर्मा और उनके पोते शिवम से लूटी गई लगभग डेढ़ किलो चांदी, तीन तोला सोना और 4 हजार रुपये बरामद किए गए। लूट के दौरान बदमाशों ने शिवम पर चाकू से हमला कर घायल किया था और उसे ईख के खेत में बांध दिया था। इस घटना के बाद मेहताब पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया और बताया कि मेहताब शामली जिले के रसूलपुर सोंटा का निवासी था। उसके खिलाफ मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर समेत आसपास के जिलों में लूट, डकैती, हत्या और रंगदारी जैसे 18 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय था और इलाके में दहशत का पर्याय था। एसएसपी ने कहा कि मेहताब सराफा लूटकांड का मुख्य आरोपी था, जिसके गिरोह ने करीब 10 लाख रुपए के जेवरात लूटे थे। बरामद किए हथियारों में एक सरकारी .38 बोर रिवॉल्वर भी शामिल है, जो संभवतः चोरी की गई होगी। मुठभेड़ की सूचना पर एसपी देहात आदित्य बंसल भी मौके पर पहुंचे। एसएसपी वर्मा ने कहा कि अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। घायल पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर बताई जा रही है। मेहताब का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# शाहपुर में भगवान राम के राजतिलक के साथ रामलीला महोत्सव का भव्य समापन

## कमेटी के मैराथन प्रयास से ऐतिहासिक हुआ आयोजन

प्रात : किरण : डॉ . अनुज अग्रवाल
मनोज जैन

शाहपुर, मुजफ्फरनगर। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राजतिलक के साथ ही शाहपुर में पिछले एक पखवाड़े से चल रहे रामलीला महोत्सव का रात्रि में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग देने वाले कमेटी के समस्त कार्यकताओं, वृन्दावन धाम के कलाकारों, पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत, बीज गोदाम के अधिकारियों और मेन बाजार के व्यापारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। बेहतरीन रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों को पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के नेतृत्व में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में इस बार पिछले वर्षों की तुलना में अधिकतम दर्शक गण भगवान राम के पावन चरित्र का प्रदर्शन देखने पहुंचे। वृन्दावन धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली ने अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी। रात्रि में रंगमंच पर 14 बरस के वनवास के बाद अयोध्या लौटे भगवान राम, लक्ष्मण एवं जानकी का भव्य स्वागत





एवं भरत मिलाप का मंचन हुआ। इसके पश्चात मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का राजतिलक किया गया। कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ नगर वासियों को भी भगवान राम का राजतिलक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी एवं स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल ने इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने पर थाना प्रभारी मोहित चौधरी सहित समस्त स्टाफ, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, सफाई नायक राजीव मेहरा, संदीप पाल, विद्युत विभाग के अवर अभियंता श्याम किशोर पंडित, मेन बाजार के रामलीला मैदान के सभी व्यापारियों, फल और सब्जी विक्रेताओं और वृन्दावन धाम की कलाकार मंडली का आभार व्यक्त किया। कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल ने दिन-रात मेहनत कर आयोजन को सफल बनाने वाले कमेटी के तमाम पदाधिकारियों एवं पर्दे के पीछे रहकर रामलीला कमेटी का अभिन्न अंग कहे जाने वाले सभी कार्यकताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर विशेष रूप से श्यामपाल सिंघल भाई जी, सुनील मित्तल, बालेश सिंघल, अरुण मित्तल, भंवरपाल कश्यप, मणिकांत मित्तल, सचिन सिंघल, अनिल बंसल आढ़ती, मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल, सुदेश अग्रवाल, दिनेश पाल नन्दा, बृजमोहन कोरी, अक्षय गोयल, राधेश्याम नामदेव, मनोज सैनी, सोनू सैनी, शशांक सिंघल, अमन मित्तल, बबलू नामदेव, विशाल कर्णवाल, नीरज कर्णवाल (गोल्डी), अनिल गोयल, मुकेश मित्तल, प्रमोद कर्णवाल, पवन सक्सेना, अंकित सिंघल, अक्षय गोयल, प्रवीण शर्मा, राहुल सैनी, अजय बंसल, मोहित बंसल, विनय नामदेव, श्यामलाल बच्ची सैनी, डॉ. अनुज अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, शिवम सिंघल, विनित मित्तल और अमन मित्तल का विशेष योगदान रहा।

## पाकिस्तान जिंदाबाद लिखी पोस्ट साझा करने के आरोपी को जमानत मिली



प्रात : किरण संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की प्रशंसा से जुड़ी एक पोस्ट साझा करने के आरोपी व्यक्ति को जमानत दे दी। मेरठ के निवासी साजिद चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज किया गया था और वह इस साल 13 मई से जेल में बंद था। विवादित पोस्ट में कथित तौर पर लिखा था, ह्यकामरान भट्टी, मुझे आप पर गर्व है, पाकिस्तान ज़िंदाबादह्न। न्यायमूर्ति संतोष राय ने जमानत याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का संदेश पोस्ट करने से लोगों के बीच आक्रोश या वैमनस्य भड़क सकता है और यह बीएनएस की धारा 196 (शत्रुता को बढ़ावा देना) के तहत दंडनीय हो सकता है, लेकिन इस मामले में बीएनएस की धारा 152 के कड़े प्रावधान लागू नहीं होते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि चौधरी को गुप्त उद्देश्यों के कारण झूठे मामले में फंसाया गया है और उन्होंने केवल पोस्ट साझा की थी, कहीं भी कोई वीडियो पोस्ट या प्रसारित नहीं किया था। उन्होंने कहा कि अभियुक्त का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और इस बात की भी आशंका नहीं है कि वह जमानत पर रिहा होने पर सबूतों से छेड़छाड़ करेगा। सरकारी वकील ने याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि आवेदक एक अलगाववादी है और पहले भी इसी तरह की गतिविधियों में शामिल रहा है। अदालत ने 25 सितंबर, 2025 के आदेश में कहा कि सरकारी वकील ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया जिससे साबित हो कि अभियुक्त ने भारत की अखंडता और संप्रभुता के विरुद्ध कोई बयान दिया हो। अदालत ने यह भी कहा कि बीएनएस की धारा 152 एक नया प्रावधान है और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था। अदालत ने कहा कि इस धारा का इस्तेमाल उचित सावधानी के साथ किया जाना चाहिए।

# समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बरेली जाने पर अड़ा, पुलिस ने लगाया पहरा




लखनऊ। बरेली हंगामे के लगभग एक हफ्ते बाद शनिवार को हाई वोल्टेज राजनीतिक ड्रामा देखा गया। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बरेली में पुलिस की लाठियां खाने वाले लोगों से मिलने के लिए अड़ा रहा, लेकिन जगह-जगह पहरा लगा रही पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे के लखनऊ स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस तैनाती की गई। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर भी पुलिस बल तैनात है। दरअसल, समाजवादी पार्टी के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को शनिवार को बरेली जाना था, जिसकी अगुवाई खुद माता प्रसाद पांडे को करनी थी। सपा ने तय किया कि यह प्रतिनिधिमंडल बरेली में उन लोगों और परिवारों से मुलाकात करेगा, जिनके खिलाफ प्रदर्शन के दौरान एक्शन हुआ। पार्टी नेताओं का कहना है कि सपा का यह प्रतिनिधिमंडल बरेली में हाल के घटनाक्रमों, विशेष रूप से सामाजिक और कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों के बारे में समझना चाह रहा था। माता प्रसाद पांडे ने कहा, हम शांतिपूर्ण तरीके से बरेली जाकर जनता की आवाज उठाना चाहते हैं। यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने प्रशासन के रुख को अलोकतांत्रिक बताया और कहा कि जनप्रतिनिधियों को रोकना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि वहां कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। वहां के लोग शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात कहने जा रहे थे, लेकिन लोगों पर मुकदमे लिखे जा रहे हैं और उन्हें जेलों में डाला जा रहा है। वहां के लोग प्रशासन से भयभीत हैं। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उसके नेताओं को बरेली जाने से रोका गया, तो वे धरना-प्रदर्शन पर बैठेंगे। इस बीच, पुलिस और प्रशासन ने बरेली के प्रवेश मार्गों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। अधिकारियों की मानें तो अभी बरेली जाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। वहीं, बरेली प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि मौजूदा परिस्थितियों में किसी भी राजनैतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जा सकती है। बरेली प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी राजनैतिक व्यक्ति को जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमने शांति व्यवस्था को बरकार रखने के लिए सभी राजनैतिक दलों को यहां आने से मना किया है, जिससे यहां की कानून व्यवस्था ठीक रहे और शांति रहे। गौरतलब है कि बरेली में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद ह्यआई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के ऐलान के बाद यह प्रदर्शन हुआ था, जिसे पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी। बाद में भीड़ के बेकाबू होने के कारण पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस मामले में अब तक कई लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# पीलीभीत में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता




पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में शनिवार सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों लोग कार से दिल्ली से काठमांडू जा रहे थे, इस दौरान रास्ते में कार का टायर पंचर होने पर वे सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। बीसलपुर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि बीसलपुर बरेली मार्ग पर स्थित भड़रिया मोड़ पर सड़क किनारे शनिवार तड़के लगभग पांच बजे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि दो लोगों की मौत दुर्घटनास्थल पर ही हो गई जबकि तीसरे व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के इंदिरा पार्क के निवासी कार के मालिक गणेश कुमार (25) और नेपाल के काठमांडू के रहने वाले कार चालक निखिल (19) के रूप में हुई है जबकि तीसरे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि अंजलि नामक 20 वर्षीय युवती की हालत बहुत गंभीर है, उसे बरेली भेजा गया है। शुक्ला ने बताया कि निखिल की मां पूजा भी उनके साथ थीं, जो दूसरी ओर खड़ी होने की वजह से बच गईं। अधिकारी ने कहा कि तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं और महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस दुर्घटना के बाद ट्रक समेत फरार हुए चालक की तलाश कर रही है।

## 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे सांसद अनुराग शर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

झांसी। झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनुराग शर्मा कैरिबियन द्वीप राष्ट्र बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भाग लेंगे। यह सम्मेलन5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक होगा। कैरिबियन द्वीप राष्ट्र बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में 5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक होगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों के 56 सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधि एकजुट होंगे। इस सम्मेलन में संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने, सुशासन, समावेशी विकास और 21वीं सदी की उभरती वैश्विक चुनौतियों के समाधान के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा है। इस वर्ष के सम्मेलन का मुख्य विषय ह्यद कॉमन वेल्थ व ग्लोबल पार्टनर है। सांसद अनुराग शर्मा का यह प्रतिनिधित्व ऐसे महत्वपूर्ण समय में हो रहा है जब वह सीपीए के कोषाध्यक्ष के रूप में अपने तीन वर्षों के ऐतिहासिक और अत्यंत सफल कार्यकाल का समापन करने जा रहे हैं। उनका यह कार्यकाल संगठन के लिए एक नए युग का सूत्रपात करने वाला रहा है और इसे सीपीए के इतिहास में सर्वाधिक परिवर्तनकारी दौरों में से एक माना जा रहा है। विगत तीन वर्षों में, सीपीए के कोषाध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में संगठन में अभूतपूर्व संरचनात्मक और प्रशासनिक क्रांतियाँ आई हैं। सांसद शर्मा के अथक प्रयासों का परिणाम है कि सीपीए को ब्रिटेन में केवल एक ब्रिटिश चैरिटी के रूप में काम करने की पुरानी, सीमित व्यवस्था से बाहर निकालकर, एक विशाल, स्थायी और अंतरराष्ट्रीय संगठन (इंटरनल बॉडी) के रूप में कानूनी मान्यता दिलाई गई है।

## सऊदी अरब का झंडा फहराए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पुलिस ने अतरौलिया थाना क्षेत्र की एक मस्जिद पर सऊदी अरब का झंडा फहराए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद 25 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए झंडा हटा दिया और आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया तथा उसे गिरफ्तार कर अदालती प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया। यह घटना अतरौलिया थाना क्षेत्र के कड़सरा शिवदास का पुरा गाँव में हुई, जहाँ शुक्रवार को नूरी मस्जिद की मीनार पर कथित तौर पर सऊदी अरब का झंडा फहराया गया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और झंडा हटा दिया। पुलिस के मुताबिक, गौरव सिंह रघुवंशी द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में मस्जिद की मीनार पर सऊदी अरब का झंडा फहराता दिखाई देता है। वीडियो के वायरल होते ही उपनिरीक्षक जफर अयूब अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुँचे और झंडे को उतारकर सुरक्षित रख लिया। पुलिस जाँच में पता चला कि कड़सरा शिवदास का पुरा निवासी एक युवक ने झंडा फहराया था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन के अनुसार, अतरौलिया स्थित नूरी मस्जिद पर सऊदी अरब का झंडा फहराए जाने की सूचना मिली थी। इस कृत्य को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने और समाज में वैमनस्य फैलाने वाला माना जा रहा है। जैन ने बताया कि मस्जिद के प्रभारी नूर आलम (25) के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## मेरठ के मवाना में आई लव मोहम्मद पोस्टर लगाने को लेकर पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज




मेरठ। मेरठ के मवाना कस्बे में लगे एक पोस्टर को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कस्बे के मुख्य चौराहों पर शुक्रवार देर रात एक पोस्टर लगाया गया था, जिस पर अंग्रेजी में आई लव मोहम्मद लिखा हुआ था। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसे देख आपत्ति जताई और विरोध दर्ज कराया। मामले ने तूल पकड़ा तो प्रशासन और पुलिस सक्रिय हुई। मवाना की थाना प्रभारी पूनम ने बताया कि पोस्टर लगाने के आरोप में चौकी प्रभारी मनोज शर्मा की तहरीर पर पांच लोगों इदरीस, तस्लीम, रिहान, गुलफाम और हारून के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जिन लोगों की भूमिका सामने आएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि विवाद के बाद पोस्टर तुरंत हटा दिए गए और कस्बे में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है ताकि किसी प्रकार की अफवाह से माहौल खराब न हो। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। फिलहाल कस्बे का माहौल शांत बताया गया है।

# नौगांवा सादात में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## डीएम ने दिए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। जनसमस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की प्राथमिकता के साथ तहसील नौगांवा सादात में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद भी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें राजस्व विभाग की 2, पुलिस विभाग की 2, विद्युत विभाग की 2, विकास विभाग की 3, चकबंदी विभाग की 3, बैंक की 1 और नगर पंचायत नौगांवा सादात की 3 शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 3 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो तथा लाभार्थियों को संतुष्टि भी मिले। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस संबंधी शिकायतों का निष्पक्ष और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, एसडीएम सुनीता सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा में केबल फैक्ट्री और घर में लगी आग, महिला समेत 5 लोग झुलसे

प्रात: किरण अवनीश त्यागी

नोएडा। नोएडा में बिजली का केबल बनाने वाली कंपनी में आज आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 5 गाड़ियों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सी-ब्लॉक की है। इसके अलावा थाना फेस- 2 क्षेत्र के भंगेल गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर में शुक्रवार की देर रात को रसोई गैस सिलिंडर में लीकेज होने से आग लग गई। आग लगने से घर के अंदर परिवार के लोग फंस गए और पांच लोग आग से झुलस गए। घायलों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सी-ब्लॉक में स्थित बिजली की केबल बनाने वाली एक कंपनी में आज आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-63 के सी-19 में स्थित नेटवर्क केविल कंपनी में जो कि बिजली की केवल बनाती है उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दमकल पुलिस आग लगने के कारण और आग से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। वहीं मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि भंगेल गांव में पिलर नंबर 128 के सामने वाली गली में 55 वर्षीय हरिमोहन व्यास परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। शुक्रवार को खाना बनाने के दौरान रसोई गैस के सिलिंडर से गैस लीकेज हो गई। उस वक्त घर के लोग व्यस्त थे। इस कारण कुछ देर तक गैस निकलने के बाद पता चला। तब तक घर में गैस भरने से आग लग गई। आग लगते ही तेज लपटें निलकने लगी और घर के अंदर रखे सामान को आग ने पकड़ लिया। आग लगते ही घर में अफरातफरी व चीख पुकार मच गई। आग के फैलने से घर के लोग कुछ देर के लिए अंदर फंस गए और पांच लोग झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्य अग्निशमन का कहना है कि आग लगने की सूचना पर मौके पर अग्निशमन की टीम दमकल गाड़ी के साथ पहुंची और आग को बुझा दिया गया है। प्राथमिक जांच में सिलिंडर से गैस लीकेज होने के बाद आग लगी है। उन्होने बताया कि आग लगने से 55 वर्षीय हरिमोहन व्यास, उनकी पत्नी 50 वषीर्या राजकुमारी और तीन बेटे 25 वर्षीय सचिन, 22 वर्षीय शिवम व 19 वर्षीय हिमांशु झुलस गए। बताया जा रहा है कि जिस किराए के मकान में हरिमोहन व्यास रहते हैं। वह तृतीय मंजिल पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुआल के नीचे छिपे सांप ने किसान को डसा, सीएचसी में उपचार कराया

रहरा। क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी किसान राम रहीस पुत्र गजराज को खेत में धान की पुआल एकत्र करते समय शुक्रवार शाम सांप ने डस लिया। राम रहीस का कहना है कि सांप पुआल के नीचे छिपा हुआ था। जैसे ही उसने पुआल उठाई कि सांप ने पैर में डस लिया। खेत पर मौजूद अन्य परिजनों ने राम रहीस को आनन-फानन में रहरा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसे एंटी स्नेक वेनम दी गई। उपचार के बाद हालत में सुधार है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डा.शशांक चौधरी का कहना है कि सांप काटने के मामले में अगर समय से उपचार मिल जाए तो मरीज का ठीक होना बहुत हद तक संभव है। अधिकांश पीड़ितों की मौत झाड़-फूंक के चक्कर में होती है।

### हसनपुर के गांव में बुखार से किसान की मौत, 50 से अधिक बीमार

हसनपुर।क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द में बुखार से किसान की मौत हो गई जबकि, 50 से अधिक ग्रामीण बीमार हैं। करीब 15 दिन से गांव में बुखार का प्रकोप है। हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बुखार की चपेट में है। कई घरों में सभी सदस्य बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने गांव में कैंप लगाकर दवा वितरण कराने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी 55 वर्षीय मोहनलाल पुत्र गजराज को पिछले सात दिन से बुखार आ रहा था। स्थानीय चिकित्सकों से उपचार के बाद कोई फायदा नहीं हुआ तो परिजनों ने मेरठ में भर्ती कराया। शुक्रवार को उपचार के दौरान मोहनलाल की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। मोहनलाल खेती-किसानी की परिवार की गुजर-बसर करते थे। उनके परिवार में पत्नी व तीन बेटियां हैं। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव में 50 से अधिक लोग बुखार की चपेट में हैं। कई परिवार तो ऐसे हैं, जिनमें सभी सदस्य बुखार पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गांव में कैंप लगाने की मांग की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डा.ध्रुवेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में बुखार से मौत की जानकारी नहीं है। मौके पर टीम भेजकर जांच कराने के संग मरीजों को दवा का वितरण कराया जाएगा।

### बच्चों को धमकाने का विरोध करने पर युवक से मारपीट

लोनी,। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गंगा एन्क्लेव कॉलोनी में गली में खेल रहे बच्चों को धमकाने का विरोध करने पर चार लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। आरोपियों ने युवक को बचाने आई उसकी चाची और साथी के साथ भी मारपीट की। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गंगा एन्क्लेव में दो अक्टूबर को मोहल्ले में रहने वाले बच्चे गली में खेल रहे थे। बच्चों द्वारा शोर मचाए जाने पर वहां रहने वाले एहसान ने बच्चों को धमकाते हुए खेलने से मना किया। इस पर गली में रहने वाले वसीम ने बच्चों को धमकाने का विरोध किया। आरोप है कि युवक की बात से गुस्साए एहसान ने अपने दो साथियों शहजाद, अमजद और अपने साले को लाठी डंडे लेकर बुलाया। चारों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर उसकी चाची शमीम बानो और साथी हरीश उसे बचाने के लिए पहुंचे। इस पर चारों ने उनके साथ भी मारपीट की। लोगों के एकत्र होने पर चारों युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत अमरोहा में 112 मामलों का निस्तारण

## वैवाहिक विवादों सहित विभिन्न प्रकरण सुलह-समझौते से हुए निपटारे



अमरोहा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली, मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय, तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद अमरोहा में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 112 मामलों/वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया। इनमें वैवाहिक विवाद (85 मामले), घरेलू हिंसा (4), चैक बाउंस (9) और सिविल विवाद (8) प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त दुर्घटना दावे, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता वाद आदि का भी समझौते के आधार पर समाधान किया गया।अभियान के समापन अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती ज्योति चौधरी ने मध्यस्थ अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता श्री अवनीश शरण बसंल, श्री जय प्रकाश यादव, मतलुब सुहानी, मुख्तार अहमद नक़्वी, उवैद खां, आसिफा आलमी एवं श्रीमती शबनम परवीन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।सचिव ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निस्तारण कराना था, जिससे वादकारी पक्षों को त्वरित राहत मिल सके।

# तिगरी गंगा मेला होगा भव्य और दिव्य श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएँ

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग की बैठक, मेला स्थल का किया भ्रमण

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा।आगामी तिगरी गंगा मेले को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार को जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में अंगूरी देवी धर्मशाला, ग्राम तिगरी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी तिगरी गंगा मेला भव्य और दिव्य स्वरूप में आयोजित होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए प्रकाश, शौचालय, पेयजल, चेंजिंग रूम, घाट, स्वच्छता, सड़क, बैरिकेडिंग, नाव और गोताखोरों की व्यवस्थाएँ समय से पूर्ण की जाएं। डीएम-एसपी ने मेले के घाटों और स्थल का दौरा कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मेला क्षेत्र और विस्तृत किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न हो। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि मेले को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रत्येक घाट और प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती होगी। साथ ही यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से सुरक्षा और मजबूत की जाएगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एएसपी अखिलेश भदौरिया, एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव, सीओ धनौरा अंजलि कटारिया, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत छात्राओं को किया गया जागरूक



प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा। थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम कादराबाद खुर्द स्थित दक्ष आदर्श वैदिक पब्लिक इण्टर कॉलेज में शनिवार को महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी विशेष अभियान आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन पर आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 265 छात्राओं और अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पीड़िता के नाम-पते को गोपनीय रखा जाएगा। अभियान के दौरान छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नारी सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें ऑनलाइन फ्रॉड, फि शिंग, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय तथा साइबर धमकी से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112, 102, 108, 1098, 101 और 1930 की जानकारी दी गई। इसके अलावा बालिकाओं और अध्यापिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, उज्जवला योजना आदि के बारे में भी अवगत कराया गया। इस मौके पर थाना स्योहारा की मिशन शक्ति टीम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आईटीआई कर चुके सभी युवाओं को मिलेगा रोजगार : सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह चौहान

## राजकीय आईटीआई बिजनौर में मनाया गया कौशल दीक्षांत समारोह – श्रेष्ठ प्रशिक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

प्रात: किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर, । भारत सरकार के निदेर्शानुसार आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिजनौर में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने की तथा संचालन प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि– आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हर युवक और युवती को रोजगार दिलाया जाएगा। संस्थान में ही प्रतिष्ठित कंपनियों को बुलाकर चयन प्रक्रिया कराई जाएगी ताकि विद्यार्थियों को उनके ही नगर में रोजगार के अवसर मिलें।

### कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ

मुख्य अतिथिः सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह चौहान अध्यक्षताः मंजुल मयंक, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर संचालनः राकेश शर्मा, प्रधान सहायक मुख्य उद्देश्यः प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उद्योग जगत से जोड़ना श्रेष्ठ प्रशिक्षार्थियों को मिला सम्मान वर्ष 2025 में विभिन्न ट्रेडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में प्रमुख नाम – चिरायु तोमर, प्रिंस कुमार, प्रमोद कुमार, हर्मेन्द्र कुमार, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, आदित्य कुमार, रोहित कुमार, पूजा, सुमित कुमार, मोहम्मद अदीब, पूनम सैनी, इशू कुमार, विकुल कुमार शर्मा, शगुन चौहान, प्रिया और प्रियंका शामिल रहे।

### विश्लेषणात्मक दृष्टि से

यह आयोजन कौशल भारत सक्षम भारत मिशन की भावना को मूर्त रूप देता है। बिजनौर जैसे जनपद में तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ने का प्रयास, ग्रामीण व शहरी रोजगार अंतर को कम करेगा। आईटीआई संस्थानों में कैंपस प्लेसमेंट की संस्कृति विकसित होने से युवाओं का पलायन घटेगा। सरकार के वोकल फॉर लोकलह्व दृष्टिकोण को भी यह पहल बल प्रदान करती है। राजकीय आईटीआई बिजनौर का कौशल दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों के कौशल का सम्मान था, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला मंच भी बना। मुख्य अतिथि विजय सिंह चौहान के आश्वासन ने युवाओं में नया उत्साह और आत्मविश्वास भर दिया कि मेहनत और प्रशिक्षण के बल पर रोजगार अब दूर नहीं।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री व ढाई करोड़ की नकद सहायता राशि की गाड़ियों को किया रवाना

## अफजलगढ़ के स्वयंसेवकों ने जुटाई मानवीय सहायता – कहा, आपदा में सहायता ही सच्ची सेवा है

प्रात: किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। मानवता की मिसाल पेश करते हुए बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये की नकद सहायता राशि तथा राहत सामग्री से भरे वाहनों को रवाना किया। यह राहत सामग्री अफजलगढ़ क्षेत्र के स्वयंसेवकों एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से एकत्र की गई थी, जिसे प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से बाढ़ग्रस्त इलाकों तक पहुंचाया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर और नुमाइश ग्राउंड चौराहे से वाहनों को रवाना करते समय जिलाधिकारी ने कहा कि इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पंजाब के बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ हैं। प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन हमारी संवेदनाएं, सहयोग और सामूहिक प्रयास हर विपत्ति को पार कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने दी संवेदना और एकता का संदेश श्रीमती कौर ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत होती है। मानवता, करूणा, समानता और सहयोग ही वह मूल्य हैं, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं और हर संकट में साथ खड़े होने की प्रेरणा देते हैं,– जिलाधिकारी जसजीत कौर। उन्होंने स्थानीय समुदाय और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य पूरे समाज के मानवीय मूल्यों को मजबूत करने वाला है।

### क्या भेजी गई सहायता सामग्री

पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए भेजी गई सहायता में शामिल हैं – लगभग 2.5 करोड़ की नकद धनराशि दवाइयाँ व चिकित्सकीय सामग्री खाद्य सामग्री, वस्त्र एवं स्वच्छता सामग्री बिस्तर, कंबल और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएँ राहत सामग्री रवाना करने के अवसर पर उपस्थित रहे– भाई धर्म सिंह वंशज, बाबा गुरप्रीत सिंह हस्तिनापुर, मलकीत सिंह (अध्यक्ष, अफजलगढ़ गन्ना समिति), सुरेंद्र सिंह प्रधान, हरप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, गुलजार सिंह, अजमेर सिंह, गुरविंदर सिंह (पूर्व चेयरमैन), भजन सिंह, बलवंत कंबोज सहित अनेक समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने जिलाधिकारी की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम आपदा की घड़ी में पीड़ितों के लिए सच्चे सहयोग और संवेदना का प्रतीक है। मानवता की मिसाल बनी बिजनौर की पहल बिजनौर प्रशासन की इस पहल ने यह संदेश दिया है कि जब समाज और शासन एक साथ खड़े हों तो कोई भी त्रासदी बड़ी नहीं रह जाती। जिलाधिकारी जसजीत कौर का यह प्रयास न केवल राहत कार्यों का उदाहरण है, बल्कि यह सकारात्मक प्रशासन और संवेदनशील नेतृत्व की पहचान भी है।

# इल्म की रोशनी के लिए एक दिया हम भी जलाएंः हसन बिन अली

## डॉ चन्दन नकवी को दिया गया सोशल रिफार्मर का एवार्ड



अमरोहा। सादात अमरोहा वैलफियर आरगेनाईजेशन देहली ने हर वर्ष की तरहां इस वर्ष भी आई एम कालिज, आले अहमद इंटर कॉलेज और नगर की रहने वाले सी बी एस सी में टापर्स को सोसाइटी की ओर से सफदर नकवी एवार्ड, मसूदा खातून एवार्ड,महबूब हुसैन एवार्ड, जव्वार अहमद एवार्ड, हुमा जहरा एवार्ड व उरूज फात्मा एवार्ड देकर हौसला अफजाई की गई एवार्ड की शक्ल में एक मैमेंटो सर्टिफिकेट के साथ साथ 5000 रु की नकद राशी 2024 -25 मे हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट में अपने अपने कालिजों मे टॉप आने वाले छात्र और छात्राओं को आई एम कालिज मे एक भवय कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यकतियों के हाथों दिया गया। सोसाइटी के इस कदम को नगर वासियो ने जम कर सरहाया। इस के अलावा कार्यक्रम में आगे मुख्य आकर्षण डॉ चन्दन नकवी की सामाजिक खिदमात को देखते हुए सोशल रिफार्मर के एवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मोके पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने डॉ चन्दन नकवी की शहर की जनता की 40 साला सामाजिक राजनैतिक खिदमात के बारे मे विस्तार से रौशनी डाली। प्रधानाचार्य डॉ जमशेद कमाल व सुहाना साहेबा प्रधानाचार्य आले अहमद इंटर कॉलेज,असलम उसमानी, शाने हैदर बेबाक अमरोहवी, खुरशीद हैदर जैदी,मौलाना डॉ एहसन अख्तर, खालिद सिददीकी, देहली से तशरीफ लाए हुसैन मोहम्मद,हैदर साहब, गुलाम सज्जाद काइद रजा कारे हुसैनी, इमदाद आबदी, हाजी हसन बिन अली रजन,अब्बास रजा राजू, हुसैन आदिल एडवोकेट के अलावा आई एम कालिज का समस्त स्टाफ और शहर के बहुत से गणमान्य व्यकतियों ने एवार्ड के भव्य कार्यक्रम मे हिस्सा लिया। डॉ चन्दन नकवी का मालाओं से स्वागत गया। जबकि डॉ लाडले रहबर अमरोहवी ने कार्यक्रम का संचालन बहुत ही खूबसूरती से किया।

# विकसित उत्तर प्रदेश @2047 : जनता के सुझावों से बनेगा भविष्य का खाका

## डीएम जसजीत कौर ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, हर नागरिक से समर्थ पोर्टल पर फीडबैक देने की अपील

बिजनौर। जिला प्रशासन बिजनौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 को साकार करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने नागरिक फीडबैक के महत्व पर बल देते हुए कहा कि – प्रदेश के विकास का रोडमैप जनता के सुझावों से ही तैयार होगा। हर नागरिक की भागीदारी इस मिशन को सफल बनाएगी। बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारी बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी (उच्च शिक्षा), उपायुक्त (स्वरोजगार एवं मनरेगा), उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला गन्ना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य बिंदु एवं निर्देश नागरिक फीडबैक पोर्टल लॉन्चः समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल विकसित किया गया है, जहां आमजन दफकोड के माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। फीडबैक की समीक्षा अनिवार्यः जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कर्मचारियों से पोर्टल पर फीडबैक दिलवाएं और दैनिक समीक्षा करें। जनसहभागिता पर जोरः प्रत्येक अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर पर अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़ें – हर परिवार से कम से कम एक व्यक्ति फीडबैक अवश्य दे। कम प्रगति पर चेतावनीः जिन विभागों की प्रगति धीमी रही, उन्हें सुधार के निर्देश दिए गए। अभियान का व्यापक प्रचारः ग्रामीण व शहरी स्तर पर पोस्टर, सोशल मीडिया और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए।

### डीएम का संदेश

डीएम जसजीत कौर ने कहा – वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक अपनी भूमिका समझे। यह अभियान जनता की सहभागिता और प्रशासन की जवाबदेही दोनों को एक सूत्र में पिरोता है। क्या है समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल? यह पोर्टल नागरिकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, बुनियादी ढांचा, उद्योग, सुशासन जैसे विषयों पर सुझाव आमंत्रित करता है। प्राप्त फीडबैक को संकलित कर राज्य स्तर पर विश्लेषण के बाद विजन डॉक्यूमेंट 2047 तैयार किया जाएगा। बिजनौर प्रशासन की यह पहल न केवल सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में कदम है, बल्कि यह जनता को नीति-निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर भी देती है। विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अब केवल सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि जनआंदोलन बनने की ओर अग्रसर है।

# अनूपशहर गंगा घाट पर हुआ पति पत्नी के शव का अंतिम संस्कार

हसनपुर। आदमपुर क्षेत्र के गांव सूबरा में घरेलू कलह के चलते गुरुवार रात फांसी लगाकर जान देने वाले पति-पत्नी के शव का अंतिम संस्कार शुक्रवार देर रात अनूपशहर के गंगा घाट पर हुआ। दोनों के शवों का एक ही चिता पर दाह संस्कार हुआ। शुक्रवार सुबह गांव निवासी 35 वर्षीय विजय खड़गवंशी का शव घर में कमरे में छत के कुंडे से जबकि 30 वषीर्या पत्नी भूरी देवी का शव खूंटी से लटका मिला था। गुरुवार रात दोनों ने किसी वक्त फांसी लगाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह हैंगिंग आया था। देर शाम शव पोस्टमार्टम के बाद गांव लाए गए। रात करीब 11 बजे दोनों शवों का बुलंदशहर के अनूपशहर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों के शवों को एक ही चिता पर रखकर मुखाग्नि दी। इस दौरान परिजनों के संग नाते-रिश्तेदार व आसपास के गांवों के लोग मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि 15 वर्ष पूर्व विजय की शादी जनपद संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव खेतापुर निवासी भूरी से हुई थी। पुलिस के मुताबिक दोनों ने पारिवारिक कलह में सुसाइड किया। अभी इस मामले में किसी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

# गाजियाबाद में साहिबाबाद पुलिस ने हिंदू रक्षा दल अध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

गाजियाबाद। गाजियाबाद में साहिबाबाद पुलिस ने हिंदू रक्षा दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी को घर में नजरबंद कर लिया है। बताया जा रहा है कि पिंकी चौधरी ने बागपत में हनुमान चालीसा पाठ करने का आवाहन किया था, जिसके चलते प्रशासन ने एहतियातन यह कार्रवाई की है। पिंकी चौधरी ने पुलिस की इस कार्रवाई पर कहा कि हम सनातन धर्म की रक्षा और पूजा-पाठ के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन हमें लगातार रोका जा रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### अमृता लैब्स का नया कलेक्शन सेंटर शुरू

फरीदाबाद। स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, अमृता लैब्स ने शनिवार को सूरजकुंड रोड स्थित ईरोस गार्डन में नए डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ किया। इस केंद्र का उद्घाटन जिले की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने किया। इस अवसर पर शहर के कई डॉक्टर और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। नया सेंटर अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों से सुसज्जित है, जो फरीदाबाद के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली, भरोसेमंद और समयबद्ध स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यह सेंटर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर और नियमित जांच के लिए एक प्रमुख कलेक्शन प्वाइंट के रूप में कार्य करेगा।

### क्रिकेट में हारी फरीदाबाद की टीमें

फरीदाबाद। कैथल में चल रहे स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्यस्तरीय खेलों में शनिवार का दिन फरीदाबाद क्रिकेट टीम के लिए अच्छा नहीं रहा। जिले की बालक और बालिकाओं दोनों ही टीमों को हार का सामना करना पड़ा। बालकों की अंडर-17 टीम को रोमांचक मुकाबले में चार विकेट से हार झेलनी पड़ी। वहीं, बालिकाओं की अंडर-19 टीम को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। बालकों के 12 ओवर के मुकाबले में फरीदाबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी ओवर खेलकर 90 रन बनाए जिसे विपक्षी टीम ने छह विकेट खोकर एक ओवर पहले हासिल कर लिया। वहीं, बालिकाओं के मुकाबले में फरीदाबाद की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी का न्योता पाकर आई हिसार की टीम ने 12 ओवरों में 95 रनों का स्कोर खड़ा किया। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरीदाबाद की टीम महज 70 रन पर ऑलआउट हो गई।

### पदक से चूकी कंचन लखानी

फरीदाबाद। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रही पैर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खेलने उतरी फरीदाबाद की कंचन लखानी पदक से चूक गईं। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में कंचन लखानी को पांचवें स्थान पर संतोष करना पड़ा। हालांकि, क्वालीफाइंग मुकाबलों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। उन्होंने आसानी से फाइनल में जगह बना ली थी। 41 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि तैयारी पूरी थी। शुरूआती दौर में स्कोर भी अच्छा रहा लेकिन अंत के समय कुछ खिलाड़ियों ने बेहतर दूरी तय की, जिसके कारण उन्हें पांचवें स्थान पर संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब आगे की प्रतियोगिताओं पर ध्यान रहेगा। कंचन ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

### देशी गाय के गोबर से बने धूप-दीप से महकेगा आंगन

फरीदाबाद। सूरजकुंड में दिवाली मेले में स्वदेशी उत्पाद प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिनमें देशी गाय के गोबर से बने धूप, दीप और अगरबत्ती जैसे उत्पाद विशेष रूप से शामिल हैं। पानीपत के गांव निम्बरी के लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह ने इन उत्पादों का स्टॉल लगाया है, जिसकी खुशबू से घर-आंगन महक रहे हैं। समूह की संचालिका भावना और पूनम ने बताया कि गांव की 10 महिलाओं के साथ वर्ष 2018 में स्वयं सहायता समूह बनाकर स्वलंबन और आत्मनिर्भर बनने की शुरूआत की थी।इस समूह की महिलाएं अपने हाथ से इन स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण करती हैं। यह पूरी तरह से स्वदेशी तर्ज पर तैयार किए गए हैं, जो कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के साथ घर में नकारात्मकता को नष्ट करते हैं। यह उत्पाद प्राकृतिक रूप से भी गुणकारी होते हैं। संवाद स्वदेशी और वैदिक उत्पादों की बढ़ रही मांग सूरजकुंड दिवाली मेले में स्वदेशी और वैदिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेले में स्टॉल नंबर 252 पर आगंतुकों को वैदिक पद्धति से तैयार किए गए ठंडा आटा, मल्टी ग्रेन आटा, मिलेट का आटा और कोल्हू से निकला तेल एवं शुद्ध मसाले उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह सभी उत्पाद न सिर्फ स्वाद में लाजवाब हैं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी हैं। एक्टिव वैदिक उद्योग का मानना है कि प्राकृतिक और वैदिक पद्धति से बने आहार न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि गांव और परंपरागत पद्धतियों से जुड़ाव भी कराते हैं। मेले में बड़ी संख्या में लोग इन उत्पादों को पसंद कर रहे हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए इनकी खरीदारी कर रहे हैं।

# शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जिलाधिकारी जसजीत कौर

## तहसील दिवस पर धामपुर में दिया सख्त संदेश, कहा, संतुष्ट किए बिना शिकायत का निस्तारण मान्य नहीं

प्रात: किरण अवनीश त्यागी




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन स्तर से आईजीआरएस पोर्टल व तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों की कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है। अतः किसी भी शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि – शिकायतकर्ता को संतुष्ट किए बिना किसी भी शिकायत को निस्तारित नहीं माना जाएगा। यदि निस्तारण संभव नहीं है, तो उसका स्पष्ट कारण लिखकर शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। शिकायत पुनः आने का मतलब–गंभीरता की कमी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आगाह किया कि यदि कोई शिकायत पुनः प्रस्तुत की जा रही है, तो इसका सीधा अर्थ है कि अधिकारी ने उसे गंभीरता से नहीं सुना या गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकताओं से संवाद करें और स्थानीय लोगों से भी वास्तविक स्थिति की पुष्टि कर निस्तारण करें। शासन स्तर से हो रही है जांच जसजीत कौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार शिकायत निस्तारण के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधी जांच की जाती है। इसलिए कोई भी अधिकारी लापरवाही न बरते। मौके पर ही 7 शिकायतों का निस्तारण तहसील दिवस पर कुल 153 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापरक समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उपस्थित अधिकारी इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, तथा अन्य विभागों के जिला स्तरीय और स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की हालत पुरानी बोतल में नई शराब की तरह : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय मंत्री गुर्जर का कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र पर हमला

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का हाल चोर मचाए शोर जैसा हो गया है। कांग्रेस द्वारा दिया गया नारा वोट चोर गद्दी छोड़ अब उन्हीं पर भारी पड़ रहा है। गुर्जर ने शनिवार को सेक्टर-15 स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री ने हरियाणा कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आज भी वही चेहरे सामने आए हैं, जिन्होंने तीन बार हरवाया और पार्टी को गर्त में धकेला। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि राव नरेंद्र के आने से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा आज पूरे देश में है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का दिवाला पिट चुका है न तो उनके पास राष्ट्रीय स्तर पर कोई मजबूत नेता है और न ही प्रदेश में। उन्होंने कांग्रेस की हालात पुरानी बोतल में नई शराब जैसी स्थिति बताई। कृष्णपाल गुर्जर ने त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए जनता से अपील की कि लोग दीपावली पर अधिक से अधिक स्वदेशी सामान खरीदें और देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। खादी पर कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से खादी उद्योग को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि खादी उत्पादों की बिक्री में जबरदस्त इजाफा हुआ है और अब तक इसमें 450 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

# फरीदाबाद : स्टेट क्राइम ब्रांच ने आठ साल से फरार आरोपी को पकड़ा

## 25 हजार का इनामी, पहले से 18 केस, 10 लाख की मांगी थी फिरौती



फरीदाबाद। फरीदाबाद जिला स्टेट क्राइम ब्रांच ने सुनसान रास्तों पर खड़े होकर डंपर लूटने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश को जेवर थाने के मेहंदीपुर से गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम था। 18 मामलों में नामजद बदमाश पिछले आठ से फरार चल रहा था। जिसे पकड के लिए पुलिस की ओर से आठ टीमों का गठन किया गया था। मेहंदीपुर में बदमाश पर डकैती, चोरी और हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े गए बदमाश का नाम इस्लाम है। स्टेट क्राइम अपहरण के मामले में भी इस्लाम की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की रात को स्टेट क्राइम ब्रांच को सूचना मिली इस्लाम जेवर थाने के मेहंदीपुर में छिपा हुआ है। नूंह के फिरोजपुर के रहने वाले अनीश ने स्टेट क्राइम ब्रांच को दी शिकायत में कहा कि उनके पति जाकिर पशुओं को चराने गए थे। इसके बाद बदमाशों ने अनीश के फोन पर काल करके जाकिर को छोड के मामले में 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। फिरौती की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में जांच के दौरान मुख्य आरोपित के रूप में इस्लाम का नाम सामने आया था। इसके साथ कई डंपर लूट के मामले में भी इस्लाम शामिल रहा। अलग-अलग राज्यों में हथियार के बल पर बदमाश ने डंपर को लूटा। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप मोर ने बताया कि बदमाश को कोर्ट में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन की रिमांड पर लिया गया।

# फरीदाबाद : देशी गाय के गोबर से बने धूप–दीप महकाएंगे आंगन

## सूरजकुंड में पानीपत का लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह लेकर आया है गाय के गोबर से निर्मित उत्पाद

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद। सूरजकुंड परिसर में 7 अक्तूबर तक आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला की थीम के साथ आयोजित किए जा रहे सूरजकुंड दिवाली मेला में स्वदेशी उत्पाद मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। इन्हीं स्वदेशी उत्पादों में से देशी गाय के गोबर से निर्मित धूप, दीप, और अगरबत्ती आदि सामान की स्टॉल पानीपत गांव निम्बरी लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाई गई है, जो कि अपनी खुशबू से घर आंगन को महकाएंगे। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा से जुड़ा लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह की संचालिका भावना और पूनम ने बताया कि उनका समूह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी अपनाने को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि गांव की 10 महिलाओं के साथ वर्ष 2018 में स्वयं सहायता समूह बनाकर स्वलंबन और आत्मनिर्भर बनने की शुरूआत की थी। उनके समूह द्वारा देशी गाय के गोबर से निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जाते हैं। इनमें धूप, दीप, अगरबत्ती और हवन सामग्री आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह से स्वदेशी तर्ज पर तैयार किए गए हैं जो कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के साथ घर में नकारात्मकता को नष्ट करते हैं। यह उत्पाद प्राकृतिक रूप से भी गुणकारी होते हैं। सूरजकुंड दिवाली मेले में भी उनके उत्पाद काफी पसंद किया जा रहे हैं। इनकी कीमत भी इस तरह रखी गई है ताकि हर कोई इन्हें आसानी से खरीद सके। उन्होंने इतने बड़े प्लेटफार्म सूरजकुंड दिवाली मेला में अपने उत्पादों की स्टॉल लगाने का मौका देने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का धन्यवाद किया और सूरजकुंड मेला प्रशासन द्वारा बेहतरीन व्यवस्था के लिए सराहना भी की।

# पलवल में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार



पलवल। हरियाणा के पलवल जिले में देर रात सीआईए पुलिस ने दो कुख्यात बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पर हत्या, लूट और डकैती समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस को लंबे समय से इनकी तलाश थी। पलवल सीआईए इंचार्ज दीपक गुलिया ने शनिवार को प्रेस-वार्ता में बताया कि सीआईए पलवल टीम को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर दीपक गुलिया की टीम ने घेराबंदी की, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायर किया, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दोनों बदमाशों को काबू कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मसाना निवासी बबलू उर्फ देशराज और उसके साथी के रूप में हुई है। दोनों पर हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कई थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूटपाट और रंगदारी जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस व अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। दीपक गुलिया ने बताया कि एसपी रुण सिंगला के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ जिला पुलिस का अभियान लगातार जारी है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराध कर समाज में भय का वातावरण फैलाने वाले लोग चाहे कितने भी शातिर क्यों न हों, पुलिस उन्हें जल्द सलाखों के पीछे भेजेगी।

# विश्व मंच पर नई आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा भारत : सुनीता दुग्गल

## आत्मनिर्भर भारत को लेकर पत्रकारों से रुबरु हुई पूर्व सांसद

प्रात: किरण संवाददाता




फरीदाबाद। पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेत्री सुनीता दुग्गल ने कहा है कि भारत आज एक नई आर्थिक शक्ति के रूप में विश्व मंच पर उभर रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि देश का हर नागरिक स्वावलंबी बने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। दुग्गल शनिवार को भाजपा फरीदाबाद महानगर कार्यालय, सेक्टर-2 पर आत्मनिर्भर भारत विषय को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि, उद्योग, स्वरोजगार एवं स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में अनेक नीतियाँ लागू की हैं, जिनसे ग्रामीण और शहरी दोनों वर्गों को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देकर भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी एक मजबूत पहचान स्थापित कर रहा है। पूर्व सांसद दुग्गल ने कहा कि मोदी सरकार ने दीवाली से पहले जीएसटी रिफार्म्स कर देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से मोदी सरकार ने कांग्रेस के शोषण स्ट्रक्चर को समाप्त किया है। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया की इकोनोमी का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के जीवन का एक-एक पल जनता के कल्याण को समर्पित है। जीएसटी ने लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। अब नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारी, उधोगपति और आम आदमी आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत होगा। यह मोदी सरकार का देश के लोगों को दीवाली का बड़ा तोहफा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह, जिला प्रभारी कमल यादव, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र फागना, प्रदेश प्रवक्ता वैशाली तोमर, मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित अनेकों भाजपा वक्तागण मौजूद थे। वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधनों में कहा कि ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह भारत के समग्र विकास की दिशा में चल रहा एक सशक्त जन-आंदोलन है।

# पलवल : केएमपी पर हथियारबंद युवकों ने चालक को बंधक बनाकर कैंटर लूटा

प्रात: किरण संवाददाता



पलवल। पलवल जिले में अपराधियों ने शुक्रवार देर रात एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हथियारबंद बदमाशों ने कंपनी का सामान लेकर जा रहे एक कैंटर को रोक लिया। बदमाशों ने चालक पर बंदूक तानकर उसे बंधक बना लिया और लाखों रुपये का माल लूटा और फरार हो गए। बाद में चालक को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और हथीन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान राज्य के बाड़मेर जिले के कैशवर कस्बे का रहने वाला कैंटर चालक कंपनी का माल भरकर राजस्थान से हिमाचल की ओर जा रहा था। जब वह केएमपी एक्सप्रेस-वे से पलवल जिले की सीमा में पहुंचा, तभी बदमाशों ने उसके वाहन को रोक लिया। चालक ने बताया कि बदमाशों ने पहले उसे बहाने से एक ढाबे पर रुकवाया और फिर जबरन कैंटर में बैठ गए। इसके बाद पीपली टोल के पास पहुँचकर एक युवक ने देसी कट्टा निकालकर चालक पर तान दिया और उसे पीछे की सीट पर बैठाकर स्वयं गाड़ी चलाने लगे। चालक को जान से मारने की धमकी भी दी गई। बदमाश कुछ दूरी तक गाड़ी चलाकर चालक को सुनसान स्थान पर फेंक गए और कैंटर सहित लाखों रुपये का माल लेकर फरार हो गए। चालक किसी तरह नजदीकी पुलिस चौकी पहुँचा और पूरी घटना की जानकारी दी। हथीन थाना प्रभारी ने बताया कि चालक के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया गया है। सीआईए और अपराध शाखा को तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी और लूटे गए माल की बरामदगी का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस को विश्वास है कि बहुत जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# फरीदाबाद : सूरजकुंड दिवाली मेला में स्वदेशी उत्पादों की ओर बढ़ा रुझान

## ठंडा आटा और कोल्हू का तेल बना लोगों की पहली पसंद




फरीदाबाद। सूरजकुंड में आयोजित द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला में आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला की थीम पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी के साथ ह्यलौट चले गांव के ओर, यानी भारतीय परंपराओं और वैदिक जीवनशैली को फिर से अपनाने के उद्देश्य से इस बार एक्टिव वैदिक उद्योग के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सूरजकुंड दिवाली मेला में स्टॉल नंबर 252 पर आगंतुकों को वैदिक पद्धति से तैयार किए गए ठंडा आटा, मल्टी ग्रेन आटा, मिलेट का आटा, और कोल्हू से निकला तेल एवं शुद्ध मसाले उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह सभी उत्पाद न सिर्फ स्वाद में लाजवाब हैं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी हैं। एक्टिव वैदिक उद्योग का मानना है कि प्राकृतिक और वैदिक पद्धति से बने आहार न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि गांव और परंपरागत पद्धतियों से जुड़ाव भी कराते हैं। मेले में बड़ी संख्या में लोग इन उत्पादों को पसंद कर रहे हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए इनकी खरीदारी कर रहे हैं।

# फरीदाबाद : सूरजकुंड मेला में एनजीएफ के मॉडल्स ने फैशन शो में बिखेरे जलवे

## दर्शकों ने मॉडल्स के आकर्षक परिधान की जमकर की तारीफ

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद। द्वितीय सूरजकुंड दिवाली मेला में हर शाम को लोक कलाकारों और संगीतकारों द्वारा मुख्य चौपाल से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार देर सायं मुख्य चौपाल पर एनजीएफ कॉलेज की ओर से फैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में मॉडल्स ने एक से एक बेहतरीन परिधान के डिजाइन के लुक से दर्शकों को खूब आकर्षित किया। एनजीएफ ने सूरजकुंड मेला में अपनी अनूठी प्रस्तुति के रूप में शानदार फैशन शो का आयोजन किया। इस शो ने दर्शकों को भारतीय फैशन ट्रेंड्स के मिश्रण से रूबरू कराया, जिसमें मॉडल्स ने रचनात्मकता और डिजाइन कौशल की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। फैशन शो में विभिन्न समकालीन और पारंपरिक डिजाइनों का मिश्रण देखने को मिला। यह फैशन शो सुरजकुंड दिवाली मेला के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य में फैशन की अहमियत को उजागर करता है। इस शो के माध्यम से हरियाणवी वेशभूषा और स्वदेशी पहनावे को मॉडल्स ने शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दर्शकों ने मॉडल्स की प्रस्तुति को खूब प्रशंसा की।

# पलवल: किसान की जमीन हड़पने के लिए बनाए फर्जी दस्तावेज, मामला दर्ज

पलवल। जिले में एक प्रॉपर्टी डीलर पर किसान की जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। किसान की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर कैंप थाना पुलिस ने डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि रामनगर निवासी किसान उदय सिंह ने शिकायत में बताया कि उसकी 26 कनाल 5 मरला कृषि भूमि अमरनगर सिटी के पास स्थित है। ओमैक्स सिटी निवासी प्रॉपर्टी डीलर दिनेश कुमार पर आरोप है कि उसने इस जमीन को हड़पने के लिए फर्जी कागजात तैयार कर दीवानी अदालत में मुकदमा दायर कर दिया। किसान का आरोप है कि उसके व उसकी पत्नी के खाते में रकम ट्रांसफर दिखाकर इकरारनामा सही साबित करने की कोशिश की गई, जबकि वास्तव में कोई हस्ताक्षर उन्होंने नहीं किए। किसान ने बताया कि दिनेश ने उनके खाते में करीब साढ़े चार लाख रुपये आरटीजीएस से जमा कराए थे। जब किसान ने रकम लौटाने की कोशिश की तो डीलर ने उनका खाता ही बंद करवा दिया। किसान का आरोप है कि पूरी रकम वापसी की इच्छा जताने पर भी डीलर ने उसे फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर अपने पक्ष में इकरारनामा बना लिया। उदय सिंह ने कहा कि जमीन उसकी मेहनत की पूंजी है, जिस पर डीलर नजर गड़ाए बैठा है।

# फरीदाबाद : क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, फोन कॉलर गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद। क्रेडिट कार्ड चालू करने के नाम पर 95 हजार रुपए की ठगी मामले में साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने एक फोन कॉलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार भारत कॉलोनी, फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक कॉल आया जिसने अपने आप को कोटक महिन्द्रा बैंक का कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने को कहा, जिसके लिए उसके पास एक उसने एक एप का लिंक भेजा जिसको उसने डाउनलोड कर लिया और समय बाद ही उसके क्रेडिट कार्ड से 95 हजार रुपए कट गये। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए अखिल तंवर (30) निवासी जय विहार फेस-1 दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि अखिल ने शिकायतकर्ता के पास क्रेडिट कार्ड को एक्टिव करने के लिए कॉल किया था और एप का लिंक भेजा था। आरोपी बीबीए पास है गुड़गांव में कपडे सिलने की वर्कशाप है। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया।




## फिनफ्लूएंसर्स पर भरोसा जताते हैं 93 फीसदी निवेशक



**मुंबई, एजेंसी।** निवेश करने के तमाम विकल्पों और सलाह देने वाले प्लेटफॉर्मों की भरमार के बावजूद 93 फीसदी निवेशक फिनफ्लूएंसर्स यानी वित्तीय राय देने वाले इन्फ्लूएसंर्स को विश्वसनीय मानते हैं। सात फीसदी ऐसे हैं जो बिल्कुल विश्वसनीय नहीं मानते हैं। सेबी के सर्वे में पता चलता है कि डिजिटल सहकर्मी समूह प्रतिभूति बाजार में उत्पादों की जानकारी वाले शीर्ष साधन बने हुए हैं। सर्वे में कहा गया है कि 62 फीसदी निवेशक कुछ या अधिकांश निवेश का निर्णय फिनप्लूएंसर्स की सिफारिशों के आधार पर लेते हैं। फिनफ्लूएंसर्स को फॉलो करने के लिए सबसे ज्यादा 91 फीसदी निवेशक यूट्यूब का उपयोग करते हैं। 64 फीसदी इंस्टाग्राम का 61 फीसदी फेसबुक पर जाते हैं। 11 फीसदी ट्विटर व केवल चार फीसदी लिंक्डइन पर जाते हैं। प्रतिभूतियों के लिए जानकारी जुटाने के निवेशकों के सामान्य साधन में 59 फीसदी दोस्त, परिवार व सहकर्मी का योगदान होता है। सोशल मीडिया का योगदान 56 फीसदी होता है। ऑनलाइन निवेश के साधन जैसे टेलीग्राम, फेसबुक और रेडिट का 34 फीसदी निवेशक उपयोग करते हैं। जो लोग निवेश करना चाहते हैं वे प्रतिभूति बाजार के उत्पाद जटिलता और जोखिम एवं रिटर्न की चिंता से भरे हैं। इनकी मुख्य चिंताओं में नुकसान का डर, सीमित ज्ञान और पहुंच के साथ वित्तीय संस्थानों में कम विश्वास शामिल हैं। जो निवेश करने की इच्छा रखते हैं उनमें बाजार के जोखिमों के कारण पैसा खोने का डर है, खासकर स्टॉक में। जोखिमों के कारण 79 फीसदी को लगता है कि पैसा चला जाएगा। 67 फीसदी रिटर्न व प्रदर्शन की अनिश्चितता को लेकर चिंतित होते हैं।

## जर्मनी के सेंट्रल बैंक के पास सबसे ज्यादा गोल्ड

### होल्डिंग्स के साथ अमेरिका टॉप पर रहा



**मुंबई, एजेंसी।** सोने की कीमतों में इस साल तेज उछाल आया है। साल 2025 में अब तक गोल्ड प्राइसेज करीब 48 पर्सेंट तक बढ़े हैं। ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमतें 3896 डॉलर के लेवल तक जा पहुंचीं। दुनिया भर के सेंट्रल बैंकों की तरफ से की जाने वाली खरीद, भूराजनीतिक चिंताओं और टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं से सोने के दाम को रफ्तार मिली है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक सेफ्टी, लिक्विडिटी और रिटर्न की वजह से गोल्ड सेंट्रल बैंक रिजर्व्स का अहम हिस्सा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई 2025 में दुनिया भर के सेंट्रल बैंकों की ऑफिशियल गोल्ड होल्डिंग्स 36,359 टन रही। देशों की लिस्ट (अगस्त 2025 में) में अमेरिका टॉप पर रहा। अमेरिका के पास 8133.5 टन सोना है। वहीं, दूसरे नंबर पर जर्मनी है। जर्मनी के सेंट्रल बैंक का गोल्ड रिजर्व 3350.3 टन का है। आईएमएफ की गोल्ड होल्डिंग 2814 टन, इटली की 2451.8 टन और फ्रांस की होल्डिंग 2437 टन रही। यह बात बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट में कही गई है। भारत लिस्ट में नौवें नंबर पर रहा। अगस्त 2025 में इसका गोल्ड रिजर्व 888 टन रहा। वहीं, जापान 846 टन के गोल्ड रिजर्व के साथ 10वें नंबर पर रहा। यह बात वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने अपने एक नोट में कही है।

### किसकी जेब में जा रहा जीएसटी फायदे का कट, डिस्ट्रीब्यूटर्स का तर्क

# कंपनियों या डिस्ट्रीब्यूटर्स में मचा है घमासान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सरकार का दावा है कि हाल में किए गए जीएसटी सुधारों से करीब 400 आइटम्स की कीमतें कम हो गई हैं। लेकिन ग्राहकों का कहना है कि उन्हें इसका फायदा नहीं मिल रहा है। खासकर एफएमसीजी उत्पादों में जीएसटी कटौती का फायदा ग्राहकों तक ठीक से नहीं पहुंच पा रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनियां और डिस्ट्रीब्यूटर एक-दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

सरकार भी इस मामले में गलत कंपनियों और उनके डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बना रही है। कुछ कंपनियों का कहना है कि इस मामले में गलती और देरी डिस्ट्रीब्यूटरों की तरफ से हो रही हैं। वहीं डिस्ट्रीब्यूटरों ने आरोप लगाया है कि कुछ कंपनियों ने जानबूझकर कुछ खास पैकेटों के मूल दाम बढ़ा दिए हैं। एक बड़ी डिस्ट्रीब्यूटर संस्था के प्रमुख ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूटर वही फायदा आगे दे सकते हैं जो कंपनियों की तरफ से सिस्टम में दिखता है। कुछ बड़े ब्रांड्स ने अपने कुछ पैकेटों के मूल दाम बढ़ा दिए हैं। इससे कीमतें कम नहीं हो रही हैं। उद्योग और व्यापार से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह गड़बड़ी खासकर 20 रुपये या उससे कम के पैकेटों में ज्यादा दिख रही है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि सीबीआईसीइस पर कार्रवाई कर सकता है। यह कार्रवाई उन ब्रांड्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के




खिलाफ होगी जिन्होंने जीएसटी दरें कम होने के बाद भी अपने सामानों के मूल दाम बढ़ा दिए थे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कानून में ऐसी कार्रवाई करने के लिए पूरे नियम मौजूद हैं। अब सरकार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी ध्यान दे रही है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले हफ्ते की शुरुआत में राजस्व विभाग इस मामले में आगे की कार्रवाई पर चर्चा करेगा। सीबीआईसी की एक अलग टीम ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर हो रहे लेन-देन की जांच कर रही है। ग्राहकों की ज्यादातर शिकायतें इन्हीं प्लेटफॉर्म्स से आई हैं। कई ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी में कमी के बावजूद रोजमर्रा की जरूरी चीजों और किराने के सामान की कीमतें कम नहीं हुईं।

**कब तक बनेगी बात:** एक अधिकारी ने बताया कि कई बड़े पोर्टल्स ने नई टैक्स व्यवस्था के हिसाब से अपनी रेट लिस्ट अपडेट कर ली है। कुछ दिक्कतें खास उत्पादों से जुड़ी हैं। केंद्र सरकार ने पहले ही लगभग 800 ब्रांड्स और कंपनियों को चिट्ठी भेजी है। उन्हें 20 अक्टूबर से पहले इन गलतियों को ठीक करने को कहा गया है। यह उन मामलों में है जहां तकनीकी खराबी और सिस्टम अपडेट को वजह बताया जा रहा है।

### कंपनियों की दलील

एचयूएल, कोलगेट-पामोलिव, हिमालया वेलनेस औरपरफ़ेटी वैन मेले जैसी एफएमसीजीकंपनियों के अधिकारियों ने इस मामले में अपना पक्ष रखा है। उनका कहना है कि वे सभी फायदे ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं। नए पैकेटों और उनकी कीमतों को लेकर जो भी दिक्कतें हैं, वे बस कुछ समय के लिए हैं। लगभग सभी बड़ी एफएमसीजीकंपनियों ने विज्ञापन भी जारी किए हैं। इन विज्ञापनों में उन्होंने कम कीमतों पर बने सामानों की नई कीमतें बताई हैं। एचयूएल के एक प्रवक्ता ने कहा कि कुछ समय के लिए बाजार में पुराने और नए दोनों एमआरपी वाले उत्पाद मिल सकते हैं। ग्राहकों को खरीदारी से पहले संशोधित एमआरपी के बारे में पूछना चाहिए। व्यापारिक भागीदारों को यह जानकारी दे दी गई है कि वे जीएसटी दरों में कमी का फायदा अंतिम ग्राहकों तक पहुंचाएं।

### सरकार का प्लान

वहीं देश की सबसे बड़ी ओरल केयर कंपनी कोलगेट पामोलिव- ने भी इस मामले पर अपनी बात रखी है। कंपनी ने कहा कि उसने कीमतों में कमी की है और 22 सितंबर से ही अपने चैनल पार्टनर्स को पूरा फायदा दे दिया है। कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर प्रभा नरसिम्हन ने कहा कि ग्राहकों को नवंबर की शुरुआत तक हमारे नए बाजार पैकेटों पर नई कीमतें देखने को मिलनी चाहिए। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ग्राहकों की शिकायतों पर लगातार नजर रख रही है। सीसीपीए ने अब तक लगभग 2,000 शिकायतें सीबीआईसी को भेजी हैं। इन शिकायतों में ग्राहकों ने जीएसटी के फायदे न मिलने की बात कही है।

### कहां तक गिर गया भंडार, एफसीए में भी हुई भारी कमी, गोल्ड रिजर्व बढ़ा

# विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट, तब भी बढ़ा सोने का भंडार

**मुंबई, एजेंसी।** इन दिनों शेयर बाजार सही नहीं चल रहा है। बीते सप्ताह शेयर बाजार में खूब उठा-पटक दिखी। भारतीय शेयर बाजारों में लगातार आठ सत्र तक गिरावट दिखी। साथ ही डॉलर के मुकाबले अपना रुपया भी कमजोर हुआ। इस वजह से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से कमी दिखी है। बीते 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने फॉरेन करेंसी एसेट में 4 अरब डॉलर से ज्यादा की कमी हुई है। हालांकि इसी सप्ताह सोने के भंडार में 2 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़ोतरी होने से कुल विदेशी मुद्रा भंडार में ज्यादा कमी नहीं हुई। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जबकि अपने विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। इसमें 396 मिलियनकी कमी हुई है। इससे पहले लगातार तीन सप्ताह तक इसमें बढ़ोतरी ही हुई थी।

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 24 सितंबर 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में



2.334 बिलियनकी कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 396 मिलियनकी कमी हुई थी। अब अपना भंडार घट कर 700.236 बिलियनका रह गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियनके रिकार्ड उच्चतम स्तर पर था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में भारी कमी हुई है। 26 सितंबर 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ में 4.393 बिलियनकी कमी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार घट कर 581.757 बिलियनरह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

इस समय दुनिया के लगभग सभी देश सोने की खूब खरीदारी कर रहा है। अपने यहां भी ऐसा हुआ है। तभी तो बीते सप्ताह अपने गोल्ड रिजर्व या स्वर्ण भंडार में खूब बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक बीते 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने सोने के भंडार में 2.238 बिलियनकी बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 360 मिलियन की बढ़ोतरी हुई थी।

## विदेशों निवेशकों के लिए नीति आयोग का सुझाव

**मुंबई, एजेंसी।** भारत ने विदेशी निवेशकों के लिए टैक्स व्यवस्था को और सरल और भरोसेमंद बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नीति आयोग ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि विदेशी कंपनियों के लिए अनुमानित कराधान योजना लागू की जाए। इस कदम का उद्देश्य निवेशकों को स्थिरता और स्पष्टता देना है ताकि भारत की ओर वैश्विक पूंजी का प्रवाह और तेज हो सके। नीति आयोग के कार्यपत्र में कहा गया कि यह वैकल्पिक योजना विदेशी कंपनियों को टैक्स विवादों से राहत देगी। इसमें स्थायी प्रतिष्ठान से जुड़े मामलों को आसान बनाया जाएगा और अनुपालन प्रक्रिया सरल होगी। यह योजना न केवल निवेशकों को भरोसा दिलाएगी बल्कि सरकार के राजस्व की सुरक्षा भी करेगी। आयोग ने कहा कि यह समाधान भारत के कराधान अधिकार और निवेशकों की सुविधा दोनों के बीच संतुलन बनाएगा। कार्यपत्र में बताया गया कि भारत में विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है लेकिन अस्पष्ट नियम और विवाद निवेशकों को असहज करते हैं। विशेषकर पीई रेगुलेशन की अस्पष्टता के कारण कई बार निवेशक असमंजस में रहते हैं। आयोग का मानना है कि अगर अनुमानित कराधान व्यवस्था लागू हो जाती है तो भारत की टैक्स व्यवस्था एक माइनफील्ड से बदलकर रोशनी से भरे रास्ते में बदल जाएगी, जिससे भारत की ग्लोबल बिजनेस इंडेक्स रैंकिंग में सुधार होगा। इस स्कीम के तहत विदेशी कंपनियां तय दर पर अपनी आय घोषित कर सकती हैं।

# सिर्फ 2,000 रुपये से 30 लाख का टर्नओवर...

● जैविक खाद ने बना दिया जीरो से हीरो ● डिमांड के साथ बढ़ाया प्रोडक्शन ● दूसरे किसानों को भी सिखा रहे गुर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओडिशा के नवरंगपुर जिले के जितेंद्र मोहराणा को गजब की कामयाबी मलिी है। महज 2,000 रुपये के छोटे निवेश से उन्होंने जैविक खाद बनाने का काम शुरू किया। इसे जितेंद्र ने एक सफल उद्यम में बदल दिया है। उनका छोटा-सा आइडिया अब 30 लाख रुपये का सालाना टर्नओवर दे रहा है। उनके वेंचर का नाम खुशी एग्रो है। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान यह काम शुरू किया था। उनका मकसद अपने बगीचे के लिए जैविक खाद बनाना था। लेकिन, जल्द ही उन्हें इसमें एक बड़ा अवसर दिखा। जितेंद्र का वेंचर आसपास के जिलों के साथ छत्तीसगढ़ तक जैविक खाद पहुंचाता है। इससे 15 से ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिलता है। आइए, यहां जितेंद्र मोहराणा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



शुरुआत में छोटे टैंकों में खाद बनाने वाले जितेंद्र ने बढ़ती मांग को देखते हुए जल्द ही आधुनिक तकनीकों को अपनाया। बड़े पैमाने पर खुले मैदान में उत्पादन शुरू कर दिया। उनकी खाद की खासियत यह है कि इसके लिए 90 प्रतिशत कच्चा माल स्थानीय गाय के गोबर से आता है। बाकी 10 प्रतिशत लकड़ी के चिप्स और सूखी पत्तियों को मिलाकर खाद को संरचनात्मक रूप से बेहतर बनाया जाता है। खुशी एग्रो नाम की अपनी फर्म बनाकर उन्होंने 1 किलो से लेकर 50 किलो तक की पैकेजिंग में वर्मीकम्पोस्ट को कालाहांडी, कोरापुट, बोलंगीर और यहां तक कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बाजारों तक पहुंचाया। इससे जितेंद्र के उत्पाद की विश्वसनीयता और गुणवत्ता दूर-दूर तक स्थापित हुई है। जितेंद्र मोहराणा की सफलता सिर्फ वित्तीय नहीं है। उन्होंने अपने गांव की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका फार्म अब 15 से ज्यादा पूर्णकालिक श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है। इनमें से कई पहले बेरोजगार थे।

### छोटे-से आइडिया ने खोली तरक्की की राह

जितेंद्र मोहराणा ओडिशा के नवरंगपुर जिले के झारिगांव से ताल्लुक रखते हैं। उनकी कहानी की शुरुआत बहुत छोटे से आइडिया से होती है। यह आगे चलकर 30 लाख रुपये के सालाना टर्नओवर वाले सफल वेंचर में बदल जाता है। जतिंद्र ने सिर्फ 2,000 रुपये के शुरुआती निवेश से जियाखात यानी वर्मीकम्पोस्ट बनाने की शुरुआत की थी। इसका मूल उद्देश्य केवल अपने किचन गार्डन को सहारा देना था। कोरोना महामारी के दौरान उन्हें इस काम में पर्याप्त समय मिला। उन्होंने महसूस किया कि यह टिकाऊ तरीका न केवल उनकी उपज की गुणवत्ता बढ़ा रहा है, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी एक बड़ा व्यावसायिक अवसर हो सकता है।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की

**मुंबई, एजेंसी।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडियरी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (''एलजीईआईएल'' या ''कंपनी'') ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की है। इसके प्रति ईक्विटी शेयर का मूल्य 1,080 रुपये से 1,140 रुपये होगा। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 06 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार तय की गई है। इस बिड/ऑफर की सदस्यता 07 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार से शुरू होगी और 09 अक्टूबर, 2025, दिन गुरुवार को समाप्त होगी। निवेशक कम से कम 13 ईक्विटी शेयर के लिए, और उसके बाद 13 ईक्विटी शेयर के गुणांक में बोली लगा सकेंगे। एम्प्लॉई रिज़र्वेशन पोर्शन के अंतर्गत बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति ईक्विटी शेयर 108 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा। एडवरटाईज़मेंट देखें, जो अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

### पारंपरिक बैंक जमा की बजाय पूंजी बाजार, म्यूचुअल फंड] अन्य निवेश विकल्पों की तरफ जा रहे हैं

# शेयर बाजार की वजह से बदला है मिजाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक वक्त ऐसा था जब लोग निवेश के लिए बैंकों का रुख करते थे लेकिन अब हालात बदलने लगे हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट कहती है कि अब लोग अपनी जमा-पूंजी को फिक्स्ड डिपॉजिट या सेविंग अकाउंट में नहीं रख रहे। इसके बजाय वे ज्यादा मुनाफा पाने के लिए पैसा शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड जैसे निवेशों में लगाने लगे हैं। क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि बैंकिंग प्रणाली में जमाओं की संरचना तेजी से बदल रही है। सावधि जमा में गिरावट और चालू एवं बचत खातों में शेष राशि की हिस्सेदारी कम होने से यह बदलाव और स्पष्ट हो रहा है। एजेंसी का मानना है कि यह रुझान बैंकों के लिए मध्यम से दीर्घावधि में बड़ी चुनौती बन सकता है, खासकर नकदी की तंगी या लिक्विडिटी संकट के समय।

### क्या कहा क्रिसिल ने

क्रिसिल के मुताबिक जमाकर्ताओं का रुझान अब हाई रिटर्न की ओर बढ़ रहा है। पारंपरिक बैंक जमा की बजाय लोग पूंजी बाजार, म्यूचुअल फंड और अन्य निवेश विकल्पों की तरफ जा रहे हैं। यही वजह है कि बैंकों की जमा वृद्धि पर दबाव पड़ रहा है। एजेंसी का कहना है कि यह बदलाव एक ओर जहां बैंकिंग प्रणाली की परिपक्वता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर जमा की स्थिरता को कमजोर भी कर सकता है।

आंकड़ों के अनुसार, जमा आधार में घरेलू क्षेत्र की हिस्सेदारी मार्च 2020 में 64 प्रतिशत थी, जो घटकर मार्च 2025 में 60 प्रतिशत रह गई है। क्रिसिल का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में घरेलू योगदान में और गिरावट देखने को मिल सकती है। इसका सीधा असर बैंकों की उधारी लागत पर पड़ेगा, क्योंकि उन्हें जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए अधिक ब्याज दरें देनी पड़ सकती हैं। बीते दिनों वित्त मंत्रालय की ओर से बैंकों से कासा जमा में सुधार लाने और एमएसएमई एवं कृषि क्षेत्र को ऋण देने में वृद्धि करने का आह्वान किया। इस मंत्रालय अधिकारी ने कहा कि कासा जमा में सुधार से बैंकों को अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को ऋण देने में भी मदद मिलेगी।

## पेनी स्टॉक दे रहा है 10 बोनस शेयर, रिकॉर्ड डेट का हो गया है ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** पेनी स्टॉक हर्षिल एग्रोटेक लिमिटेड ने बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी निवेशकों को 10 बोनस शेयर देगी। इसके लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान शनिवार को कर दिया गया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस स्टॉक के विषय में कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 32 शेयर पर योग्य निवेशकों को 10 शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 10 अक्टूबर की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन योग्य निवेशकों के पास इस दिन रहेंगे उन्हें बोनस इश्यू का फायदा होगा। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर हर्षिल एग्रोटेक लिमिटेड के शेयर 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 0.72 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 89 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 11.79 रुपये और 52 वीक लो लेवल 0.72 रुपये है।

चाइना ओपन 2025

## कोको गॉफ का सफर सेमीफाइनल में थमा, अमांडा एनिसिमोवा ने दी करारी शिकस्त



**बीजिंग(एजेंसी)।** अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ की चाइना ओपन में खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में उनकी हमवतन और तीसरी वरीय अमांडा एनिसिमोवा ने उन्हें 58 मिनट के भीतर सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से मात दी।

गॉफ, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन का खिताब जीता था, इस बार अपनी लय में नजर नहीं आईं और एनिसिमोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अमांडा ने शानदार सर्विस और बेसलाइन से ताकतवर शॉट्स खेलकर मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा।

इस जीत के साथ अमांडा एनिसिमोवा ने फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

गॉफ की इस हार से टूर्नामेंट का खिताबी समीकरण और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनिसिमोवा इस समय बेहतरीन फॉर्म में दिखाई दे रही हैं और फाइनल में उनके खेल पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान

## रोहित की जगह गिल को मिली वनडे टीम की कमान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तैयार है। भारतीय टीम का यह दौरा 19 अक्टूबर से 8 नवंबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को इस दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है।

### वनडे में शुभमन गिल को सौंपी कप्तानी

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम का ऐलान किया। इसमें सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि शुभमन गिल को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई है। गिल अब टेस्ट के साथ-साथ वनडे टीम के भी कप्तान होंगे। वहीं, रोहित शर्मा अब बतौर खिलाड़ी टीम में शामिल किए गए हैं। यह पहली बार है जब रोहित दिसंबर 2021 के बाद केवल बल्लेबाज की भूमिका में नजर आएंगे।

### रोहित-विराट की वापसी से बढ़ा जोश

रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों को वनडे टीम में फिर से मौका दिया गया है। दोनों दिग्गज आखिरी बार 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेले थे। लगभग सात महीने बाद ये दोनों स्टार खिलाड़ी टीम इंडिया की जर्सी में नजर आएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद यह भारत की पहली वनडे सीरीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि



दिसंबर 2020 के बाद टीम इंडिया पहली बार ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज खेलने जा रही है।

### वनडे सीरीज से जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को मिला आराम

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस दौरे की वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। वह इस समय वेस्टइंडीज सीरीज खेल रहे हैं, इसलिए यह फैसला लिया गया। वहीं, ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर लगी चोट से उबर रहे हैं और उन्हें भी बाहर रखा गया है। हार्दिक पंड्या भी चोट के चलते टीम से बाहर हैं।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की टीमें

वनडे टीम- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**टी20 टीम-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल वनडे सीरीज

19 अक्टूबर- पहला वनडे, पर्थ
23 अक्टूबर- दूसरा वनडे, एडिलेड
25 अक्टूबर- तीसरा वनडे, सिडनी

**टी20 सीरीज**

29 अक्टूबर- पहला टी20, कैनबरा
31 अक्टूबर- दूसरा टी20, मेलबर्न
2 नवंबर- तीसरा टी20, होबार्ट
6 नवंबर-चौथा टी20, गोल्ड कोस्ट
8 नवंबर- पांचवां टी20, ब्रिसबेन

इस दौरे में शुभमन गिल की कप्तानी, रोहित और विराट की वापसी, और टीम के नए चेहरों का प्रदर्शन, सभी की निगाहों का केंद्र रहेगा।

## रोहित शर्मा के सवाल पर अजीत अगरकर ने साफ किया -रोहित अब सिर्फ स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में खेलेंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट सीरीज के बाद अब वनडे क्रिकेट में भी भारत ने नए नेतृत्व की शुरुआत की है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने टी20 और वनडे के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे के लिए शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि रोहित शर्मा अब केवल स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में ही टीम में खेलेंगे। रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाया गया है या वो खुद पीछे हटे है इस पर कोइ स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन चयनकर्ता अजीत अगरकर के बयान से संकेत मिलता है कि उन्हें शायद कप्तानी से हटाया गया है। अगरकर ने कहा, तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग कप्तान रखना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। हमारा ध्यान आगामी टी20 विश्व कप पर है। गिल को एडजस्ट होने के लिए समय देना चाहते हैं।

### रोहित और विराट पूरी तरह फिट

अजीत अगरकर ने रोहित और विराट की फिटनेस पर भरोसा जताते हुए कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने टीम में शामिल होने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। हालांकि, दोनों 2027 वर्ल्ड कप तक खेलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं।

## ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई का बड़ा दांव, श्रेयस अय्यर को दी बड़ी जिम्मेदारी

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर लंबे समय बाद नीली जर्सी में वापसी करने जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई ने उन्हें न केवल टीम में शामिल किया है, बल्कि उप-कप्तानी की बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ हालिया शतक के बाद अय्यर को यह इनाम मिला है।

**शुभमन गिल के साथ अय्यर की नई भूमिका-** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है, जिसमें शुभमन गिल को कप्तान और श्रेयस अय्यर को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है जब अय्यर को वनडे टीम की उप-कप्तानी सौंपी गई है। पहले रोहित शर्मा वनडे कप्तान और गिल उप-कप्तान थे, लेकिन बीसीसीआई ने इस बार बड़ा फेरबदल किया है। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर पहली बार वनडे में एक साथ खेलते नजर आएंगे।

**ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ शतक-** श्रेयस अय्यर इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए की कप्तानी कर रहे हैं। पहले अनाधिकारिक वनडे में उन्होंने 83 गेंदों में 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 110 रनों की शानदार पारी खेली, जिसके दम पर इंडिया-ए ने 171 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, दूसरे मैच में वे बल्ले से नाकाम रहे, और ऑस्ट्रेलिया-ए ने 9 विकेट से जीत हासिल की। इस सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 5 अक्टूबर को खेला जाएगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन-** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मैचों की 5 पारियों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वे दूसरे स्थान पर रहे। इस प्रदर्शन ने उनकी वनडे टीम में वापसी का रास्ता साफ किया।

**अय्यर का वनडे करियर-** श्रेयस अय्यर ने अब तक भारत के लिए 70 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 65 पारियों में 48.22 की शानदार औसत से 2,845 रन बनाए हैं। उनके



नाम 5 शतक और 22 अर्धशतक दर्ज हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म और ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ हालिया प्रदर्शन ने उन्हें बीसीसीआई की नजर में और मजबूत किया है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे का महत्व-** 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज भारत के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह दौरा चैंपियंस ट्रॉफी की सफलता को आगे बढ़ाने और टीम के नए नेतृत्व को परखने का मौका देगा। अय्यर की उप-कप्तानी और गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है।

## अहमदाबाद टेस्ट में टीम इंडिया की शानदार जीत, वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेहमान टीम को पारी और 140 रनों से करारी शिकस्त दी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रवींद्र जडेजा ने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने शानदार शतक जड़ने के साथ-साथ वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में चार महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाए। दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।



**भारत की पहली पारी में विशाल स्कोर-** भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की। इस स्कोर में रवींद्र जडेजा के शतक ने अहम भूमिका निभाई। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी महज 162 रनों पर सिमट गई, जिससे भारत को 286 रनों की विशाल बढ़त हासिल हुई।

### वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में भी लचर प्रदर्शन

खेल के तीसरे दिन (4 अक्टूबर) लंच के बाद वेस्टइंडीज की दूसरी पारी केवल 146 रनों पर ढेर हो गई। मेहमान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 50 रन के अंदर ही उनके पांच विकेट गिर चुके थे। रवींद्र जडेजा ने जॉन कैम्पबेल (14 रन), ब्रैंडन किंग (5 रन) और शाई होप (1 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (8 रन) को आउट किया, जबकि चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कप्तान रोस्टन चेज को सस्ते में निपटाया।

पांच विकेट गिरने के बाद एलिक अथानाज (38 रन) और जस्टिन ग्रीव्स (25 रन) ने छठे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की, जो वेस्टइंडीज की पारी में सबसे बड़ी साझेदारी रही। हालांकि, इस साझेदारी के टूटते ही वेस्टइंडीज की हार तय हो गई।

## केएल राहुल का अनोखा रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट के 148 साल में पहली बार हुआ एसा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन 11वां टेस्ट शतक जड़ा और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज की। राहुल ने घरेलू मैदान पर 197 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 100 रन बनाए और शतक पूरा होते ही आउट हो गए।

इस पारी के साथ राहुल टेस्ट क्रिकेट के 148 साल में पहले बल्लेबाज बने, जिन्होंने एक ही कैलेंडर वर्ष में दो बार 100 रन पर आउट होने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले जुलाई में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में 100 रन बनाए थे। कुल मिलाकर, राहुल अब ऐसे सातवें खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने टेस्ट करियर में दो बार 100 रन पर आउट हुए।

यह शतक राहुल के लिए व्यक्तिगत तौर पर भी खास था। उन्होंने बताया कि यह जश्न उन्होंने अपनी बेटी के लिए मनाया। राहुल ने कहा, पिछले 5-6 हफ्तों से मैदान पर नहीं था, इसलिए वापस खेल की लय में आना, रन बनाना और लगातार 4-5 दिन खेलना शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। यह शतक मेरे परिवार और बेटी के लिए खास है।



भारत ने वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटी और फिर ध्रुव जुरेल (125) और रविंद्र जडेजा (104)* के शतकों की मदद से पांच विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की। इस तरह भारत ने 286 रन की बढ़त हासिल की और मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया।

राहुल के शतक और जडेजा-जुरेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अब वेस्टइंडीज़ को मुकाबला पलटने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

महिला वर्ल्ड कप

## आज पाकिस्तान के खिलाफ भारत आजमाएगा अपनी ताकत

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीमें इस रविवार वनडे विश्व कप 2025 में आमने-सामने होंगी। पिछले तीन रविवार को पुरुष टीमों के नाटकीय मुकाबलों के बाद अब यह मुकाबला कौशल के साथ भावनाओं की जंग भी होगा। भारत का रिकॉर्ड पाकिस्तान के मुकाबले बेहद मजबूत है । दोनों टीमों ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27 मुकाबले खेले, जिनमें भारत ने 24 और पाकिस्तान ने केवल 3 जीते हैं। वनडे में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 में से सभी मैच जीते हैं।

भारत ने टूर्नामेंट में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया, जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। भारत की नजर अब नेट रनरेट बेहतर करने पर है, जो टूर्नामेंट के अंतिम चरण में निर्णायक हो सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। पहले मैच में छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने 47 ओवर में 250 से अधिक रन बनाए।

भारत की ताकत उसकी बल्कि मजबूत बल्लेबाजी है, लेकिन पाकिस्तान जैसी टीम के खिलाफ बल्लेबाजों को और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान की चिंता उसकी बल्लेबाजी



रही, पहले मैच में उसके बल्लेबाज पूरी तरह संघर्ष में रहे। फातिमा सना और डायना बेग ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन स्कोर छोटा रहा।

### टीमें

भारत- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

पाकिस्तान- फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शावाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरूब शाह।

## संन्यास के बारे में नहीं सोच रही, मेरा ध्यान मानसिक मजबूती पर : तीरंदाज दीपिका कुमारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चार बार की ओलंपियन तीरंदाज दीपिका कुमारी ने संन्यास की योजनाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में देश के प्रतिनिधित्व के लक्ष्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के समय दीपिका की उम्र 34 साल हो जायेगी। उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि यह ओलंपिक में उनके लिए आखिरी मौका होगा ऐसे में उनकी मानसिकता 'करो या मरो' की होगी।



दीपिका ने यहां तीरंदाजी प्रीमियर लीग के शुरुआती दिन कहा, 'यह मेरे करियर का अंतिम चरण नहीं है। मैंने अभी इस बारे में फैसला नहीं किया है। मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी मौजूदा ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस

अनुभवी तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, 'मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे पहले भी टूर्नामेंट के अहम मैचों में अक्सर मानसिक रूप से परेशानी होती रही है, जिसकी वजह से परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आते थे। उन्होंने कहा, 'मैं विभिन्न तरह की परिस्थितियों को मन में सोच कर अभ्यास कर रही हूं, मानसिक प्रशिक्षण ले रहा हूं। मैं हर समय इस खेल के बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश में अब ऑटो और कैब ड्राइवर्स को हर साल मिलेंगे 15 हजार रुपये



**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू शनिवार को ऑटो ड्राइवरला सेवालो योजना का शुभारंभ करेंगे, जिसके तहत 2.9 लाख से अधिक पात्र ऑटो और कैब चालकों को सालाना 15,000 रुपये दिए जाएंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ऑटोरिक्शा, मोटर कैब और मैक्सी कैब चालकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का उद्घाटन विजयवाड़ा मध्य निर्वाचन क्षेत्र में किया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, नायडू कल ऑटो ड्राइवरला सेवालो (ऑटो चालकों की सेवा में) योजना का शुभारंभ करेंगे, जिसके तहत 2.9 लाख से अधिक ऑटो और कैब चालकों को सालाना 15,000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी लाभार्थी को पीछे न छोड़ा जाए, इसलिए एनडीए गठबंधन सरकार ने वित्तीय सहायता और लाभार्थियों की संख्या दोनों बढ़ाने का फैसला किया है। इस योजना के तहत 2.9 लाख से अधिक लाभार्थियों की पहचान की गई है और राज्य सरकार ने लाभ सीधे चालकों के खातों में हस्तांतरित करने के लिए 436 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इसकी तुलना पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार से करते हुए कहा कि उस सरकार ने 2.6 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को सालाना केवल 10,000 रुपये दिए, जिस पर लगभग 261 करोड़ रुपये खर्च हुए। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन सरकार ने इसका दायरा बढ़ाया है और वित्तीय सहायता में 50 प्रतिशत की वृद्धि की है। अधिकारियों के अनुसार, मौजूदा योजना में 2.2 लाख से ज़्यादा ऑटो चालक, लगभग 39,000 तिपहिया यात्री वाहन चालक, लगभग 20,000 मोटर कैब चालक और 6,400 मैक्सी कैब चालक शामिल होंगे, जिनमें से अकेले विशाखापत्तनम ज़िले में लगभग 23,000 लाभार्थी होंगे। हालांकि, यह वादा एनडीए गठबंधन के घोषणापत्र का हिस्सा नहीं था, नायडू ने कहा कि यह योजना ऑटो चालकों को हाल ही में शुरू की गई %स्त्री शक्ति% योजना से प्रभावित होने से बचाने के लिए बनाई गई है, जो राज्य भर में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा प्रदान करती है।

### दशहरा मनाते रह गए पुलिसकर्मी, जेल की दीवार फांदकर मर्डर के दो आरोपी फरार

**कटक, एजेंसी।** ओडिशा के कटक में एक जेल में दशहरा आयोजित करना पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। यहां हाई सिक्योरिटी वाली चौद्वार सर्कल जेल से दो कैदी दीवार फांदकर फरार हो गए। फरार होने वाले कैदियों की पहचान बिहार निवासी राजा साहनी और चंद्रकांत कुमार के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में जेल के मुख्य वार्डर और एक वार्डर को सस्पेंड कर दिया गया है। ओडिशा में जेल एवं सुधार सेवाओं के महानिदेशक सुशांत कुमार नाथ ने इस घटना के बाद शुक्रवार को जेल का दौरा किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा, मैंने ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में मुख्य वार्डन और एक वार्डन को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा चौद्वार पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और डीआईजी सेंट्रल रेंज को जांच सौंप दी है। हम अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कैदियों के भागने में जेल के कर्मचारियों का समर्थन था या नहीं। नाथ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि भागने के लिए कैदियों की कोठरियों की लोहे की छड़ें काट दी गई थीं। दोनों कैदियों ने दीवार पर चढ़ने के लिए कंबल को रस्सी की तरह इस्तेमाल किया था। फरार कैदियों के बारे में जानकारी देते हुए नाथ ने बताया कि दोनों कैदी विचाराधीन थे। दोनों को जनवरी में जाजपुर जिले में एक गहनों की दुकान में लूटपाट और दो व्यक्तियों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# जुबिन गर्ग मौत मामले में नया मोड़, साजिश और जहर देने का दावा

## सिंगापुर गए साथी की गवाही ने चौंकाया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मशहूर और लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले में नया ट्विस्ट आ गया है। उनकी बैंड के एक साथी ने गर्ग की मौत मामले में साजिश रचने और जहर देने के चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। सीएनएन-न्यूज 18 की एक रिपोर्ट में टीम के एक साथी की गवाही और उससे जुड़ी रिमांड नोट के हवाले से कहा गया है कि लोकप्रिय गायक के साथ साजिश रची गई थी और उनकी मौत पर पर्दा डालने की नाकाम साजिश हुई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले में मुख्य गवाह और एक बैंड सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी ने सिद्धार्थ शर्मा और श्यामकानु महंत नामक दो व्यक्तियों पर जुबिन गर्ग को जहर देने के आरोप लगाए हैं। गोस्वामी ने मामले की जांच कर रही स्ढ्ढञ्ज के सामने दावा किया कि विदेश का चयन इस हत्या को छिपाने और मौत को दुर्घटना का रूप देने के लिए किया गया था। विशेष जांच दल ने नार्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल आयोजन टीम के तीन सदस्यों से शुक्रवार को पूछताछ की थी, उनमें शेखर ज्योति




गोस्वामी भी शामिल रहे। गर्ग के साथ सिंगापुर गए इन तीनों लोगों को अदालत ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंड के सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी ने दावा किया है कि उन्होंने सिद्धार्थ शर्मा को सिंगापुर में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त देखा और आरोप लगाया कि शर्मा ने यॉट पर जबरन कब्ज़ा कर लिया था और जानबूझकर साथी यात्रियों को ख़तरे में डाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब जुबिन डूब रहे थे और संकट में थे, गायक के मुँह और नाक से झाग निकल रहा था, तब शर्मा को कथित तौर पर जाबो दे, जाबो दे (उसे जाने दो) चिल्ला रहे थे।

इतना ही नहीं गोस्वामी ने सिद्धार्थ शर्मा पर लापरवाही बरतने और इस मामले पर पर्दा डालने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गर्ग के मुंह से झाग निकलने जैसे गंभीर लक्षणों को देखकर भी उन्होंने तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मुहैया कराई और इसे सिर्फ एसिड रिफ्लक्स समझकर नजरअंदाज कर दिया। गोस्वामी का कहना है कि इस लापरवाही के कारण ही जुबिन की मौत जल्दी हो गई।

**जुबिन गर्ग एक तैराक थे:** गोस्वामी ने जोर देकर कहा कि जुबिन गर्ग एक कुशल तैराक थे और उनकी स्वाभाविक रूप से डूबने से मौत नहीं हो सकती थी, जिससे यह विश्वास और पुष्ट होता है कि उनकी मृत्यु आकस्मिक नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा ने कथित तौर पर नौका दुर्घटना का कोई भी वीडियो फुटेज किसी के साथ साझा नहीं करने का सख्त निर्देश दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, जब एसआईटी ने शर्मा से इन मसलों पर पूछताछ की तो शर्मा कथित तौर पर गायक के बीमार पड़ने से पहले उनके लिए की गई शराब की व्यवस्था के बारे में भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। गवाह का दावा है कि शर्मा ने तन्मय फुकन को ड्रिंक्स की व्यवस्था न करने का निर्देश दिया था, यह कहते हुए कि वह अकेले ही पेय पदार्थ उपलब्ध कराएँगे और कोई दूसरा इसमें दखल नहीं देगा।

## हिमाचल प्रदेश में इस साल दिसंबर तक हो सकते हैं पंचायती राज चुनाव

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इस साल दिसंबर तक पंचायती राज चुनाव हो सकते हैं और राज्य चुनाव आयोग द्वारा 15 अक्टूबर तक इन चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है। यह कहना है राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का, जिन्होंने शुक्रवार को राजधानी शिमला में पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी ये चुनाव पार्टी चुनाव चिन्हों पर नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा, पंचायती राज चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य चुनाव आयोग जल्द ही रोस्टर जारी करेगा। यह चुनाव दिसंबर 2025 में होना प्रस्तावित हैं और 15 अक्टूबर तक इन चुनावों का रोस्टर आने की संभावना है। उधर चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक पुनर्गठन को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में सिंह ने स्पष्ट किया कि चुनाव गैर-दलीय आधार पर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव पार्टी चिन्हों पर नहीं होते। इसलिए, संगठन का पुनर्गठन हो या न हो, इसका चुनावों पर कोई असर नहीं



पड़ता। इससे न तो चुनावों पर असर पड़ता है और न ही कोई फ़र्क़ पड़ता है। संगठन के बिना भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार मज़बूत प्रदर्शन करेंगे और पार्टी अपना दबदबा बनाए रखेगी। मंत्री ने शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रामीण खाद्य महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर ये बातें कहीं। ये दोनों घोषणाएं आगामी पंचायत चुनावों के लिए राज्य सरकार की तैयारियों के साथ-साथ सांस्कृतिक और आर्थिक पहलों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की उसकी कोशिशों को भी रेखांकित करती हैं। पिछले महीने की शुरुआत में, शिमला में पत्रकारों से बात करते हुए, सिंह ने स्पष्ट किया था कि पंचायती राज चुनावों का कांग्रेस कार्यसमिति के गठन से कोई संबंध नहीं है। सिंह ने कहा था, हिमाचल में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते।

## यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने सुनाया फैसला

**लास एंजिल्स , एजेंसी।** हॉलीवुड के जाने-माने रैपर सीन डिडी कॉम्ब्स को 4 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उनपर लगे यौन शोषण मामले की सुनवाई शुक्रवार को शुरू हुई थी। याचिकाकर्ता ने डिडी के खिलाफ सख्त सजा की मांग की थी। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि डिडी को 135 महीने की जेल हो सकती है।

सीन डिडी केस की सुनावई करने वाले जस्टिस अरुण सुब्रमण्यन भारतीय मूल के हैं। डिडी ने उन्हें पत्र लिखते हुए न सिर्फ अपना जुर्म कबूला था बल्कि सजा कम करने की भी मांग की थी।

रैपर सीन डिडी पर मानव तस्करी और रैकेट चलाने के भी आरोप लगे थे। हालांकि, इन आरोपों से उन्हें बरी कर दिया गया है। मगर, उनपर लगा यौन उत्पीड़न का केस सच साबित हुआ है, जिसपर सजा सुना दी गई है।

मैं अपनी पिछली गलतियों की सारी जिम्मेदारी लेता हूं। मेरी मति मारी गई थी। अगर मैं कहूं कि मुझे माफ कर दो, तो इससे पुराने घाव नहीं भरेंगे। मुझे अपने बर्ताव पर बेहद दुख है। मैं आपने एक और मौका चाहता हूं। कॉम्ब्स के वकील ने भी उनकी 11 साल की जेल को बदलकर 14 महीने तक करने की मांग की थी। बता दें कि, कॉम्ब्स पर लगे मानव तस्करी के आरोप अगर साबित होते, तो उन्हें उम्रकैद भी हो सकती थी। कैसी वेंचुरा नाम की एक महिला ने कॉम्ब्स पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वेंचुका का कहना है कॉम्ब्स के साथ 11 साल के रिलेशनशिप में उसे कई मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। वहीं, एक अन्य महिला के अनुसार 17 साल की उम्र में कॉम्ब्स समेत कई लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया था।

# ट्रंप की शांति योजना को हमास ने ठुकराया, कहा- जब फिलिस्तीन की गारंटी नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हमास को डेडलाइन दे दी है। ट्रंप ने सीजफायर को लेकर इजरायल-हमास के सामने 20 सूत्रीय योजना रखा है। ट्रंप की चेतावनी के बाद हमास ने इसमें हामी तो भर दी। लेकिन अब हमास के सैन्य प्रमुख इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने ट्रंप के 20 सूत्रीय सीजफायर प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है।

हमास सैन्य प्रमुख इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद का साफ-साफ कहना है कि जब तक उसे फिलिस्तीन देश की गारंटी नहीं मिलेगी, तब तक हमास किसी भी स्थिति में हथियार नहीं डालेगा। बीबीसी और अरब न्यूज की रिपोटों के अनुसार, इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने कतर में मौजूद वार्ताकारों को निर्देश भेजा कि वे इस समझौते से पीछे हट जाएं और इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखें.

गौरतलब है कि याह्या सिनवार और मोहम्मद सिनवार की मौत के बाद इज्ज अल दीन अल-हद्दाद को गाजा का कमांडर बनाया गया। इज्ज अल दीन



अल-हद्दाद वर्तमान में हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड्स के शीर्ष प्रमुख हैं। इनके बादे अभी 48 बंधकों और हमास की सैन्य रणनीति पर सीधा नियंत्रण है। जिसमें 20 लोगों के जिंदा होने की संभावना जताई जा रही है। यही वजह है कि अल दीन अल-हद्दाद की बातों का इतना महत्व है।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हमास को डेडलाइन देते हुए चेतावनी दी है कि अगर हमास ने समझौता नहीं माना तो उसका बहुत दुखद अंत होगा। डेडलाइन से पहले ही इजरायल ने दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया। नेतन्याहू सरकार ने कहा था कि अब गाजा सिटी में जो भी बचेगा, उसे आतंकी माना जाएगा। अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले ही हमास को चेतावनी दे दी गई है कि अगर वे शर्तों को नहीं मानते तो उन्हें पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। ऐसे में अगर हमास फिलिस्तीन देश की गारंटी मांगता है और उसे नहीं दी जाती है, तो युद्ध बंद नहीं होगा। अमेरिका और इजरायल हमास पर हमले करेंगे, जो हमास के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। गाजा में युद्ध विराम को लेकर ट्रंप के एक तरफा पीस प्लान के विरोध में कई देशों में प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रंप के इस फैसले का अमेरिका, तुर्किये, दक्षिण अफ्रीका और कई यूरोपीय देशों में लोग विरोध कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि ट्रंप की यह 20 सूत्रीय योजना एक अमेरिकी इजराइली दस्तावेज जैसी है, जिसमें फिलिस्तीनियों को शामिल किए बिना गाजा को लेकर फैसला लिया जा रहा है। यही वजह है कि हमास भी इस शर्त को मानने से मना कर रहा है।

# पीओके में खत्म होगा प्रदर्शन? पाकिस्तान सरकार का दावा, प्रदर्शनकारियों से समझौता हो गया


**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई दिन से जारी हिंसक प्रदर्शन के खत्म होने के संकेत मिले हैं। प्रदर्शनकारियों और संघीय सरकार ने आंदोलन समाप्त करने को लेकर शनिवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए। इन प्रदर्शनों में 10 लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधि निकाय जम्मू कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के अधिकारियों और नेताओं के बीच वार्ता विफल होने पर 29 सितंबर को शुरू हुई हड़ताल के दौरान हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने 38 बिंदुओं का एक ज्ञापन जारी कर अधिकारियों से उन्हें स्वीकार करने का आग्रह किया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा था कि अगर उसे स्वीकार नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने आखिरकार ऐसा ही किया। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से



हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। विरोध प्रदर्शनों में सैकड़ों पुलिसकर्मी और आम लोग घायल हुए। तनाव बढ़ता देख पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकालने के लिए बुधवार को उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मुजफ्फराबाद भेजा था। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में टीम ने लगातार दो दिन तक गहन चर्चा की। संसदीय कार्य मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, वार्ता प्रतिनिधिमंडल ने एक्शन कमेटी के साथ अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रदर्शनकारी अपने घरों को लौट रहे हैं। सभी सड़कें फिर से खोल दी गई हैं। यह शांति की जीत है। तारिक फजल चौधरी की ओर से एक्स पर साझा की गई समझौते की प्रति से पता चला है कि विरोध प्रदर्शन खत्म करने के लिए 25 बिंदुओं वाले विस्तृत दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें हिंसा में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा, हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं को लेकर आतंकवाद के आरोप में मामले दर्ज करना शामिल है। संघीय सरकार ने मुजफ्फराबाद और पुंछ संभागों के लिए दो अतिरिक्त इंटरमीडिएट व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि स्थानीय सरकार मरीजों के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने के लिए 15 दिन में धनराशि जारी करेगी। संघीय सरकार पीओके के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराएगी।

## डॉक्टरों की बड़ी गलती: मरीज का काट दिया प्राइवेट पार्ट!

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ऑपरेशन दौरान डॉक्टरों की भयानक गलती का ऐसा मामला सामने आया जिससे बवाल मच गया है। मामला अमेरिका के टेक्सास का है जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन दौरान मरीज का लिंग ही काट दिया। रिपोर्ट आने के बाद मरीज की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है और उसका गुस्सा सातवें आसमान पर है कि डाक्टर इतना बड़ी चूक कैसे कर सकते हैं।



यह मामला 2003 का है जब टेक्सास के हर्शेल रॉल्स ब्लैडर कैंसर का इलाज करवा रहे थे, लेकिन सर्जरी के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई। ऑपरेशन के तुरंत बाद उनकी पत्नी थेलेमा ने बताया कि डॉक्टरों ने उनके पति का पेनिस हटा दिया। रॉल्स यह सुनकर स्तब्ध और गुस्से से कांप उठे। रॉल्स और उनकी पत्नी का कहना है कि डॉक्टरों ने ऑपरेशन से पहले इस संभावना के बारे में कोई चेतावनी नहीं दी। थेलेमा ने कहा, कम से कम इतना तो बता सकते थे, ताकि हम पहले से सोच-समझकर फैसला ले पाते। सर्जन ने दावा किया कि उन्हें संदेह था कि कैंसर पेनिस तक फैल गया था, इसलिए उन्होंने तत्काल पेनिस हटाने का निर्णय लिया। पैथोलॉजी रिपोर्ट आने पर पता चला कि पेनिस टिश्यू पूरी तरह कैंसर-मुक्त था। इस मामले में दो डॉक्टरों जॉन एस. ड्राइडन और फरीद खौरी ने गलती मानने से इंकार किया। डॉक्टरों के वकील जोएल स्टीड ने कहा कि मरीज को पहले ही बताया गया था कि अगर कैंसर ब्लैडर से फैलता है, तो पेनिस हटाना पड़ सकता है।

# बाला साहेब के निधन के बाद उद्धव ने लिए थे अंगूठे के निशान: रामकदम

## बयान पर दो मंत्रियों का समर्थन

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना संस्थापक बाल साहेब ठाकरे की मृत्यु के लगभग 13 साल बाद उनकी चर्चा एक बार फिर से तेज है। दशहरा कार्यक्रम के दौरान बाला साहेब की मृत्यु पर बयान देकर चर्चा में आए शिवसेना शिंदे गुट के नेता राम कदम शुक्रवार को भी अपने इस दावे पर अड़े रहे कि बाल साहेब ठाकरे की मृत्यु की घोषणा से 2 दिन पहले ही उनकी मृत्यु हो गई थी। इस दौरान उनका शव मातोश्री में रखा रहा। पूर्व मंत्री राम कदम ने उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि बाला साहेब के निधन के बाद उद्धव ने उनकी अंगुलियों के निशान थे। कदम यहीं नहीं रुके उन्होंने उद्धव ठाकरे को चुनौती देते हुए कहा कि ठाकरे का और उनका नार्को टेस्ट कर लेना चाहिए, ताकि पता चल सके कि कौन झूठ बोल रहा है और कौन सच।



राम कदम को इस मामले में अब शिवसेना के बाकी साथियों का समर्थन भी मिल रहा है। महायुति सरकार में मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने भी रामकदम का समर्थन करते हुए कहा कि कदम द्वारा लगाए गए आरोपों में दम है। उन्होंने कहा, कदम द्वारा लगाए गए आरोप झूठे नहीं हैं लेकिन हम इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि इससे बाला साहेब की आत्मा को ठेस पहुंचेगी

शिरसाट ने दावा किया कि बाला साहेब की अंतिम संस्कार की तैयारी उनके निधन की घोषणा के दो दिन पहले से ही की जा रही थीं। उन्होंने कहा, मैं मातोश्री में था। पूर्व सांसद विनायक राउत (तब अविभाजित शिवसेना में) ने दो दिन पहले ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। (मुंबई) पुलिस आयुक्त ने पूछा कि क्या हुआ है। इसके बाद, तत्कालीन शिवसेना नेता दिवाकर रावते ने राउत द्वारा की गई (अंतिम संस्कार की) व्यवस्था हटा दी।

वहीं, दूसरी और भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे ने भी उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि उद्धव ने ही उन्हें बाला साहेब के अंतिम दिनों में उनसे मिलने नहीं दिया था। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे ने नारायण राणे को बाल ठाकरे के अंतिम दिनों में उनसे मिलने नहीं दिया। कदम ही बेहतर बता सकते हैं कि उन दो-तीन दिनों में वहां (मातोश्री में) क्या हो रहा था। हमें बस इतना पता है कि स्विट्जरलैंड से कोई आने वाला था और कुछ कागजों पर हस्ताक्षर के बाद (निधन) की घोषणा होनी थी। उन्होंने कहा कि जितनी देर उद्धव ठाकरे चुप रहेंगे, उतनी ही देर तक वह इन बातों को सही ठहराते रहेंगे। इसलिए उन्हें सामने आकर सच्चाई बतानी चाहिए। उद्धव ठाकरे के प्रमुख सहयोगी संजय राउत ने राम कदम पर पलटवार करते हुए उनके इस आरोप को दिवंगत नेता के साथ विश्वासघात करार दिया। उन्होंने कहा, ऐसे बयान देना बालासाहेब ठाकरे के साथ विश्वासघात है। शिवसेना नेता राम कदम ने दशहरे की एक रैली के दौरान यह दावा किया कि उद्धव ठाकरे ने अपने दिवंगत पिता के शव के साथ अमानवीय व्यवहार किया था। उन्होंने कहा, उनके निधन के बाद मैंने उद्धव जी से उनके चरणों के निशान लेने को कहा था। लेकिन उद्धव जी ने कहा कि उन्होंने उनकी हथेलियों के निशान लिए हैं।

## परी चौक को मिलेगा नया लुक

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी ।** ग्रेटर नोएडा की पहचान परी चौक का सौंदर्यीकरण कर उसे और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। फव्वारों की मरम्मत, नए पत्थर लगाने, दीवारों पर पेंटिंग और लैंडस्केपिंग (भूदृश्य निर्माण) सहित अन्य जरूरी कार्य कराए जा रहे हैं। यह काम अगले दो माह में पूरा हो जाएगा। परियों की मरम्मत का काम पहले ही किया जा चुका है। दरअसल नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और सूरजपुर-कासना मार्ग से होकर आवाजाही करने वाले लोग परी चौक से होकर गुजरते हैं। यह स्थान शहर का प्रवेश द्वार होने के साथ प्रमुख पहचान भी बन चुका है, लेकिन नियमित रूप से रखरखाव के अभाव में परी चौक की सुंदरता गायब हो गई है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने नए सिरे से सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना बनाई है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक उद्यान राकेश बाबू ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर परी चौक के सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। यहां पर पहले से लगे फव्वारों की मरम्मत कर कार्य तेजी से चल रहा है। परी चौक के चारों की तरफ दीवार को सही कर उस पर तरह-तरह की पेंटिंग की जाएगी। साथ ही फव्वारों के लिए बनाए गए तालाब में नए पत्थर लगाए जाएंगे। फव्वारों का नियमित रूप से संचालन किया जाएगा। मदद से लैंडस्केपिंग का सुंदर कार्य कराया जाएगा। परी चौक के चारों तरफ बड़े आकार के गमले रखकर हरियाली बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129